6. 1 मार्च 2023 – संस्थानीय एकेडमिक काउन्सिल में सदस्य के रूप में सहभाग किया।

7. 4-5 मार्च 2023 – "बुद्ध की धरती पर कविता" विषय पर प्रेमचन्द साहित्य संस्थान गोरखपुर तथा के.उ.ति.शि.सं. सारनाथ के संयुक्त इण्डरनेशनल सेमिनार में नोडल अधिकारी के दायित्व का निर्वाह किया।

शोध-प्रबन्ध मूल्याङ्कन एवं मौखिक परीक्षा (वायवा)

1. 22 अप्रैल 2022 – सं.सं.वि.वि., वाराणसी द्वारा प्राप्त "चातुर्वर्ण्यसंस्कृतिविमर्शः" शीर्षकीय शोध-प्रबन्ध का मूल्यांकन कर परीक्षण रिपोर्ट प्रेषित की।
2. 24 अप्रैल 2022 – श्री गुरुकार्ष्णि विद्याभवन दुर्गाकुण्ड, वाराणसी में संस्कृत भारती संस्था द्वारा आयोजित शलाका परीक्षा में मौखिक प्राश्निक परीक्षक का कार्य सम्पन्न किया।
3. 07 मई 2022 – डॉ. अनिर्वाण दाश सम्पादित संस्कृत-पालि धातुकोश का परिष्कार किया।
4. 10 मई 2022 – सं.सं.वि.वि., वाराणसी के पूर्वमीमांसा विभाग के पी-एच.डी. छात्र मृत्युञ्जय पाण्डेय के शोध वायवा परीक्षक का कार्य किया।
5. 22 अगस्त 2022 – बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी में संस्कृत प्रोफेसर पद की चयन प्रक्रिया में संस्कृत विषय-विशेषज्ञ का दायित्व निर्वाह किया।
6. 19 दिसम्बर 2022 – "बुद्धचरिताश्रितनाटके काव्यतत्त्वानि इति" शीर्षकीय शोधप्रबन्ध, संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी का परीक्षण कर रिपोर्ट आख्या प्रेषित की।
7. 26 दिसम्बर 2022 – सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी के शोधछात्र – 'पी-एच.डी.' का वायवा लिया।
8. 28 दिसम्बर 2022 – 'बोधिप्रभ' पत्रिका के लेखों का संशोधन किया।

सेमिनार

1. 21 जुलाई 2022 – वेदवाणी वितान केन्द्र, सतना म.प्र. में केन्द्रीय संस्कृत वि.वि., नई दिल्ली के सहयोग से आयोजित "भाषाविज्ञान एवं व्याकरण" विषयक कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में उद्घाटन भाषण किया।

2. 24-25 नवम्बर 2022 – श्री लालबहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नयी दिल्ली में आयोजित "सर्वदर्शनसंग्रह - अध्यापन" विषयक कार्यशाला में द्विदिवसीय ग्रन्थ शिक्षण, सहायक प्रोफेसर, सह प्रोफेसर व शोधछात्रों के लिये किया।
3. 15 फरवरी 2023 – गङ्गानाथ झा केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, आजाद पार्क प्रयागराज में आयोजित व्याकरण अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में शोधपत्र प्रस्तुत किया।
4. 4-5 मार्च 2023 – "बुद्ध की धरती पर कविता" विषयक इण्टरनेशनल सेमिनार के एक सत्र की अध्यक्षता के.उ.ति.शि.सं., सारनाथ में की।
5. 17 मार्च 2023 – श्री स्वामिनारायण मन्दिर भुज, कच्छ गुजरात में आयोजित विद्वत्संगोष्ठी में "शिक्षापत्र्यां नारीविमर्शः" पर शोध निबन्ध प्रस्तुत किया तथा एक सत्र की अध्यक्षता की।
6. विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन द्वारा आयोजित अखिल भारतीय कालिदास समारोह के अन्तर्गत राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी में "रघुवंशमहाकाव्ये पतिपत्नीविवाहपदानां प्रयोगस्थितिविमर्शः" विषय पर शोध निबन्ध प्रस्तुत किया।

शोध-निर्देशन

1. पासंग तेनजिन शोधछात्र के शोधकार्य का निर्देशन।
2. कोनछोक समडुप शोधछात्र के शोधकार्य का निर्देश व संशोधन।
3. ङवङ् ग्यलछन नेगी शोधछात्र के शोधकार्य का सहनिर्देशन।
4. लोब्सङ् छोडक शोधछात्र के शोधकार्य में सहनिर्देशन का दायित्व निर्वाह।
5. बुद्धा लामा शोधछात्र के शोधकार्य का मुख्य निर्देशन।
6. विमलमित्र शोधछात्र के शोधकार्य का मुख्य निर्देशन।

शोध-व्याख्यान

1. 4 अप्रैल 2022 – सन्त गणिनाथ पोस्ट ग्रेजुएट कालेज गोहना, मऊ (उ.प्र.) द्वारा आयोजित राष्ट्रिय संस्कृत शोध संगोष्ठी में अध्यक्ष के तौर पर व्याख्यान दिया।
2. 9 अगस्त 2022 – चातुर्वेद संस्कृत संस्थान, वाराणसी द्वारा आयोजित "संस्कृतसंस्थाप्रचारप्रमुखाणां परिचयः" विषयक व्याख्यानमाला में पं. वासुदेव द्विवेदी शास्त्री के संस्कृत प्रचार विषयक योगदान पर ऑनलाईन व्याख्यान दिया।
3. 12 अगस्त 2022 – श्री विनोद विहारी मेहतो कोयलाँचल विश्वविद्यालय धनबाद झारखण्ड में आयोजित संस्कृत संगोष्ठी में "संस्कृत की भाषावैज्ञानिक उपयोगिता" विषय पर व्याख्यान दिया।
4. 12 अगस्त 2022 – गया संस्कृत महाविद्यालय द्वारा आयोजित संस्कृत दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आनलाईन व्याख्यान दिया।
5. 15 अगस्त 2022 – श्री भगवानदास आदर्श संस्कृत महाविद्यालय, हरिद्वार उत्तराखण्ड में स्वतन्त्रता दिवस पर उपस्थित विद्यालय समूह के लिये संस्कृत वक्तव्य दिया।
6. 27 मार्च 2023 – श्री कालिकावेदान्त आश्रम सोनारपुरा, वाराणसी में वैदिक सम्मेलन के अन्तर्गत व्याख्यान दिया व सम्मान प्राप्त किया।

डॉ. अनिर्वाण दाश

1. आई.क्यू.ए.सी., के.उ.ति.शि.सं. के समन्वयक पद से नैक पियर टीम के दौरे पर सम्पूर्ण दायित्व का निर्वाह भली-भाँति निभाया।
2. राष्ट्रीय पाण्डुलिपि मिशन केन्द्र, नई दिल्ली के निदेशक पद पर डिपुटेशन अवकाश लेकर नवम्बर 2022 को कार्यभार ग्रहण किया।

(II) तिब्बती भाषा एवं साहित्य विभाग

(1) डॉ. ल्हक्पा छेरिंग - असिस्टेंट प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष

(2) श्री लोब्सङ् तोन्देन - अतिथि प्राध्यापक

शैक्षणिक गतिविधियां:

डॉ. ल्हक्पा छेरिंग

1. 28 अप्रैल 2022 : अखिल भारतीय रेडियो स्टेशन वाराणसी द्वारा पुस्तकालय के सम्मेलन कक्ष में तिब्बती भाषा और साहित्य पर मेजबान स्टेशन निदेशक, अखिल भारतीय वाराणसी के साथ चर्चा में भाग लिया।
2. 7 जून 2022 : शास्त्री भवन, नई दिल्ली में आयोजित सीआईएचटीएस की 24वीं सोसाइटी बैठक में भाग लिया।
3. 20-28 जून 2022 : कार्यालय, सीटीए निर्वासन सरकार के शिक्षा विभाग की शिक्षा परिषद और सलाहकार समिति के सदस्य के रूप में तिब्बत के तीन तिब्बती बस्तियों और चार स्कूलों में शिक्षा भ्रमण के लिए गए।
4. 20 जून 2022 : संभोता गोठनगांव स्कूल के अभिभावकों के लिए "बच्चों की शिक्षा और नैतिकता में माता-पिता कैसे सहयोग करें" पर व्याख्यान दिया और शिक्षा विभाग कार्यालय, सीटीए धर्मशाला के निर्देशानुसार स्कूल द्वारा बैठक आयोजित की गई।
5. 20 जून 2022 : संभोतो गोठनगांव स्कूल के शिक्षकों के लिए "निर्वासित तिब्बती की नई शिक्षा नीति का परिचय" पर व्याख्यान दिया और शिक्षकों के सवालों के जवाब भी दिए।
6. 20 जून 2022 : शिक्षण एवं विद्यालय पुस्तकालय, वाचनालय, कक्षा-कक्ष एवं छात्रावास आदि का निरीक्षण किया तथा विद्यार्थियों से भी चर्चा की।
7. 22 जून 2022 : मैनपाट संभोट स्कूल में अभिभावकों के लिए व्याख्यान दिया "पारिवारिक शिक्षा का महत्व और माता-पिता की भूमिका" बैठक का आयोजन विद्यालय की ओर से किया गया।
8. 23 से 24 जून 2022 : स्कूल के शिक्षकों के लिए "निर्वासित तिब्बती की नई शिक्षा नीति का परिचय" व्याख्यान दिया और शिक्षकों के सवालों के जवाब भी दिए तथा शिक्षण एवं विद्यालय पुस्तकालय, वाचनालय आदि का निरीक्षण किया तथा विद्यार्थियों से भी चर्चा की।
9. 27 जून 2022 : ओडिशा के चंद्रगिरि सम्भोट स्कूल के अभिभावकों को व्याख्यान दिया "युवाओं का समर्थन कैसे करें और बच्चों के जीवन में माता-पिता की भूमिका कैसे महत्वपूर्ण है और माता-पिता के सवालों के जवाब भी दिए।
10. 28 जून 2022 : स्कूल के शिक्षकों को व्याख्यान दिया और स्कूल की सभी सुविधाओं का निरीक्षण किया और प्रत्येक कक्षा के छात्रों से मुलाकात की।

11. अतिशा हॉल में सीआईएचटीएस के आईक्यूएसी द्वारा आयोजित 4वें छात्र अभिमुखीकरण पर व्याख्यान दिया।
12. 4 जुलाई 2022 : अनाथपिंडद गेस्ट हाउस में IQAC द्वारा आयोजित CIHTS के डीन और प्रमुखों की IQAC बैठक में भाग लिया।
13. 13-15 जुलाई 2022 : अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान नई दिल्ली में बीएसआरएमएस कार्यक्रम के प्रथम पेशेवर के लिए आयोजित पाठ्यक्रम निर्धारण कार्यशाला में भाग लिया।
14. 26-28 जुलाई 2022 : पीएच.डी. दलाई लामा कॉलेज, बैंगलोर की प्रगतिशील बैठक में भाग लिया।
15. 30-31 जुलाई 2022 : राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया।
16. 31 जुलाई 2022 : "तिब्बती भाषा का महत्व और इसकी सीखने की विधि" विषय पर व्याख्यान दिया और अमम आईक्यूएसी, सीआईएचटीएस द्वारा आयोजित संस्थान के फ्रेशर्स इंडक्शन प्रोग्राम पर प्रश्न का उत्तर दिया।
17. 6 नवंबर 2022 : सीआईएचटीएस के पूर्व छात्र संघ द्वारा तिब्बती और हिमालयी अध्ययन (सामान्य साहित्य) पर आयोजित सीआईएचटीएस सारनाथ पूर्व छात्रों के दूसरे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में अध्यक्ष के रूप में भाग लिया।
18. 11 नवंबर 2022 : अतिशा हॉल में श्रेष्ठ सरकार व सर्वोत्तम प्रथाओं के राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया, जो सीआईएचटीएस द्वारा आयोजित किया गया।
19. 18 दिसंबर 2022 : दलाई लामा कॉलेज के एमए छात्रों के लिए उनकी कक्षा में संबंधित शिक्षक और छात्रों द्वारा आयोजित भाषाविज्ञान पर एक व्याख्यान दिया गया।
20. 25 दिसंबर 2022 : दलाई लामा कॉलेज बेंगलुरु में शोध छात्रों की एक बैठक में व्याख्यान दिया गया और सवालों के जवाब दिए गए।
21. 19 जनवरी 2023 : कक्षा शिक्षक और छात्रों द्वारा संबंधित कक्षा में संस्थान के वरिष्ठ छात्रों की व्याख्यान प्रतियोगिता में व्याख्यान दिया गया।
22. 29 जनवरी 2023 : मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया और सीआईएचटीएस और बीएचयू के छात्रों द्वारा बीएचयू में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय विनिमय कार्यक्रम में सीआईएचटीएस के इंटर-कॉलेज के छात्रों के लिए एक व्याख्यान दिया।
23. 10 फरवरी 2023 : सीटीए धर्मशाला के टीडब्ल्यूओ द्वारा लाइब्रेरी हॉल में आयोजित एक दिवसीय महिला सशक्तिकरण कार्यशाला में भाग लिया।
24. 12 फरवरी 2023 : सीआईएचटीएस के एसडब्ल्यूए द्वारा एपी गेस्ट हाउस में आयोजित शिविर के दौरान सीआईएचटीएस के वरिष्ठ छात्रों के लिए सम्माननीय तिब्बती भाषा पर व्याख्यान दिया गया।
25. 2-7 मार्च 2023 : सीआईएचटीएस, सारनाथ के सोवरिग्पा द्वारा आयोजित सोवारिग्पा हॉल में बीएसआरएमएस प्रथम वर्ष के छात्रों की कार्यशाला में तिब्बती भाषा और साहित्य पर पांच व्याख्यान दिए।

(III) प्राच्य एवं आधुनिक भाषा विभाग

(1) प्रो. धर्मदत्त चतुर्वेदी - विभागाध्यक्ष
(2) डॉ. अनुराग त्रिपाठी - असिस्टेंट प्रोफेसर (हिन्दी)
(3) डॉ. ज्योति सिंह - असिस्टेंट प्रोफेसर (हिन्दी)
(4) डॉ. अनिमेष प्रकाश - असिस्टेंट प्रोफेसर (पालि)

(5) डॉ. महेश शर्मा - असिस्टेंट प्रोफेसर (अंग्रेज़ी)
(6) डॉ. रविरञ्जन द्विवेदी - अतिथि प्राध्यापक (पालि)
(7) डॉ. जसमीत गिल - अतिथि प्राध्यापक (अंग्रेज़ी)

विभागीय गतिविधियाँ-

1. 5 जुलाई 2022 – "परमपावन 14वें दलाई लामा के दर्शन और कार्य" विषय पर एक दिवसीय आनलाईन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
2. 6 जुलाई, 2022 – केन्द्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान में "परमपावन 14वें दलाई लामा के 87वें जन्मदिन पर सार्वभौमिक उत्तरदायित्व" विषयक एकदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।
3. 16-23 अगस्त 2022 – 'शुद्ध हिन्दी' विषय पर सात दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में प्रो. बाबूराम त्रिपाठी, प्रो. रामसुधार सिंह, प्रो. श्रद्धानन्द, डॉ. अनुराग त्रिपाठी, डॉ. ज्योति सिंह एवं डॉ. सुशील कुमार सिंह ने व्याख्यान दिये।

4. 11 दिसम्बर 2022 – स्वतन्त्रता की 75वीं वर्षगाँठ के अवसर पर आजादी के अमृत महोत्सव के क्रम में "एक भारत श्रेष्ठ भारत" की भावना के अनुरूप महाकवि सुब्रह्मण्यम् भारती की जयंती के शुभ अवसर पर 11 दिसम्बर को भारतीय भाषा उत्सव मनाया गया। उक्त अवसर पर मेरी भाषा मेरा हस्ताक्षर अभियान चलाया गया एवं "भारत के विकास में भारतीय भाषाओं का योगदान" विषय पर संगोष्ठी एवं काव्यपाठ का आयोजन किया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए शब्दविद्या संकाय के अध्यक्ष प्रो. धर्मदत्त चतुर्वेदी ने कहा कि भारत की समस्त भाषाओं की जननी संस्कृत है और हम सभी लोगों को कम से कम दो भाषाओं का ज्ञान आवश्यक है। मुख्य वक्ता प्रो. रामसुधार सिंह, पूर्व अध्यक्ष हिन्दी विभाग, उदय प्रताप स्वायत्तशासी कालेज, वाराणसी ने कहा कि अपनी मातृभाषा के साथ-साथ अधिक से अधिक भाषा सीखने के लिए विश्वविद्यालय में अनुकूल वातावरण बनाने और पड़ोसी भाषा के प्रति प्रेम और आनन्द की अनुभूति के लिए भाषाई सौहार्द विकसित करने की आवश्यकता है। मुख्य अतिथि संस्थान के कुलसचिव डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने कहा कि महाकवि सुब्रह्मण्यम भारती आधुनिक तमिल साहित्य के अग्रदूत हैं। उनकी रचनाओं ने देशभक्ति और राष्ट्रवाद जगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। संस्थान के छात्र-छात्राओं ने अपनी भाषा में काव्य-पाठ किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनुराग त्रिपाठी और धन्यवाद डॉ. शुचिता शर्मा एवं डॉ. ज्योति सिंह ने स्वागत किया। डॉ. सुशील कुमार सिंह, डॉ. उमाशंकर शर्मा, डॉ. प्रशान्त कुमार मौर्य, डॉ. रविरंजन द्विवेदी, डॉ. कृष्णा पाण्डेय, श्री दीपंकर, श्री सर्वजित सिंह, श्री एम. एल. सिंह आदि उपस्थित थे।

5. 23 जनवरी - 23 फरवरी 2023 – केन्द्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान के 80 छात्रों के लिए "अंग्रेजी भाषा, भाषा विज्ञान और फोनेटिक्स" विषय पर 30 घण्टे का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

6. 4-5 मार्च 2023 – प्रेमचन्द साहित्य संस्थान गोरखपुर तथा प्राच्य एवं आधुनिक भाषा विभाग, केन्द्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान के संयुक्त तत्त्वावधान में "बुद्ध की धरती पर कविता" विषयक दो दिवसीय अन्तरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। 4 मार्च 2023 को संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र में 'संवाद पुरुष बुद्ध' विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए मुख्य अतिथि प्रो. राधा वल्लभ त्रिपाठी ने कहा कि संवाद से बड़ी से बड़ी समस्या का समाधान हो सकता है, शांति स्थापित हो सकती है। बुद्ध ने भी लोगों से संवाद कर तमाम समस्याओं को सुलझाया था। संवाद टूटने से अहंकार उत्पन्न होता है। यह विषमताओं की जड़ है। बुद्ध का मार्ग ही विश्व में शांति स्थापित कर सकता है। विशिष्ट अतिथि प्रो. आनन्द कुमार ने कहा कि वर्तमान में सद्भावना का क्षरण हो रहा है। इसकी वजह से द्वेष व घृणा उत्पन्न हो गये हैं। इसका निराकरण बुद्ध की मैत्री व करुणा से ही सम्भव है। संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे प्रो. वांगछुग दोर्जे नेगी ने कहा कि करुणा, मैत्री व प्रेम द्वारा सम्पूर्ण विश्व में समरसता व शांति

स्थापित हो सकती है। स्वागत प्रो. सदानन्द शाही, संचालन डॉ. रामसुधार सिंह व धन्यवाद ज्ञापन संस्थान के कुलसचिव डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने किया। संगोष्ठी में प्रो. संध्या सिंह, नेशनल विश्वविद्यालय, सिंगापुर, प्रो. अवधेश प्रधान, प्रो. धर्मदत्त चतुर्वेदी कार्यक्रम नोडल अधिकारी, प्रो. हरीश त्रिवेदी, प्रो. अरुण कमल, डॉ. शुचिता शर्मा, डॉ. अनुराग त्रिपाठी, डॉ. ज्योति सिंह, डॉ. सुशील कुमार सिंह, डॉ. रघुवंश मणि आदि ने विचार व्यक्त किये। नरेश सक्सेना की अध्यक्षता में अरुण कमल, मदन कश्यप, स्वप्निल श्रीवास्तव, राजेश मल, उषा रानी राव, बृजराज सिंह ने काव्यपाठ किया।

डॉ. अनुराग त्रिपाठी

कार्यशाला/संगोष्ठी में सहभागिता एवं शोध-पत्र प्रस्तुति-

1. 16-23 अगस्त 2022 – 'शुद्ध हिन्दी' विषय पर सात दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया।
2. 26 सितम्बर से 1 अक्टूबर 2022 – केन्द्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान में राजभाषा सप्ताह समारोह का आयोजन किया।
3. 19-20 नवम्बर, 2022 – अखिल भारतीय इतिहास संकलन पश्चिम बंगाल द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में "स्त्री विमर्श और महिला उपन्यासकार" विषय पर शोधपत्र प्रस्तुत किया।
4. 11 दिसम्बर, 2022 – स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगाँठ के अवसर पर आजादी के अमृत महोत्सव के क्रम में "एक भारत श्रेष्ठ भारत" की भावना के अनुरूप महाकवि सुब्रह्मण्यम् भारती की जयंती के शुभ अवसर पर मेरी भाषा मेरा हस्ताक्षर अभियान एवं "भारत के विकास में भारतीय भाषाओं का योगदान" विषय पर संगोष्ठी एवं काव्यपाठ का आयोजन किया।

5. 14-16 जनवरी, 2023 – उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान लखनऊ, साहित्य अकादमी, नई दिल्ली एवं लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय, चन्दौली के सहयोग से विद्याश्री न्यास द्वारा आयोजित "मध्यकालीन कविता : अवधारणाओं का पुनराविष्कार" विषयक तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में "मध्यकालीन कविता में राष्ट्रीय एवं सांस्कृतिक चेतना" विषय पर शोध-पत्र प्रस्तुत किया।
6. 4-5 मार्च, 2023 – प्रेमचन्द साहित्य संस्थान गोरखपुर तथा प्राच्य एवं आधुनिक भाषा विभाग, केन्द्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान, सारनाथ, वाराणसी के संयुक्त तत्त्वावधान में आयोजित "बुद्ध की धरती पर कविता" विषयक दो दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में "आधुनिक हिन्दी कविता और बौद्धधर्म" विषय पर शोध-पत्र प्रस्तुत किया।
7. 28 मार्च, 2023 – अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में केन्द्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान, सारनाथ, वाराणसी में "प्रौद्योगिकी और डिजिटल शिक्षा के विकास में महिलाओं का योगदान" विषय पर व्याख्यान आयोजित किया।

प्रकाशन-

1. "भारतीय संस्कृति का संवाहक - इण्डोनेशिया" (यात्रा-साहित्य) डॉ. योगेन्द्रनाथ शर्मा द्वारा सम्पादित पुस्तक डॉ. निशंक का साहित्य सृजन, मनन एवं मूल्यांकन अनंग प्रकाशन, नई दिल्ली, 2022 में प्रकाशित, आई.एस.बी.एन.- 978-93-80845-24-1
2. "राष्ट्रीय आन्दोलन के दौरान हिन्दी का राष्ट्रभाषा के रूप में योगदान" – डॉ. ओकेन्द्र द्वारा सम्पादित पुस्तक, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020, जे.टी. एस. प्रकाशन, नई दिल्ली 2023 में प्रकाशित, आई.एस.बी.एन.- 978-93-5912782-8
3. "तिब्बत में वर्तमान सांस्कृतिक शैक्षणिक परिदृश्य" – डॉ. सचिन श्रीवास्तव एवं डॉ. रवि कुमार गौड़ द्वारा सम्पादित पुस्तक तिब्बत वर्तमान परिदृश्य एवं जन-भविष्य, अनंग प्रकाशन, नई दिल्ली 2023 में प्रकाशित, आई.एस.बी.एन.- 978-93-91881-42-9

समिति के सदस्य-

(क) सदस्य सचिव, राजभाषा कार्यान्वयन समिति, के.उ.ति.शि.सं., सारनाथ, वाराणसी।

(ख) सदस्य, वार्षिक रिपोर्ट समिति, के.उ.ति.शि.सं., सारनाथ, वाराणसी।

(ग) सदस्य, वेबसाईट समिति, के.उ.ति.शि.सं., सारनाथ, वाराणसी।

(घ) सदस्य, शोध एवं विकास प्रकोष्ठ, के.उ.ति.शि.सं., सारनाथ, वाराणसी।

(ङ) सदस्य, विद्वत परिषद, के.उ.ति.शि.सं., सारनाथ, वाराणसी।

डॉ. ज्योति सिंह

कार्यशाला/संगोष्ठी में सहभागिता एवं शोध-पत्र प्रस्तुति-

1. 16-23 अगस्त, 2022 – 'शुद्ध हिन्दी' विषय पर सात दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया।
2. 14-16 जनवरी, 2023 – उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान लखनऊ, साहित्य अकादमी, नई दिल्ली एवं लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय, चन्दौली के सहयोग से विद्याश्री न्यास द्वारा आयोजित "मध्यकालीन कविता : अवधारणाओं का पुनराविष्कार" विषयक तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में "मध्यमकालीन कविता में राष्ट्रीय एवं सांस्कृतिक चेतना" विषय पर शोध-पत्र प्रस्तुत किया।

3. 4-5 मार्च, 2023 – प्रेमचन्द साहित्य संस्थान गोरखपुर तथा प्राच्य एवं आधुनिक भाषा विभाग, केन्द्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान, सारनाथ, वाराणसी के संयुक्त तत्त्वावधान में आयोजित "बुद्ध की धरती पर कविता" विषयक दो दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में "आधुनिक हिन्दी कविता और बौद्धधर्म" विषय पर शोध-पत्र प्रस्तुत किया।

संस्थानीय अन्य जिम्मेदारियां-

1. यौन उत्पीड़न प्रकोष्ठ के अध्यक्ष
2. सदस्य अनुसूचित जाति/जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग अनुपालन
3. सदस्य वार्षिक रिपोर्ट समिति
4. सदस्य पुस्तक चयन समिति
5. संपादन समिति 'बोधिप्रभ' पत्रिका के सदस्य, राजभाषा कार्यान्वयन समिति, के.उ.ति.शि.सं., सारनाथ, वाराणसी।
6. जर्नल 'द इटरनिटी' (एक अंतर्राष्ट्रीय बहु-विषयक शोध पत्रिका) के समीक्षा बोर्ड के सदस्य।

डॉ. अनिमेष प्रकाश

प्रकाशन (जर्नल में शोध-पत्र)

प्रकाश अनिमेष.(2022). गच्छ गच्छ कोरोना त्वं वीसपूरे निघातिके.महाबोधि.131.79.ISSN: 0025- 0406.

आमन्त्रित व्याख्यान

1. सुभारती विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित "बौद्ध धर्म के परिप्रेक्ष्य में पालि और संस्कृत की प्रासंगिकता" विषयक राष्ट्रिय संगोष्ठी, मई 16, 2022
   प्रपत्र का विषय: ट्रांसलेशंस एंड ट्रांसलेटर्स ऑफ़ पालि इन तिब्बत
2. पार्श्वनाथ विद्यापीठ, बी॰एच॰ यू॰ द्वारा आयोजित "भारतीय संस्कृति में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की अवधारणा" विषयक राष्ट्रिय संगोष्ठी, नवम्बर 11, 2022
   प्रपत्र का विषय: सम रिफ्लेक्शन ऑन द आईडिया और नेशनलिज़्म इन पालि लिटरेचर

अन्य सहभागिता

1. 17-18 जुलाई, 2022 : ओबेरॉय शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान, संयुक्त राज्य अमेरिका से दौरे पर आए समूह के लिए बौद्ध-धर्म पर ओरिएंटेशन कार्यक्रम में "थेरवाद परंपरा" पर दो व्याख्यान, केन्द्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान, सारनाथ।
2. 31 अगस्त - 01 सितम्बर, 2022 : प्रोफेसर एन॰के॰ भागवत स्मृति व्याख्यान, पालि विभाग, मुम्बई विद्यापीठ, मुम्बई।
3. 06-12 जनवरी, 2023 : सी॰आई॰एच॰टी॰एस॰, सारनाथ और द फाइव कॉलेज कंसोर्टियम, यू॰एस॰ए॰ के बीच 30वें विनिमय कार्यक्रम में "थेरवाद अध्ययन" पर तीन व्याख्यान, केन्द्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान, सारनाथ।

अन्य क्रियाकलाप

शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के स्वयं (SWAYAM) पोर्टल पर MOOC के लिए छः मॉड्यूल तैयार

बौद्ध दर्शन MOOC

क. कांसेप्ट ऑफ़ निर्वाण एण्ड द पाथ लीडिंग टू निर्वाण

अभिधम्म (पालि) MOOC

क. मटेरियल क्वालिटी (रूप) इन थेरवाद अभिधम्म
ख. द फोरजनरेटिंग प्रिंसिपल्स एण्ड ग्रुपिंग ऑफ़ मटेरियल क्वालिटी
ग. निब्बान इन थेरवाद अभिधम्म
घ. मोरालिटी इन थेरवाद बुद्धिज्म
ङ. कांसेंट्रेशन इन थेरवाद बुद्धिज्म

डॉ. महेश शर्मा

1. 2022-23 - अंग्रेजी शिक्षण में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पीजीडीटीई), अंग्रेजी और विदेशी भाषा विश्वविद्यालय, हैदराबाद से 'ए' ग्रेड के साथ एक वर्षीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम (ध्वन्यात्मकता, भाषाविज्ञान, भाषा और साहित्य का परीक्षण, भाषा शिक्षण के सिद्धांत और शैलीविज्ञान में विशेषज्ञता)।
2. 6 जुलाई 2022 - सीआईएचटीएस में परमपावन 14वें दलाई लामा के 87वें जन्मदिन पर एक दिवसीय "सार्वभौमिक उत्तरदायित्व" संगोष्ठी का आयोजन किया गया।
3. 5 जुलाई 2022 - "परम पावन 14वें दलाई लामा के दर्शन और कार्य" विषय पर एक दिवसीय ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया।
4. 29 अगस्त-4 सितंबर 2022 - एक सप्ताह का ऑनलाइन संकाय विकास कार्यक्रम मानव संसाधन विकास मंत्रालय और पीएमएमएनएमटीटी के सहयोग से टीचिंग लर्निंग सेंटर, रामानुजन कॉलेज (दिल्ली विश्वविद्यालय) द्वारा ए ग्रेड के साथ "एनईपी-2020, उच्च शिक्षा में नए रुझान" का आयोजन किया गया।
5. 26 सितंबर 2022 - एमएमवी, बीएचयू, वाराणसी द्वारा आयोजित 'पाठ और संदर्भ: साहित्यिक अध्ययन में पढ़ना और लेखन कौशल' में 'साहित्यिक सिद्धांत को समझना' विषय पर एक पूर्ण व्याख्यान दिया।
6. 26 सितंबर 2022 - ऐलिस बोनर इंस्टीट्यूट, वाराणसी द्वारा आयोजित 'लॉन्ग नाइट ऑफ लिटरेचर्स' में पुर्तगाली लेखिका डोरा नून्स गागो के साथ एक इंटरैक्टिव सत्र का संचालन किया।
7. 27 सितंबर 2022 - एमएमवी, बीएचयू, वाराणसी द्वारा आयोजित पाठ और संदर्भ में "साहित्यिक और सांस्कृतिक ग्रंथों पर सिद्धांत लागू करना" : साहित्यिक अध्ययन में पढ़ना और लिखना कौशल पर एक पूर्ण व्याख्यान दिया गया।
8. 20 दिसंबर 2022 - 04 जनवरी 2023 - ब्रिटिश काउंसिल, लंदन द्वारा "साहित्य के माध्यम से अंग्रेजी शिक्षण" में अंग्रेजी शिक्षण का 12 घंटे का ऑनलाइन व्यावसायिक विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम।
9. 2-16 जनवरी 2023 - मानव संसाधन विकास मंत्रालय और पीएमएमएनएमटीटी के सहयोग से टीचिंग लर्निंग सेंटर, रामानुजन कॉलेज (दिल्ली विश्वविद्यालय) द्वारा आयोजित ए+ ग्रेड के साथ "अंग्रेजी अध्ययन और रुझान" पर दो सप्ताह का ऑनलाइन पुनश्चर्या पाठ्यक्रम पूरा किया गया।
10. 2-8 जनवरी 2023 - मानव संसाधन विकास मंत्रालय और पीएमएमएनएमटीटी के सहयोग से टीचिंग लर्निंग सेंटर, रामानुजन कॉलेज (दिल्ली विश्वविद्यालय) द्वारा आयोजित ए ग्रेड के साथ "शैक्षणिक अनुसंधान लेखन" पर एक सप्ताह का ऑनलाइन संकाय विकास कार्यक्रम।
11. 18 जनवरी 2023 - भारतीय ज्ञान प्रणाली विशेष व्याख्यान शृंखला के रूप में प्रोफेसर जे. गारफील्ड द्वारा "अभिनवगुप्त और दया कृष्ण के बीच : अन्य दिमागों पर केसी भट्टाचार्य" पर एक पूर्ण व्याख्यान का आयोजन किया गया।

12. 23 जनवरी - 23 फरवरी 2023 – के.उ.ति.शि.सं. (80 छात्र) के छात्रों के लिए "अंग्रेजी भाषा, भाषाविज्ञान और फोनेटिक्स" पर 30 घंटे का पाठ्यक्रम आयोजित किया गया।
13. 22-25 जनवरी 2023 - सोवा-रिग्पा इंडक्शन प्रोग्राम में तीन व्याख्यान दिए।
14. 14 फरवरी 2023 - एसडब्ल्यूए, के.उ.ति.शि.सं. द्वारा आयोजित 'महामारी के दर्शन' पर व्याख्यान दिया गया।
15. 15 मार्च 2023 - आईक्यूएसी, वसंता कॉलेज, वाराणसी में एसएसआर की तैयारी के लिए प्रशिक्षण व्याख्यान दिया गया।

प्रकाशन

1. इंटरनेशनल जर्नल ऑफ़ ट्रेंड्स इन इंग्लिश लैंग्वेज एंड लिटरेचर, एक इंटरनेशनल पीयर-रिव्यूड इंग्लिश जर्नल में "वर्तमान महामारी और कक्षा विश्लेषण सिद्धांतों की बदलती भूमिका"; आईएसएसएन: 2582-8487, खंड-3, अंक-3; जून 2022।
2. इंटरनेशनल पीयर-रिव्यूड इंग्लिश जर्नल रिसर्च जर्नल ऑफ इंग्लिश में "नई आलोचना और शैलीविज्ञान का शैक्षणिक निहितार्थ", प्रभाव कारक: 6.67 (एसजेआईएफ), आईएसएसएन: 2456-2696, वॉल्यूम-7, अंक-3, जुलाई 2022, 137-145।
3. लिटरेरी हेराल्ड में "तिब्बती अंग्रेजी कक्षा के लिए दृष्टिकोण और महत्वपूर्ण शिक्षाशास्त्र का संश्लेषण": एक अंतर्राष्ट्रीय रेफरीड/पीयर-समीक्षित अंग्रेजी ई-जर्नल, आईएसएसएन: 2454-3365, प्रभाव कारक : 6.292, खंड 8, अंक 2, अगस्त 2022।
4. राष्ट्रीय सहकर्मी-समीक्षा पत्रिका द क्रिएटिव लॉन्चर, वॉल्यूम में "एप्लाइड स्टाइलिस्टिक्स के क्षेत्र में सॉसर और जैकबसन का पुनर्मूल्यांकन"। 7 और अंक 4, आईएसएसएन एन0-2455-6580, अगस्त 2022।
5. आर.के. में उत्तर औपनिवेशिक शैली नारायण की 'ए हॉर्स एंड टू गोट्स'" द क्राइटेरियन में: एन इंटरनेशनल जर्नल इन इंग्लिश, आईएसएसएन: 0976-8165, पीयर-रिव्यूड एंड इंडेक्स्ड ओपन एक्सेस जर्नल, इम्पैक्ट फैक्टर: 7.86, सितंबर 2022।

अन्य जिम्मेदारियाँ

1. सदस्य सचिव- आईक्यूएसी, सीआईएचटीएस
2. सदस्य सचिव- शिक्षक एवं छात्र फीडबैक समिति
3. सदस्य सचिव- अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ
4. सदस्य- विश्वविद्यालय क्रय समिति
5. समन्वयक- सीआईएचटीएस इंग्लिश लर्निंग एंड डॉक्यूमेंट्री क्लब

डॉ. रविरञ्जन द्विवेदी

कार्यशाला/विशेष व्याख्यान

1. 31 जनवरी 2023 – 04 फरवरी 2023 - "अर्थशास्त्र की बुनियादी (सामान्य) अवधारणाएँ" विषय पर समिति के सदस्य के रूप में प्रतिभाग किया।
2. 13 अगस्त 2022 - हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत "राष्ट्र निर्माण में राष्ट्रीय चिन्हों का महत्त्व" विषय पर आयोजित विशेष व्याख्यान में समिति के सदस्य के रूप में प्रतिभाग किया।

3. 26 नवम्बर 2022 - संविधान दिवस के अवसर पर "भारतीय संविधान के सैद्धांतिक मूल्य एवं मौलिक सिद्धांत" विषय पर पर आयोजित विशेष व्याख्यान में समिति के सदस्य के रूप में प्रतिभाग किया।
4. 28 मार्च 2023 - महिला दिवस के उपलक्ष्य में "प्रायोगिकी एवं डिजिटल शिक्षा के विकास में महिलाओं का योगदान" पर आयोजित व्याख्यान में समिति के सदस्य के रूप में प्रतिभाग किया।
5. 16-23 अगस्त, 2023 - "शुद्ध हिन्दी" विषय पर पर आयोजित विशेष व्याख्यान में समिति के सदस्य के रूप में प्रतिभाग किया।

सेमिनार/सम्मेलन

1. 4-5 मार्च, 2023 - "बुद्ध की धरती पर कविता" विषय पर के.उ.ति.शि.सं., सारनाथ में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में समिति सदस्य के रूप में प्रतिभाग किया।

शोध पत्र प्रकाशन

1. "कुशल एवं अकुशल धर्मों का प्रविचय एवं सम्यक् प्रधान" विषय पर प्रकाशित शोध-पत्र, शोध दर्पण (अन्तराष्ट्रिय रेफ्रीड जर्नल आई.एस.एस.एन. नंबर- 2231-1688)।

डॉ. जसमीत गिल

1. अप्रैल, 2022 : सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ हायर तिब्बती स्टडीज, सारनाथ, वाराणसी के 'मोनपा स्टूडेंट्स एजुकेशनल कमेटी' के संपादकीय बोर्ड में काम किया, जिसने 'द न्यू डॉन ऑफ मोन्युल' प्रकाशित किया।
2. 2 अगस्त 2022 : केंद्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान, सारनाथ, वाराणसी में 'भाषा कौशल में सुधार' पर फ्रेशर्स इंडक्शन में अतिथि व्याख्यान दिया।
3. 19 नवंबर, 2022 : अतिशा हॉल में स्टूडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन, के.उ.ति.शि.सं. के सहयोग से बुक क्लब, 'बुक्स एंड बियॉन्ड' के तहत एक दिवसीय 'लघु फिल्म महोत्सव' का आयोजन किया गया।
4. 2-16 जनवरी 2023 : टीचिंग लर्निंग सेंटर, रामानुजन कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय से ए+ ग्रेड के साथ अंग्रेजी में दो सप्ताह का ऑनलाइन रिफ्रेशर कोर्स पूरा किया।
5. संपादकीय बोर्ड में काम किया और लद्दाखी स्टूडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन, के.उ.ति.शि.सं., सारनाथ, वाराणसी द्वारा प्रकाशित 'लद्दाखी सांस्कृतिक पत्रिका', 2023 का संपादन किया।
6. 12 मार्च 2023 : बुक क्लब, 'बुक्स एंड बियॉन्ड' के सहयोग से क्षेत्रीय तिब्बती महिला संघ द्वारा आयोजित एक निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन और संचालन किया गया।

समिति सदस्य –

1. संस्थान वार्षिक रिपोर्ट समिति,
2. इंग्लिश लर्निंग एंड डॉक्यूमेंट्री क्लब, सीआईएचटीएस, सारनाथ।
3. इन्क्यूबेशन और स्टूडेंट प्लेसमेंट सेल

(IV) शिक्षाशास्त्र विभाग

किसी भी राष्ट्र और समाज के विकास के लिए शिक्षा आधार स्तंभ होती है। शिक्षा के महत्व को संदर्भित करते हुए केंद्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान ने योग्य शिक्षकों के निर्माण हेतु एनसीटीई से अनुमोदन लेकर शिक्षक शिक्षा पाठ्यक्रम का संचालन प्रारंभ किया। एनसीटीई ने संस्थान के महत्व को देखते हुए 2014-15 में बीए.बीएड/

बीएससी.बीएड तथा बीएड पाठ्यक्रम को संचालित करने हेतु अनुमोदन प्रदान किया। इसके साथ ही एनसीटीई ने एम.एड कोर्स को संचालित करने हेतु 2018 में अनुमोदित किया है। सीआईएचटीएस ने उपर्युक्त कार्यक्रमों के लिए अपना खुद का पाठ्यक्रम तैयार किया है जिसे एनसीटीई द्वारा अनुमोदित किया गया है और सीआईएचटीएस के तहत शिक्षक शिक्षा केंद्र (सीटीई) के रूप में चल रहा है।

शिक्षक शिक्षण केंद्र के पाठ्यक्रम की विशिष्टता यह है कि यहां अध्ययन और अनुशासन के अलावा, तिब्बती भाषा और साहित्य का अनिवार्य ज्ञान तथा बौद्ध दर्शन (नालंदा परंपरा), मन के विज्ञान, ज्ञानमीमांसा, तर्क, मनोविज्ञान, तत्वमीमांसा, तथा आधुनिक शिक्षा, कौशल पर विशेष जोर दिया जाता है। पाठ्यक्रम को समृद्ध बनाने और कार्यक्रम के उद्देश्यों को साकार करने के लिए विज्ञान को भी ध्यान में रखा जाता है।

शिक्षक शिक्षण केंद्र द्वारा संचालित कार्यक्रम-

1. दो वर्षीय बी.एड. कार्यक्रम
2. चार वर्षीय इनोवेटिव इंटीग्रेटेड बी.ए.बी.एड.कार्यक्रम

शिक्षक शिक्षण केंद्र के सदस्य:

1. डॉ. हिमांशु पांडे - निदेशक (प्रभारी)
2. डॉ. हुमा कयूम - शैक्षणिक समन्वयक और सहायक आ. (शिक्षा)
3. डॉ जम्पा थुपटेन - सहायक आचार्य, भूगोल
4. वेन ताशी धोंडुप - सहायक आचार्य, तिब्बती भाषा और साहित्य
5. वेन लोबसंग ग्यात्सो - सहायक आचार्य, बौद्ध दर्शन/तर्क
6. श्री थिनले वांगचुक - सहायक आचार्य, इतिहास
7. डॉ. कृष्णा पांडेय - सहायक आचार्य, राजनीति विज्ञान
8. डॉ. सुशील कुमार सिंह - सहायक आचार्य, हिंदी
9. सुश्री पी. सुष्मिता वात्स्यायन - सहायक आचार्य, अंग्रेजी
10. श्री तेनज़िन नामगांग - सहायक आचार्य, तिब्बती इतिहास
11. डॉ. शिखा शर्मा - सहायक आचार्य, अर्थशास्त्र
12. श्री अनिल कुमार गुप्ता - सहायक आचार्य, शिक्षाशास्त्र

प्रशासन स्टाफ:

1. श्रीमती रीना पांडेय - कार्यालय सहायक
2. श्री तेनज़िन त्सेटन - कार्यालय सहायक
3. श्री विशाल पटेल - कार्यालय सहायक
4. सुश्री यांगचेन संगमो - लाइब्रेरियन (सीटीई लाइब्रेरी)
5. श्री राजू भारद्वाज - एमटीएस

शैक्षणिक गतिविधियां:

शिक्षक शिक्षा केंद्र ने शैक्षणिक सत्र 2021-22 के दौरान विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया।

गतिविधियों का विवरण इस प्रकार है:

1. 13-14 अप्रैल, 2022 : सेंटर फॉर टीचर एजुकेशन ने सीटीई के छात्रों के लिए एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया। दो वर्षीय बी.एड. और बीएबीएड अंतिम वर्ष के छात्रों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भ्रमण में भाग

लिया। संकाय सदस्य डॉ. हुमा कयूम, डॉ. जम्पा थुप्टेन, डॉ. सुशील कुमार सिंह, श्री तेनज़िन नामगांग, छात्रों के साथ बोधगया, मगध विश्वविद्यालय में दो दिवसीय अभियान में शामिल हुए। कार्यालय सहायक श्रीमती रीना पांडेय भी पूरे स्टाफ और छात्रों के साथ थीं।

2. 19 अप्रैल, 2022 : शिक्षक शिक्षा केंद्र ने केंद्रीय उच्च तिब्बती अध्ययन संस्थान के साथ संयुक्त रूप से "विश्व विरासत दिवस" का आयोजन किया। कार्यक्रम में सभी सीटीई स्टाफ सदस्यों और छात्रों ने भाग लिया।

3. 21 अप्रैल, 2022 : शिक्षक शिक्षा केंद्र ने बी.ए.बी.एड-IV वर्ष और बी.एड द्वितीय वर्ष के छात्रों के लिए "समावेशी शिक्षा : आवश्यकता और चुनौतियां" विषय पर एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया। कार्यक्रम में आमंत्रित विशिष्ट वक्ता डॉ. सुनीता सिंह, एसोसिएट प्रोफेसर, शिक्षा संकाय बीएचयू वाराणसी थे। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. हुमा कयूम (सहायक प्रो. शिक्षा) द्वारा किया गया।

4. 30-31 जुलाई 2022 : सेंटर फॉर टीचर एजुकेशन ने हाइब्रिड मोड में छात्रों और संकायों के लिए ड्रोइट पेनाले ग्रुप, एनआईटीटीआर, भोपाल और नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, सोनीपत के सहयोग से "राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020" विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। प्रोफेसर रमाशंकर वर्मा, निदेशक एमएनआईटी प्रयागराज, प्रोफेसर सुरजीत कुमार दुबे आईएमएस, बीएचयू, प्रोफेसर धनंजय चोपड़ा, मीडिया स्टडीज, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, और डॉ. अमित कंबोज, रजिस्ट्रार, बीबीएयू, सोनीपत, हरियाणा, सहभागी अतिथि थे। अध्यक्षीय भाषण प्रोफेसर नवांग समतेन, वीसी, सीआईएचटीएस, सारनाथ, वाराणसी द्वारा दिया गया।

5. 11-12 नवंबर, 2022 : सेंटर फॉर टीचर एजुकेशन ने ड्रोइट पेनाले ग्रुप, एनआईटीटीआर, भोपाल और नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, सोनीपत, हरियाणा के सहयोग से "सुशासन में सर्वोत्तम अभ्यास" विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। सहयोगी विद्वानों में थे प्रोफेसर पी.के. जोशी, पूर्व अध्यक्ष यूपीएससी, प्रोफेसर वी. विजयकुमार, वीसी, नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, भोपाल, प्रोफेसर अर्चना मिश्रा, वीसी, डॉ. बीआर अंबेडकर नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, सोनीपत, डॉ. आरसी मिश्रा, डी.जी. सरकार, हरियाणा के, डॉ. विनय सहस्त्रबुद्धे, अध्यक्ष, भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद्, नई दिल्ली, श्री संतोष गुप्ता, सीईओ, आईएसआरएन, नई दिल्ली। अध्यक्षीय भाषण प्रोफेसर नवांग समतेन, वीसी, सीआईएचटीएस, सारनाथ, वाराणसी द्वारा दिया गया।

6. 01 दिसंबर, 2022 : सेंटर फॉर टीचर एजुकेशन ने इस विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया "किशोरों के बीच ड्रग आदत में परामर्शदाता की भूमिका" बीएड और बीए बीएड के छात्रों के लिए। कार्यक्रम में स्कूल स्टाफ के सभी सदस्यों और विद्यार्थियों ने भाग लिया। रिसोर्स पर्सन प्रोफेसर आलोक मुखर्जी, प्रिंसिपल, आईओपी, यूसीईआर, प्रयागराज थे।

7. 4-13 जनवरी, 2023 : सेंटर फॉर टीचर एजुकेशन ने डायलेक्टिक्स के माध्यम से आधुनिक विषयों के शिक्षाशास्त्र विषय पर शिक्षकों के लिए दस दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। प्रतिभागी देश भर के विभिन्न संभोट तिब्बती स्कूलों के माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक थे। सहभागी गेशे लोबसांग ग्यात्सो, मूल्यांकन कर्ताओं में गेशे शेराप नामग्याल, खेनपो पलसांग दरगे, डॉ. खेनपो ताशी सम्फेल और गेशे रेइग्जिन दोरजी शामिल थे। उद्घाटन समारोह में मुख्य भाषण गेशे नवांग समतेन, कुलपति, सीआईएचटीएस, सारनाथ, वाराणसी ने दिया।

8. 30 जनवरी, 2023 : सेंटर फॉर टीचर एजुकेशन, सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ हायर तिब्बती स्टडीज ने एक विरासत स्थल की एक दिवसीय यात्रा का आयोजन किया भारतीय सांस्कृतिक विरासत के बारे में जागरूकता सीटीई के छात्रों के लिए। भ्रमण में दो वर्षीय बीएड कार्यक्रम और चार वर्षीय एकीकृत बीएबीएड कार्यक्रम के सभी छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। संकाय सदस्य डॉ हुमा कयूम, श्री थिनले वांगचुक, डॉ जाम्पा थुप्टेन, डॉ कृष्णा पांडे, सुश्री सुष्मिता वात्स्यायन और अन्य ने सारनाथ विरासत स्थल पर एक दिवसीय अभियान के लिए छात्रों के साथ भाग लिया। कार्यालय सहायक श्रीमती रीना पांडे भी पूरे स्टाफ और छात्रों के साथ थीं।

9. 17 फरवरी, 2023 : "परीक्षा के तनाव से निपटने के लिए छात्र-शिक्षक का परामर्श" 17 को सीटीई में आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद, नई दिल्ली के निर्देशानुसार "आजादी का अमृत महोत्सव" समारोह के तहत दो वर्षीय बीएड और चार वर्षीय बीए बीएड कार्यक्रम के छात्रों के लिए आयोजित किया गया। इस सत्र के लिए सहभागी व्यक्ति प्रोफेसर पीसी शुक्ला, पूर्व एचओडी और डीन, शिक्षा संकाय और कैरियर मार्गदर्शन और परामर्श प्रकोष्ठ, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के संस्थापक समन्वयक थे। सीटीई के निदेशक डॉ. हिमांशु पांडे ने रिसोर्स पर्सन का संक्षिप्त परिचय, अतिथि व्याख्यान का उद्देश्य प्रस्तुत किया और सर को पारंपरिक खटक और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

10. 29 मार्च, 2023 : सेंटर फॉर टीचर्स एजुकेशन, सीआईएचटीएस ने इस पर एक वृत्तचित्र फिल्म की स्क्रीनिंग सफलतापूर्वक आयोजित की गयी। असम की जनजातियाँ: चाय बागान जनजातियाँ डॉक्यूमेंट्री फिल्म जनजातीय सशक्तिकरण। पहले 10 मिनट के दौरान, सीटीई, सीआईएचटीएस के श्री थिनले वांगचुक (इतिहास में सहायक प्रोफेसर) ने असम की जनजातियों की आजीविका से संबंधित विभिन्न पहलुओं, उनकी दिन-प्रतिदिन की समस्याओं और स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं, मजदूरी भुगतान प्रणाली और राज्य सरकार को उनकी मांग के बारे में बताया। डॉक्यूमेंट्री असम की चाय जनजाति की दुर्दशा पर थी, जो औपनिवेशिक काल के दौरान असम में लाए गए विभिन्न आदिवासियों का एक समूह था। सदियों से चाय बागान में काम करने के बाद, हालांकि, यह (चाय जनजाति) अभी भी असम के आदिवासियों में से एक रूप में पहचाने जाने के लिए संघर्ष कर रही है।

संकाय शैक्षणिक गतिविधियां:

डॉ. हुमा कयूम

गतिविधियाँ – आयोजक और समन्वयक:

1. 13 अप्रैल, 2022 : सीटीई के छात्रों के लिए एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण (बोधगया) का आयोजन किया।
2. 21 अप्रैल, 2022 : "समावेशी शिक्षा : आवश्यकता और चुनौतियां" विषय पर एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन बी.ए.बी.एड-IV वर्ष और बी.एड द्वितीय वर्ष के छात्रों के लिए किया गया।
3. 21 से 30 अप्रैल, 2022 : अमर मेमोरियल सेंट जार्ज प्रिपरेटरी स्कूल, सारनाथ, वाराणसी में बीएबीएड प्रथम वर्ष के लिए 10 दिवसीय स्कूल अटैचमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया।
4. 25 से 26 अप्रैल, 2022 : "B.A.B.Ed अंतिम वर्ष तथा B.Ed अंतिम वर्ष के छात्र/छात्राओं लिए समावेशी स्कूल का दौरा" जीवन ज्योति स्कूल, सारनाथ, वाराणसी में आयोजित किया।
5. 30-31 जुलाई, 2022 : "राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020" विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का समन्वय।
6. 11-12 नवंबर, 2022 : "सुशासन में सर्वोत्तम प्रथाएं" विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का समन्वय।
7. 01 दिसंबर, 2022 : "किशोरों के बीच ड्रग हैबिचुएशन में काउंसलर की भूमिका" विषय पर एक व्याख्यान आयोजित किया।
8. 30 जनवरी, 2023 : "भारतीय सांस्कृतिक विरासत के बारे में जागरूकता" के लिए एक विरासत स्थल की एक दिवसीय यात्रा का आयोजन किया।

गेशे लोबसांग ग्यात्सो

गतिविधियाँ - आयोजक और समन्वयक:

1. 4-13 जनवरी, 2023 : डायलेक्टिक्स के माध्यम से आधुनिक विषयों के साथ शिक्षाशास्त्र विषय पर शिक्षकों के लिए दस दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया।

श्री अनिल कुमार गुप्ता

गतिविधियाँ - आयोजक और समन्वयक:

1. 17 फरवरी, 2023 : "परीक्षा के तनाव से निपटने के लिए छात्र-शिक्षक की काउंसिलिंग" पर एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया।

श्री थिनले वांगचुक

गतिविधियाँ - आयोजक और समन्वयक:

1. 29 मार्च, 2023: **आदिवासी सशक्तिकरण** विषय के तहत **असम की जनजाति: चाय बागान जनजाति** पर एक वृत्तचित्र फिल्म की स्क्रीनिंग आयोजित की।

डॉ. कृष्णा पांडेय

प्रकाशन:

1. "विनोबा भावे और स्वतंत्रता की अवधारणा" जून 2022 इम्पैक्ट फैक्टर: 5.427 शोध दृष्टि (एक इंटरनेशनल पीयर रिव्यूड रेफरीड रिसर्च जर्नल), वॉल्यूम। 13 नंबर, 6 जून, 2022, आईएसएसएन: 0976-6650

डॉ. सुशील कुमार सिंह

प्रकाशित शोध आलेख -

1. "प्रेमचंद के साहित्य में किसान सवालों की पड़ताल", एशियन जर्नल ऑफ एडवांस्ड स्टडीज (एक अंतरराष्ट्रीय सहकर्मी-समीक्षित रेफरीड शोध पत्रिका), आईएसएसएन: 2395-4965, एसजेआईएफ- 6.069, जुलाई-सितंबर 2022
2. "प्रेमचंद के साहित्य में किसान: सामाजिक, आर्थिक स्थिति का विवेचन", मानविकी और संस्कृति जर्नल एक अंतरराष्ट्रीय सहकर्मी-समीक्षित रेफरीड शोध पत्रिका, आईएसएसएन: 2393-8285, प्रभाव कारक - 3.915, जुलाई-सितंबर 2022
3. "भारत भाषा की समस्या", बोधिप्रभ पत्रिका- 2022, केन्द्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान की राजभाषा कार्यकारी समिति द्वारा प्रकाशित।

(ग) आधुनिक विद्या संकाय

प्रो. उमेश चन्द्र सिंह	-	प्रोफेसर एवं संकायाध्यक्ष

(I) समाजशास्त्र विभाग

(1) प्रो. जम्पा समतेन	-	पुनर्नियुक्त, प्रोफेसर एवं अध्यक्ष (तिब्बती इतिहास)
(2) प्रो. उमेश चन्द्र सिंह	-	प्रोफेसर (एशिया-इतिहास)
(3) डॉ. अमित मिश्रा	-	असिस्टेंट प्रोफेसर (राजनीति विज्ञान)
(4) डॉ. उग्येन	-	असिस्टेंट प्रोफेसर (तिब्बती इतिहास)
(5) डॉ. प्रशांत कुमार मौर्य	-	असिस्टेंट प्रोफेसर (अर्थशास्त्र)
(6) डॉ. सौरभ दुबे	-	अतिथि प्राध्यापक (अर्थशास्त्र)
(7) डॉ. पूर्णिमा त्रिपाठी	-	अतिथि प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान)

शैक्षणिक गतिविधियाँ-

तिब्बती इतिहास और संस्कृति में आचार्य (मास्टर डिग्री) पाठ्यक्रम जुलाई, 2017 से सामाजिक विज्ञान विभाग के पाठ्यक्रम में जोड़ा गया सबसे नया विषय है। यह पाठ्यक्रम तिब्बती प्रवासी में अपनी तरह का पहला है, और चूंकि कोई पाठ्यपुस्तक नहीं थी। मौजूदा मॉडल को आधार बनाने के लिए, संकाय को इसे शुरू से ही डिजाइन करना पड़ा। इस व्यापक पाठ्यक्रम में तिब्बत और उसके पड़ोसी एशियाई देशों के सांस्कृतिक और राजनीतिक इतिहास दोनों को शामिल किया गया है। इस पाठ्यक्रम में पुरातत्व, नृविज्ञान, इतिहासलेखन और मुद्राशास्त्र पर परिचयात्मक पाठ भी शामिल हैं जो ऐतिहासिक अध्ययन का अनिवार्य हिस्सा है। छात्रों के पहले बैच ने 2019 में उक्त पाठ्यक्रम पूरा किया। 4 छात्रों में से, उनमें से दो पीएच.डी. पाठ्यक्रम और एम.फिल में एक। उनमें से एक ने सेंटर फॉर टीचर एजुकेशन, सीआईएचटीएस द्वारा संचालित मास्टर इन एजुकेशन कोर्स को चुना।

डॉ. अमित मिश्रा

1. 3 मार्च, 2023 : सरकार में सतत वैश्विक विकास की संभावनाओं पर एक अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लिया। पीजी कॉलेज, ओबरा में "अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के लिए उभरती चुनौतियाँ और जी-20 में भारत की राजनीति कौशल" शीर्षक से एक पेपर प्रस्तुत किया।

2. 10 मार्च, 2023 : भारतीय लोकतंत्र की चुनौतियों पर मार डायोनिसियस कॉलेज, पझानजी, केरल में राजनीति विज्ञान विभाग और संसदीय मामलों के संस्थान द्वारा आयोजित एक राष्ट्रीय संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में भाग लिया तथा "भारत की विदेश नीति में उभरती चुनौतियां" पर पेपर प्रस्तुत किया।
3. 27 मार्च, 2023 : पीएच.डी. अनुसंधान पद्धति में व्याख्यान देने के लिए विशेष रूप से स्वामी रामानंदतीर्थ मराठावाड़ा विश्वविद्यालय, नांदेड़ से संबद्ध शिवाजी कॉलेज, उदगीर, लातूर, महाराष्ट्र में आमंत्रित किया गया।

डॉ. उर्ग्येन

1. 3-9 जुलाई, 2022 : इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ तिब्बती स्टडीज, IATS 2022 के 16वें सेमिनार में भाग लिया। सेमिनार गणराज्य के चार्ल्स विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित किया गया। 9 जुलाई को ओल्ड कैसल, बिग क्लॉक, चार्ल्स ब्रिज का दौरा। 10 तारीख को हमने संगीत समारोह में भाग लिया।
2. 4 जुलाई, 2022 : चार्ल्स यूनिवर्सिटी के कला संकाय में, हॉल नंबर 217 में शोध पत्र प्रस्तुत किया गया। विषय: ༄༅། །ནར་ཁམས་ཁྲི་རྡོའི་ཡུལ་གྱི་གནའ་དཔྱད་ཡུལ་གྲགས་ཅན་ཁམས་སྲིན་མོ་རྫོང་གི་རབ་དཔྱད་པ། (तिब्बत में त्रिधो क्षेत्र में खाम सिनमो-ज़ोन के प्रसिद्ध पुरातात्विक स्थल पर शोध)
3. 1 अगस्त, 2022 : पूर्वमध्यमा प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए सारनाथ स्थलों के महत्व के बारे में व्याख्यान दिया। यह सीआईएचटीएस के एसडब्ल्यूए द्वारा नए प्रवेशित छात्रों के लिए शरद ऋतु अभियान आयोजित किया गया।
4. 14-20 नवंबर 2022 : ज्ञान-प्रवाह, सांस्कृतिक अध्ययन केंद्र अनुसंधान में "पाषाण युग पर परिचयात्मक पाठ्यक्रम: पुरुष, उपकरण और संस्कृतियाँ" में भाग लिया। प्रो. विदुला जयसवाल (बीएचयू से सेवानिवृत्त) और बी.एच.यू. प्रो. जोस राफेल ने हमें पाषाण युग का पूरा पाठ्यक्रम पढ़ाया।
5. शैक्षणिक सत्र 2022 : श्री ताशी शोधछात्र का पीएच.डी. कार्य निर्देशन किया।
6. शैक्षणिक सत्र 2022 : श्री ल्हामो क्याब का पीएच.डी. नवीन शोधछात्र का निर्देशन किया।

डॉ. प्रशान्त कुमार मौर्य

कार्यशाला/विशेष व्याख्यान

1. दिनांक 13 अगस्त 2022 - हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत "राष्ट्र निर्माण में राष्ट्रीय प्रतीक चिन्हों का महत्व" विषय पर समन्वयक के रूप में विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया।
2. 16-23 अगस्त, 2023 - "शुद्ध हिंदी" विषय पर कार्यशाला की आयोजन समिति के सदस्य के रूप में भाग लिया।
3. दिनांक 26 नवम्बर 2023 - संविधान दिवस के अवसर पर भारतीय संविधान के सैद्धान्तिक मूल्य एवं मौलिक सिद्धांत" विषय पर समन्वयक के रूप में विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया।
4. 31 जनवरी 2023 से 04 फरवरी 2023 - "अर्थशास्त्र की बुनियादी (सामान्य) अवधारणाएँ" विषय पर संयोजक के रूप में एक सप्ताह की कार्यशाला का आयोजन किया।
5. दिनांक 13 फरवरी 2023 - "बैंकिंग एवं वित्तीय जागरूकता शिविर" में आयोजन समिति के सदस्य के रूप में भाग लिया।
6. दिनांक 28 मार्च 2023 - महिला दिवस के उपलक्ष्य में "प्रयोगिकी एवं डिजिटल शिक्षा के विकास में महिलाओं का योगदान" विषय पर संयोजक के रूप में विशेष व्याख्यान का आयोजन किया।
7. भारतीय भाषा उत्सव के अंतर्गत काव्य प्रतियोगिता/व्याख्यान/हस्ताक्षर अभियान की आयोजन समिति के सदस्य के रूप में भाग लिया।

वाद-विवाद/भाषण प्रतियोगिता

1. दिनांक 31.10.2022 - स्वच्छता अभियान के अंतर्गत वाद-विवाद प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में भाग लिया।
2. दिनांक 15.11.2022 - बिरसा मुंडा जयंती के अवसर पर "स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय नायकों का महत्व" विषय पर समन्वयक के रूप में वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया।

सेमिनार/सम्मेलन

1. दिनांक 4-5 मार्च, 2023 - अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन "बुद्ध की धरती पर कविता-4" में आयोजन समिति के सदस्य के रूप में भाग लिया।

शोधपत्र प्रकाशन

1. "गैर-कर राजस्व और जीएसडीपी के बीच संबंध : एक केस स्टडी" विषय पर प्रकाशित पेपर उत्तर प्रदेश के जर्नल वाराणसी मैनेजमेंट रिव्यू में, एक अंतरराष्ट्रीय रेफरीड जर्नल आई.एस.एस.एन. नं. 2395-0390.

डॉ. सौरभ दुबे

कार्यशाला/विशेष व्याख्यान

1. 13 अगस्त 2022 - हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत "राष्ट्र निर्माण में राष्ट्रीय चिन्हों का महत्त्व" विषय पर आयोजित विशेष व्याख्यान में समिति के सदस्य के रूप में प्रतिभाग किया।
2. 16-23 अगस्त, 2022 - "शुद्ध हिन्दी" विषय पर पर आयोजित विशेष व्याख्यान में समिति के सदस्य के रूप में प्रतिभाग किया।
3. 31 जनवरी 2023 से 04 फरवरी 2023 - "अर्थशास्त्र की बुनियादी (सामान्य) अवधारणाएँ" विषय पर सह-संयोजक के रूप में एक सप्ताह की कार्यशाला का आयोजन किया गया।
4. 28 मार्च 2023 - महिला दिवस के उपलक्ष्य में "प्रयोगिकी एवं डिजिटल शिक्षा के विकास में महिलाओं का योगदान" पर आयोजिय व्याख्यान में समिति के सदस्य के रूप में प्रतिभाग किया।

वाद-विवाद/भाषण प्रतियोगिता

1. 15 नवम्बर 2022 - बिरसा मुंडा जन्म दिवस पर वाद-विवाद प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में भाग लिया।

सेमीनार/सम्मेलन

1. 11-12 नवंबर 2022 - "सुशासन में सर्वोत्तम अभ्यास" विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया।
2. 4-5 मार्च, 2023 - "बुद्ध की धरती पर कविता" विषय पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में समिति सदस्य के रूप में प्रतिभाग किया।

शोध पर प्रकाशन

1. 'सुट्टे अरिमा का उपयोग करके भारत में कोविड-19 और स्टॉक मूल्य का पूर्वानुमान" विषय पर सह-लेखक के रूप में प्रकाशित पेपर, रवीन्द्र भारती जर्नल ऑफ फिलॉसफी, आईएसएसएन: 0973-0087, 2023। (यूजीसी केयर स्वीकृत)

घ) शिल्प-विद्या संकाय

डॉ. दोर्जे दमडुल - संकायाध्यक्ष

(I) तिब्बती चित्रकला विभाग

(II) तिब्बती काष्ठकला विभाग

(1) डॉ. शुचिता शर्मा - सहायक आचार्य (इतिहास एवं सौन्दर्यशास्त्र)

(2) श्री कुंगा ञिङ्पो - सहायक शिक्षक (चित्रकला)

(3) लोप्सङ् शेरब - सहायक शिक्षक (चित्रकला)

(4) छेरिंग सम्डुप - सहायक शिक्षक (काष्ठकला)

क. तिब्बती चित्रकला विभाग

इस विभाग का उद्देश्य है- महत्त्वाकांक्षी विद्यार्थियों को तिब्बती पटचित्र निर्माण के साथ बौद्ध दर्शन, चित्रकला-इतिहास, हस्तकला-दर्शन एवं इतिहास, भारतीय एवं पाश्चात्य कला, इतिहास और सौन्दर्यशास्त्र, तिब्बती भाषा एवं साहित्य, हिन्दी व अंग्रेजी का ज्ञान देना। विद्यार्थियों को हमें अपने पूर्वजों से प्राप्त चित्रलेखन कला की धरोहर तथा उसकी तकनीक सिखायी जाती है। रंग-मिश्रण, चित्रलेखन में प्रयुक्त उपकरण आदि सभी विषयों को बारीकी से सिखाया जाता है। शिक्षण के अतिरिक्त विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियाँ - ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण, कार्यशाला आदि का आयोजन भी किया जाता है।

विभागीय गतिविधियाँ-

1. 23 जनवरी से 5 फरवरी, 2023 : ललित कला विभाग में आयोजित **थंका कार्यशाला** द्वारा प्रतिभागियों को थंका पेंटिंग के पारंपरिक कला रूप में व्यावहारिक अनुभव प्रदान किया गया। थंका, तिब्बती बौद्ध कला का एक विशिष्ट रूप है, जिसमें जटिल ब्रशवर्क, जीवंत रंग और देवताओं और आध्यात्मिक अवधारणाओं के प्रतीकात्मक चित्रण शामिल हैं।

शैक्षणिक गतिविधियाँ-

डॉ. शुचिता शर्मा

सदस्य

1. अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन "बुद्ध की धरती पर कविता-4" 2022-23 - आयोजन सदस्य
2. एक दिवसीय वार्ता महिला दिवस 2022-23 - आयोजन सदस्य
3. शुद्ध हिन्दी कार्यशाला 2022-23 - आयोजन सदस्य
4. भारतीय भाषा महोत्सव हस्ताक्षर अभियान 2022-23 - आयोजन सदस्य
5. सदस्य, बैंकिंग और वित्तीय जागरूकता शिविर 2022-23 - आयोजन सदस्य
6. अर्थशास्त्र पर कार्यशाला 2022-23 - आयोजन सदस्य
7. सुशासन में सर्वोत्तम प्रथाओं पर राष्ट्रीय सम्मेलन 2022-23 - संयुक्त आयोजन सचिव
8. वैश्विक परिदृश्य के संदर्भ में भारत-तिब्बत समाज की शिक्षा और संस्कृति पर सम्मेलन 2022-23 सदस्य - सलाहकार समिति
9. काशी अंतर्राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी 2023 आईएफए वाराणसी - आयोजक सदस्य
10. धर्म संस्कृति संगम, काशी द्वारा हिमालय बचाओ मानवता बढ़ाओ 2023 विषय पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन - आयोजक सदस्य।

समन्वयक

1. थांगका पेंटिंग पर कार्यशाला, तिब्बती पेंटिंग विभाग, सीआईएचटीएस, 2022-23

प्रकाशन

पुस्तक में अध्याय

1. भारतीय पर्यटन एवं तीर्थाटन हिमाचल की मंदिर स्थापना परंपरा 2023, जेटीएस प्रकाशन, नई दिल्ली, 978-93-5913-212-9
2. तिब्बत: वर्तमान परिदृश्य: सार्वजनिक रोष वर्तमान भारत में तिब्बती कला और शिल्प शिक्षा 2023, अनंग प्रकाशन नई दिल्ली, 978-93-91881-42-9

सम्मेलन/संगोष्ठी में पेपर प्रस्तुति

1. नवंबर 2022 - भारतीय चित्रकला और बदलती गतिशीलता में महिलाओं का चित्रण, आईसीएचआर नई दिल्ली और अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना सिलीगुड़ी द्वारा आयोजित, सिलीगुड़ी ।
2. 26 से 28 दिसंबर 2022 - अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना और आईसीएचआर नई दिल्ली द्वारा "स्व', स्वतंत्रता और प्रतिरोध : अतीत से वर्तमान तक" विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार, मेडिकल कॉलेज, सासाराम में आयोजित।
3. 14-16 जनवरी, 2023 – उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान लखनऊ, साहित्य अकादमी, नई दिल्ली एवं लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय, चन्दौली के सहयोग से विद्याश्री न्यास द्वारा आयोजित "मध्यकालीन कविता : अवधारणाओं का पुनराविष्कार" विषयक तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में "मध्यकालीन हिन्दी साहित्य आधारित लघु चित्र" विषय पर शोध-पत्र प्रस्तुत किया।
4. मार्च 2023 - DIET, सारनाथ, वाराणसी द्वारा आयोजित NEP-2020 की संभावनाओं के विविध पहलू।
5. 2022-23 - वैश्विक परिदृश्य के संदर्भ में भारत-तिब्बत समाज की शिक्षा एवं संस्कृति पर सम्मेलन।
6. 2022-23 - अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन "बुद्ध की धरती पर कविता-4"

प्रदर्शनी में भागीदारी

1. 2023 - आईएफए, वाराणसी में आयोजित काशी अंतर्राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी, जिसका उद्घाटन यूपी की राज्यपाल श्रीमती आनंदी बेन पटेल ने किया।
2. 12-18 मार्च 2023 : महिला कलाकारों की पेंटिंग पर राष्ट्रीय प्रदर्शनी IFA वाराणसी में आयोजित।

श्री कुंगा जिङ्पो

शैक्षणिक गतिविधियाँ:

1. 30-31, जुलाई 2022 : राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर राष्ट्रीय सम्मेलन । सेंट्रल फॉर टीचिंग एजुकेशन, (PMMMNMYY) शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित।
2. 4 से 6 नवंबर 2022 : छोएजुग में दिखाए गए तीन व्यक्तियों के मार्ग पर प्रो. एस. रिनपोछे के शिक्षण के 3 दिवसीय कार्यक्रम के आयोजन समिति के सदस्य, तिब्बती और तिब्बती विषय पर सीआईएचटीएस पूर्व छात्रों का दूसरा अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन; हिमालय अध्ययन और सभी कर्मचारियों, छात्रों और पूर्व छात्रों की लघु पूजा सभा।

3. 4 से 6 नवंबर, 2022 : तिब्बती और तिब्बती विषय पर सीआईएचटीएस पूर्व छात्रों के दूसरे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन के दौरान पारंपरिक अनुष्ठान तैयार करने की जिम्मेदारी नियुक्त की गई। हिमालय अध्ययन" और "प्रो. एस. रिनपोछे की शिक्षा" और "लघु पूजा"।
4. 11-12 नवंबर 2022 : सुशासन में सर्वोत्तम प्रथाओं पर राष्ट्रीय सम्मेलन। भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय, सेंट्रल फॉर टीचिंग एजुकेशन (PMMMNMTT) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। केंद्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान, मान्य विश्वविद्यालय, सारनाथ, वाराणसी।
5. 23 जनवरी से 5 फरवरी 2023 : ललित कला विभाग के कार्यक्रम समन्वयक ने थांगका पेंटिंग पर पंद्रह दिवसीय कार्यशालाओं का आयोजन किया है। विशेषज्ञ श्री कुंगा दोरजी को आमंत्रित किया जा रहा है थांगका पेंटिंग, नोरबुलिंग्का इंस्टीट्यूट धर्मशाला।
6. 1 मार्च से 15 मार्च 2023 : ओरिएंटेशन व्याख्यान; सीआईएचटीएस में बीएसआरएमएस छात्रों को ललित कला का परिचय।
7. ग्युटो तांत्रिक मठ से संपर्क करने और भिक्षु कलाकारों को मंडला बनाने के लिए आमंत्रित करने और हमारे संस्थान में एनएएसी दौरे के दौरान उनके आतिथ्य और अनुष्ठानों और अनुष्ठानों के प्रदर्शन की देखभाल करने के लिए नियुक्त किया गया और 1 सितंबर को सफलतापूर्वक कार्यभार संभाला।
8. मुझे शैक्षणिक सत्र 2022-2023 के लिए पीएचडी कार्यक्रम के तहत पंजीकृत किया गया है।

ख. तिब्बती काष्ठकला विभाग

तिब्बती पारम्परिक काष्ठकला के साथ बौद्ध दर्शन आदि का ज्ञान प्रदान करने के उद्देश्य से यह विभाग स्थापित है। विद्यार्थियों को विशेषकर तिब्बती परम्परा की काष्ठ कला, उसका इतिहास तथा अवधारणा की शिक्षा दी जाती है। इसके अतिरिक्त भारतीय एवं पाश्चात्य कला का इतिहास, सौन्दर्य शास्त्र तथा भाषाएँ सिखायी जाती हैं। वर्ष 2018-19 में शिक्षण के अतिरिक्त - शैक्षणिक भ्रमण तथा अनेक काष्ठकला कार्यशालाओं के आयोजन आदि विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों में विभागीय सदस्यों तथा छात्रों ने भाग लिया।

(ङ) सोवा रिग्-पा एवं भोट ज्योतिष संकाय

डॉ. दोर्जे दमडुल - संकायाध्यक्ष

(I) सोवा रिग्-पा विभाग

शैक्षणिक गतिविधियां :-

भारत में सोवा रिग्पा की स्थिति-

1. भारत सरकार ने इस चिकित्सा प्रणाली को वर्ष 2010 में मान्यता दी और वर्ष 2017 में आधिकारिक राजपत्र अधिसूचना को प्रकाशित किया।
2. वर्तमान में यह चिकित्सा प्रणाली आयुष मंत्रालय भारत सरकार के नियंत्रण में है।
3. भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (एनसीआईएसएम) के द्वारा प्रथम बार फरवरी में (एनईईटी) राष्ट्रीय प्रवेश पात्रता परीक्षा शैक्षणिक सत्र 2021-2022 का आयोजित करने का निर्णय लिया गया। जिसकी जिम्मेदारी हमारे संस्थान को दी गई, जिसे हमारे विश्वविद्यालय द्वारा सफलतापूर्वक आयोजित किया। उन्होंने हमारे

विश्वविद्यालय को शैक्षणिक वर्ष 2022-2023 के लिए दूसरी राष्ट्रीय प्रवेश पात्रता परीक्षा आयोजित करने के लिए भी नामित किया, उसे भी 28 अगस्त 2022 को सफलतापूर्वक आयोजित किया गया तथा परीक्षा परिणाम 5 सितंबर 2022 को घोषित किया गया।

4. सोवा रिग्पा विभाग भारत सरकार की राजपत्र अधिसूचना यानी सोवा रिग्पा एमएसई और एमएसआर के अनुसार पाठ्यक्रम सहित सभी एवं सभी अन्य गतिविधियों को संचालित कर रहा है।

सोवा रिग्पा विभाग, के.उ.ति.शि. संस्थान

1. सोवा रिग्पा विभाग हमारे विश्वविद्यालय में अकादमिक वर्ष 1993-1994 रूप से स्थापित है।
2. विभाग का मूल उद्देश्य एवं लक्ष्य है:-
   - 2.1. सोवा रिग्पा चिकित्सकीय परम्पराओं को संरक्षित एवं संवर्धित तथा विकसित करना,
   - 2.2. सोवा-रिग्पा विद्यार्थियों को अनुभवजन्य ध्यान आधारित अधिगम प्रणाली का प्रयोग कर महत्वपूर्ण विषयों का अध्ययन-विमर्श करना,
   - 2.3. आम जनता को स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना,
   - 2.4. सोवा-रिग्पा के शोधकर्ताओं को अनुसंधान हेतु मार्गदर्शन और सुविधाएं प्रदान करना,
   - 2.5. लुप्तप्राय औषधीय जड़ी-बूटियों और इससे निर्मित औषधियों की निर्माण प्रक्रिया को संरक्षित करना,
   - 2.6. अनुसंधान और अन्य चिकित्सा पद्धतियों के विद्वानों से संवाद के माध्यम से प्रणाली को समृद्ध करना,
3. स्नातक एवं परास्नातक दोनों पाठ्यक्रमों को संचालित करना,
4. विभाग ने वर्ष 2015, 2019 और 2022 में अपने पाठ्यक्रम को संशोधित किया।

सोवा रिग्पा का यूजी कार्यक्रम

- कार्यक्रम: सोवा रिग्पा में स्नातक कार्यक्रम (2015-2020)
- पात्रता: विज्ञान विषय के साथ 12वीं (यूएम II सोवा रिग्पा/+2)
- प्रवेश का तरीका: प्रवेश परीक्षा / एनसीआईएसएम एनईईटी-एसआर-यूजी
- कार्यक्रम की अवधि: साढ़े चार साल और एक साल की इंटर्नशिप(प्रशिक्षु-प्रशिक्षण)

सोवा-रिग्पा यूजी का कार्यक्रम

1. सोवा-रिग्पा में तिब्बत की अति प्राचीन चिकित्सा विज्ञान विधा की विभिन्न शाखाओं में छात्रों को प्रशिक्षण प्रदान करना।
2. सोवा रिग्पा पद्धति अर्थात तिब्बती चिकित्सा प्रणाली की उत्पत्ति विकास और अन्य विभिन्न आयामों का गहन ज्ञान प्रदान करना।
3. यहाँ छात्रों को फिजियोलॉजी, एनाटॉमी, एंड्रोलॉजी, फार्माकोलॉजी, क्लिनिकल मेडिसिन, मटेरियामेडिका और आइडेंटिफिकेशन, टॉक्सिकोलॉजी, गायनोकोलॉजी, सर्जरी, मनोविज्ञान, पैथोलॉजी, महामारी विज्ञान और सामान्य चिकित्सा जैसी विभिन्न चिकित्सकीय पहलुओं का ज्ञान प्रदान कर योग्य तथा सक्षम बनाना।
4. छात्रों को सघन प्रशिक्षण निर्देश और क्षेत्र विशेष की यात्राएं उन्हें निदान और उपचार का प्रत्यक्ष ज्ञान देती हैं। सोवा रिग्पा में विकसित नए क्षेत्र के बारे में छात्रों को प्रशिक्षित करने के लिए विशिष्ट कार्यक्रम योजना को अभिकल्पित किया गया है।

5. विभिन्न अनुसंधान निमित प्रयोगशालाएँ संबंधित क्षेत्रों में कक्ष ज्ञान प्रदान करने तथा उनका उपयोग करने का अवसर प्रदान किया जाता है।

6. सोवा-रिग्पा में सनातकोत्तर पाठ्यक्रम संचालित करने, सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना, व्यवसायिक चिकित्सा, शोधकर्ता चिकित्सक आदि से परिपूर्ण हैं।

संविदा/निश्चित/दैनिक वेतन सहित सोवा-रिग्पा विभाग की जनशक्ति

सोवा- रिग्पा विभाग के संकाय सदस्य एवं कर्मचारी		
क्रमांक	नाम	पद नाम
1	आचार्य राम हर्ष सिंह	संयुक्त आचार्य
2	आचार्य लोबसांग तेनजिन	अभ्यागत आचार्य (पुनर्नियुक्त)
3	डा. दोर्जे दमदुल	सह आचार्य, संकाय प्रमुख, चिकित्सा अधिक्षक
4	डा. तशी दावा	सहायक आचार्य, विभाग प्रमुख
5	डा. ए. के राय	अतिथि संकाय एवं शोध क्रियान्वयक
6	डा. छिमी डोलकर	अतिथि संकाय एवं अस्पताल प्रभारी
7	डा. दावा छेरिंग	अतिथि संकाय एवं औषध निर्माण शाला प्रभारी
8	डा. लोडे मुन्सेल	अतिथि संकाय एवं चिकित्सा प्रभारी
9	डॉ. दावा शेर्पा	संस्कृत प्राध्यापक एवं अनुवाद कार्य
10	डा. तेनजिन देलक	अतिथि संकाय एवं परामर्श चिकित्सक
11	डा. पेम्पा छेरिंग	अतिथि संकाय एवं वाग्भट पुस्तकालय प्रभारी
12	डा. कर्मा थर्चिन	औषधशाला सहायक
13	डा. सेंगे खंडो	चिकित्सा सहायक
14	डा. छेवांग संगमो	शोध एवं विकास सहायक
15	डा. वांगेल दोरजे	भैषज्य विज्ञान सहायक
16	डा. दावा डोल्मा	जोंग सहायक
17	डा. नाग्वांग कुंचेंन	भैषज्य विज्ञान सहायक
18	श्री वी के पाटिल	प्रयोगशाला सहायक
19	श्रीमती केलसंग वांगमो	तकनीकी सहायक एवं व्यक्तिगत सहायक
20	श्री निमा छोगेल	ई डी ऍम जी परियोजना सहायक
21	श्रद्धेय तेनजिन संग्पो	औषधि वितरक
22	श्री मस्त राम	कोषपाल
23	कुमारी सोनम डोल्मा	औषधि वितरक
24	कुमारी यूंद्रोंग वांगमो	औषधि वितरक
25	श्री सेंगे वांगचुक	ई डी ऍम जी परियोजना पर्यवेक्षक
26	श्री सोनम फुन्चोक	ई डी ऍम जी परियोजना चौकीदार
27	श्रीमती रिन्चिन लह्मो	ई डी ऍम जी परियोजना बहुउद्देश्यीय सेवा
28	श्री तेनजिन छोड़ेन्न	ई डी ऍम जी परियोजना बहुउद्देश्यीय सेवा

29	श्री काशीनाथ प्रजापती	अस्पताल चौकीदार
30	श्री लव कुमार	कार्यालय चपरासी
31	श्री बृजमोहन भारद्वाज	औषधशाला बहुउद्देश्यीय सेवा
32	श्री सुभाष	औषधशाला बहुउद्देश्यीय सेवा
33	श्री शिव कुमार यादव	औषधशाला बहुउद्देश्यीय सेवा
34	श्री अनिल कुमार	दैनिक वेतन भोगी
35	श्री अशोक कुमार	दैनिक वेतन भोगी
36	श्री राजेश कुमार	दैनिक वेतन भोगी
37	श्री संजय कुमार भारद्वाज	दैनिक वेतन भोगी
38	श्रीमती सुधा देवी	दैनिक वेतन भोगी
39	श्री रोहित कुमार राजभर	दैनिक वेतन भोगी
40	श्री सुनील कुमार राजभर	दैनिक वेतन भोगी
41	श्री बृज कुमार कनौजिया	अस्पताल सफाई कर्मी
42	श्री वसीम	अस्पताल सफाई कर्मी
43	श्रीमती धन्वन्तरी देवी	अस्पताल सफाई कर्मी
44	श्रीमती माला देवी	अस्पताल सफाई कर्मी
45	श्रीमती स्वाति कुमारी गोड	अस्पताल सफाई कर्मी

1. सम्मेलन, परिसंवाद, कार्यशाला और संगोष्ठी-

- 11 और 12 जुलाई 2022 - डॉ. दोर्जे दमदुल ने धर्मशाला में सीसीटीएम की विशेष बैठक एवं कार्यशाला में भाग लिया।
- 22 से 30 नवंबर 2022 - 8 दिवसीय "तिब्बती में वैज्ञानिक शब्दों के मानकीकरण पर 14वें ईटीएसआई अनुवाद अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन" जो डेपुंगलोसेलिंग विज्ञान केंद्र, मुंडगोड कर्नाटक में आयोजित सम्मलेन में डॉ. ताशी दावा ने भाग लिया साथ ही उन्होंने एसईई के पद्धतिं को भी सीखा।

2. व्याख्यान सह संवाद शृंखला-

- 1 अप्रैल 2022 - पीजीआरएच हॉल में अपराह्न 03:00 बजे विद्यावारिधि- विद्यार्थियों के लिए पाठ्यक्रम कार्य के अंतर्गत डॉ. ए.एन. सिंह द्वारा "अनुसंधान पद्धति" पर व्याख्यान।
- 2 अप्रैल 2022 - दोपहर 2:30 बजे पीजीआरएच हॉल में ब्रिटिश कोलंबिया विश्वविद्यालय, वैंकोवर, कनाडा के एशियाई अध्ययन विभाग के डॉ. त्सुल्ट्रिम ग्यात्सो द्वारा "मानवकीय अध्ययन में अनुसंधान पद्धति का सामान्य परिचय" विषय पर व्याख्यान।
- 4 से 16 अप्रैल 2022 - पीजीआरएच के सम्मलेन कक्ष में सुबह 11:00 बजे विद्यावारिधि- विद्यार्थियों के लिए सेंटर ऑफ बायोस्टैटिक्स इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के प्रोफेसर और समन्वयक डॉ. आरएन मिश्रा द्वारा अनुसंधान और समस्याओं की पहचान पर व्याख्यान।
- 30 अप्रैल 2022 - पीएचडी विद्वानों के लिए डॉ. अंजना सक्सेना द्वारा स्त्री रोग और अनुसंधान पद्धति पर व्याख्यान।

- 6 मई 2022 - विद्यावारिधि- विद्यार्थियों के लिए पाठ्यक्रम कार्यक्रम के अंतर्गत डॉ. अजय कुमार पांडे द्वारा अनुसंधान पद्धति पर व्याख्यान।
- 19 अप्रैल से 10 मई 2022 - डॉ. ए.एन. सिंह द्वारा पीएचडी विद्वानों के लिए पादप आधारित अनुसंधान, अनुसंधान पद्धति और पाठ्यक्रम कार्य पर व्याख्यान।
- 11 मई 2022 और 13 मई 2022 - प्रोफेसर किशोर पटवर्धन द्वारा विद्यावारिधि- विद्यार्थियों के लिए पाठ्यक्रम कार्यक्रम के अंतर्गत, वैज्ञानिक लेखन, शोध पत्र तथा उद्धरण लेखन और अनुसंधान का नीतिशास्त्र के पर व्याख्यान।
- विद्यावारिधि- विद्यार्थियों के लिए प्रोफेसर अजय सिंह द्वारा 17 मई 2022 को आयुर्वेद साहित्य अनुसन्धान में शोध सारांश लिखने की रूपरेखा पर व्याख्यान।
- 25 मई 2022 को विद्यावारिधि- विद्यार्थियों के साथ अनुसन्धान एवं विकास इकाई में पाठ्यक्रम कार्यक्रम विद्यावारिधि योजना संयोजक के साथ अनुसंधान पद्धति पाठ्यक्रम एवं भविष्य में अनुसन्धान विषय पर वार्ता।
- 3, 8, 9 और 10 अगस्त 2022 - प्रोफेसर अजय कुमार पांडे द्वारा विद्यावारिधि के डॉ. जिग्मे मेगुअर ने शोध सम्बंधित ज्ञान अर्जित किया।
- 12 से 16 अगस्त 2022 - प्रोफेसर डॉ त्सेरिंग थागचो ड्रंगत्सो एसआरवाईएच सम्मलेन कक्ष में दोपहर 02:00 बजे प्रत्येक विद्यावारिधि- विद्यार्थियों के अनुसार विषय विशेष पर व्याख्यान दिया।
- 6 से 18 जनवरी 2023 - स्मिथ कॉलेज, एमए अमेरिका में स्वास्थ्य सेवाओं के पूर्व निदेशक डॉ. लेस जैफी एमडी के व्याख्यान का आयोजन संभोट भवन हॉल-द्वितीय में किया गया।

3. प्रकाशन-

- प्रोफेसर लोबसांग तेनज़िन ने "चरक संहिता" चिकित्सा शास्त्र का अनुवाद पूरा किया।
- सोवा-रिग्पा विभाग के डॉ. दोर्जे दमडुल एसोसिएट प्रोफेसर ने "सोवा-रिग्पा ग्रंथ के अनुसार स्वास्थ्य और स्वच्छता, खंड 5, पृष्ठ संख्या-973, आईएसबीएन संख्या: 978-81-936254-1-4" को प्रकाशित किया।
- सोवा-रिग्पा विभाग के डॉ. दोर्जे दमडुल एसोसिएट प्रोफेसर ने "संतुलित आहार के माध्यम से स्वास्थ्य, खंड 6, पृष्ठ संख्या: 607, आईएसबीएन संख्या: 978-81-950147-4-3" को प्रकाशित किया।

4. शैक्षणिक प्रशासकीय और नियुक्ति सम्बंधित बैठकें-

- 16 अप्रैल 2022 - वर्ष 2022-2023 के यूएम चिकित्सा/ज्योतिष (मेंनसी) विषय में प्रवेश हेतु बैठक संकाय प्रमुख कार्यालय में आयोजित की गई थी।
- 24 मई 2022 - डॉ. दोर्जे दमडुल ने एनसीआईएसएम, नई दिल्ली के कार्यालय में आयोजित सोवा रिग्पा सलाहकार समिति की बैठक में भाग लिया।
- 13 जून 2022 - डॉ. दोर्जे दमडुल ने नई दिल्ली में सोवा रिग्पा प्राचार्यों की बैठक में भाग लिया।
- 20 जून 2022 - पीजीआरएच मीटिंग हॉल में सोवा-रिग्पा यूजी कचुपा (बीएसआरएमएस) पाठ्यक्रम को पुनः तैयार करने और संशोधन करने के लिए सोवा-रिग्पा विभाग की अध्ययन समिति की बैठक आयोजित की गई थी।
- 14.06.2022 - भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली ने एनसीआईएसएम-एनईईटी-एसआर-यूजी-2022-2023 के लिए डॉ. दोर्जे दमडुल, निदेशक और डॉ. ताशी दावा, मुख्य-समन्वयक नामित किया।

- 14 और 15 जुलाई 2022 - डॉ. दोर्जे दमडुल ने 7वीं स्वास्थ्य समीक्षा बैठक, स्वास्थ्य विभाग, धर्मशाला हिमाचल प्रदेश में सह-वक्ता के रूप में भाग लिया।
- 27 जुलाई 2022 - आर एंड डी विंग में एमएसई और एमएसआर की समीक्षा हेतु सभी संकाय सदस्यों के साथ संकाय परिषद की बैठक आयोजित की गई।
- 11 अगस्त 2022 - ए वाई -2021-2022 और ए वाई 2022-2023 के प्रशिक्षुओं के अभिविन्यास कार्यक्रम एवं विद्यावारिधि- विद्यार्थियों हेतु सोवा-रिग्पा विशेषज्ञ के सन्दर्भ में संकाय परिषद की बैठक आयोजित की गई थी।
- 26 सितंबर 2022 - सोवा-रिग्पा के सभी कर्मचारियों के साथ नए सोवा-रिग्पा भवन के लिए आवश्यक उपकरणों के चयन करने के संबंध में इंजीनियर और प्रबंधक श्री जी. रविंदर के साथ बैठक हुई।
- 8 और 9 सितंबर 2022 - सोवा-रिग्पा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. ताशी दावा ने आईएमसीसी अधिनियम, 1970 की धारा 13सी/एनसीआईएसएम अधिनियम की धारा 28 के प्रावधानों के अनुसार वर्तमान एएसयूएस कॉलेजों का निरीक्षण किया। शैक्षणिक सत्र 2022-2023 के लिए 2020 और उसके प्रासंगिक नियम की उपयुक्तता के सन्दर्भ में समीक्षा हेतु एनसीआईएसएम कार्यालय नई दिल्ली के वर्चुअल मोड बैठक में भाग लिया।
- 14 सितम्बर 2022 - राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (एनसीआईएसएम) की 13वीं बैठक कमलशील समिति हॉल में आयोजित की गई।
- 19 और 20 सितम्बर 2022 - सोवा-रिग्पा विभाग के एचओडी डॉ. ताशी दावा ने आईएमसीसी अधिनियम, 1970 की धारा 13 सी/ एनसीआईएसएम अधिनियम की धारा 28 के तहत भारतीय चिकित्सा प्रणाली एनसीआईएसएम के लिए मेडिकल असेसमेंट और रेटिंग बोर्ड के एएसयू कॉलेजों का भौतिक सत्यापन अर्थात किया। शैक्षणिक सत्र 2022-2023 के लिए 2020 और उसके प्रासंगिक नियम की उपयुक्तता के सन्दर्भ में समीक्षा बैठक बैंगलोर में हाइब्रिड माध्यम से भाग लिया।
- 28 सितंबर 2022 - डॉ. दोर्जे दमडुल और डॉ. ताशी दावा ने एनसीआईएसएम के साथ ज़ूम के माध्यम से बैठक में भाग लिया।
- 1 अक्टूबर 2022 - सोवा-रिग्पा विद्यावारिध पाठ्यक्रम की संस्तुति हेतु सोवा-रिग्पा विभाग की बोर्ड ऑफ स्टडीज की बैठक सोवा रिग्पा और भोट ज्योतिष संकाय के संकाय प्रमुख कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित सदस्य हैं (1) डॉ. दोर्जे दमडुल, (2) प्रो. जम्पा समतेन, (3) बी.एच.यू. से प्रो. किशोर पटवर्धन (4) प्रो. के. बी.एच.यू. से नर्सिंग मूर्ति (5) डाक्टर ए .के .राय
- 6 और 7 अक्टूबर 2022 - डॉ. ताशी दावा ने एनसीआईएसएम के कार्यालय में सोवा-रिग्पा स्नातक कॉलेजों और अस्पताल हेतु नियमों के प्रारूप को अंतिम रूप देने की समीक्षा बैठक में भाग लिया।
- 10 अक्टूबर 2022 - डॉ. ताशी दावा, विभागाध्यक्ष नेएनसीआईएसएम के पंजीकरण कार्यालय में शैक्षणिक सत्र 2021-2022 के लिए एनसीआईएसएम अधिनियम, 2020 की धारा 28/29 और उसके तहत प्रासंगिक नियमों के तहत आशय पत्र और अनुमति जारी करने से संबंधित मामले में सोवा रिग्पा कॉलेजों की सुनवाई बैठक में भाग लिया।
- 1 अक्टूबर 2022 - सोवा-रिग्पा विभाग की बोर्ड ऑफ स्टडीज की बैठक सोवा रिग्पा और भोट ज्योतिष संकाय के संकाय प्रमुख कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित सदस्य - डॉ. दोर्जे दमडुल, प्रो. जम्पा समतेन, बी.एच.यू. से प्रो. किशोर पटवर्धन प्रो. के. बी.एच.यू. से नर्सिंग मूर्ति, डाक्टर ए.के. राय।

- 2 नवंबर 2022 - सोवा-रिग्पा संकाय समिति (एसएफसी) की बैठक में मौखिक परीक्षा, मेंटरशिप, अस्पताल उपकरण और फार्मेसी उपकरण आदि से संबंधित आर एंड डी विंग में आयोजित की गई।
- 18 नवंबर 2022 - एसएससी सोवा-रिग्पा छात्र परिषद के चुनाव के लिए संभोट भवन हॉल में सभी संकाय सदस्यों और छात्रों की बैठक आयोजित की गई।
- शैक्षणिक सत्र 2022-2023 के लिए हाइब्रिड मोड के माध्यम से डॉ. पेन्पा को पर्यवेक्षक/आगंतुकों में से एक के रूप में नियुक्त किया गया, एएसयूएस कॉलेज में नए कॉलेज/नए पीजी पाठ्यक्रम की स्थापना/प्रवेशक्षमता में वृद्धि के लिए कॉलेजों का दौरा कर सत्यापित करने हेतु।
- 22 दिसंबर 2022 - डॉ. दोर्जे दमडुल, संकाय प्रमुख सोवा-रिग्पा ने गुरुवार माननीय कुलपति की अध्यक्षता में कमलशील भवन के समिति कक्ष में आयोजित अनुसंधान एवं विकास इकाई की बैठक में भाग लिया।
- 28 दिसम्बर 2022 - डॉ. ताशी दावा विभागाध्यक्ष, सोवा-रिग्पा विभाग एनसीआईएसएम कार्यालय में "बीएएमएस स्नातकों के लिए आवश्यक नैदानिक प्रक्रियाओं और उपकरणों की पहचान करने और प्रशिक्षण के तरीके का सुझाव देने के लिए" गठित समिति के एक सदस्य रूप में भाग लिया।
- 29 दिसंबर 2022 - सोवा-रिग्पा विभाग के एचओडी डॉ. ताशी दावा को एएसयू कॉलेजों के लिए ऑनलाइन वैकल्पिक पाठ्यक्रमों के लिए एक सदस्य नियुक्त किया गया है, जिसे संस्कृत प्रमोशन फाउंडेशन दिल्ली द्वारा वैकल्पिक पाठ्यक्रम प्रारम्भ किया गया है। दिल्ली में आयुर्वेद, यूनानी और सिद्ध स्नातक के लिए सोवा-रिग्पा वैकल्पिक पाठ्यक्रम प्रदान किया जाएगा।
- 06/01/2023 - संदर्भ पुस्तकों के मूल्यांकन, मानक मापदंड तय लिए गठित समिति के एक सदस्य रूप में सोवा-रिग्पा विभाग के एचओडी डॉ. ताशी दावा को एनसीआईएसएम कार्यालय दिल्ली में पहली बैठक में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया।
- 23 जनवरी 2023 - सोवा-रिग्पा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. ताशी दावा को एनसीआईएसएम कार्यालय, नई दिल्ली में "आकलन स्केल के विकास" के लिए समिति की दूसरी और अंतिम बैठक में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया।
- 1 से 5 मार्च 2023 - सोवा-रिग्पा संकाय प्रमुख डॉ. दोर्जे दमडुल ने धर्मशाला में आयोजित सीसीटीएम द्वारा आयोजित सामान्य नियमों और विनियमों के संबंध में 37वीं बोर्ड बैठक में भाग लिया।
- 1 मार्च 2023 - सोवा-रिग्पा संकाय प्रमुख डॉ. दोरजी दमदुल ने कुलपति कार्यालय में आयोजित 32वीं अकादमिक परिषद, की बैठक में भाग लिया जिसका आयोजन सीआईएचटीएस के समिति कक्ष में किया गया।

5. प्रशिक्षण कार्यक्रम

- अप्रैल से अगस्त 2022 - सेंट्रल काउंसिल ऑफ तिब्बती मेडिसिन द्वारा आयोजित चार महीने के चिकित्सकीय एकांतवास और आध्यात्मिक संवर्द्धन में डॉ. लोडो मुन्सेल, डॉ. कर्मा थार्चिन, डॉ. त्सेवांग सांगमो, डॉ. दावा डोलमा, डॉ. सांग्ये खांडो और डॉ. वांग्याल दोरजी भाग लिया। इस सन्दर्भ में तिब्बती चिकित्सकों हिमाचल प्रदेश में 12वें चैमगोन केंटिंग ताई स्तूप के गुरु वज्रधारा द्वारा अभिषेक, वाचन, प्रसारण और निर्देश प्राप्त हुए।
- 7, 23 और 27 जुलाई 2022 - एमएसई और एमएसआर के प्रारूप की समीक्षा हेतु सोवा-रिग्पा संकाय के प्रमुख की अध्यक्षता में संकाय परिषद की बैठक आयोजित की गई।

- 1 से 15 अगस्त 2022 - डॉ. नवांग कुन्चेन के नेतृत्व में, बीएसआरएमएस चतुर्थ वर्ष के छात्रों ने हिमालयी क्षेत्र, तवांग, अरुणाचल प्रदेश में वार्षिक चिकित्सा भ्रमण का सफलतापूर्वक आयोजन किया। जड़ी-बूटी पहचान, उनका परीक्षण तथा मूल्यांकन कर मूल्यांकन कर प्राप्तांक प्रारूप परीक्षा इकाई को प्रस्तुत कर डी की गई है। इसके अतिरिक्त सोवा-रिग्पा संकाय सदस्यों के सामने छात्रों ने परिसर में लौटने पर समूह प्रस्तुति भी दी।
- 24 अगस्त 2022 - बीएसआरएमएस चतुर्थ वर्ष के छात्रों ने तवांग अरुणाचल प्रदेश के क्षेत्रों में अपना मेडिकल भ्रमण पूरा करने के बाद सभी संकाय सदस्यों और छात्रों के साथ अपने अर्जित ज्ञान और अनुभव साझा किया।
- 20 नवम्बर 2022 - विद्यावारिधि के अध्ययनरत विद्वानों के अनुसंधान कार्य की व्यक्तिगत स्तर की स्थिति के सन्दर्भ में पर बैठक पीजीआरएच कक्ष में एक बैठक आयोजित की गई।
- 1 से 15 मार्च 2023 : बीएसआरएमएस नवप्रवेशी छात्रों के लिए 15 दिनों का अभिविन्यास कार्यक्रम चलाया गया।
- 3 जुलाई-14 जुलाई : डॉ. दावा डोल्मा ने दक्षिण भारत के बेलाकोपी में स्वास्थ्य विभाग, सीटीए (कुल 30 सत्र / 60 घंटे) द्वारा आयोजित आधुनिक चिकित्सा पद्धति पर दस दिवसीय अभिविन्यास कार्यक्रम में भाग लिया।

6. स्वास्थ्य कार्यक्रम

- 17 अप्रैल 2022 - सोवा-रिग्पा विभाग द्वारा रविवार युथोक सोवा-रिग्पा अस्पताल में श्री राघवेंद्र प्रताप सिंह, एल.एस नेत्र-आलय केंद्र द्वारा निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया।
- 27 सितंबर से 10 अक्टूबर 2022 - सोवा-रिग्पा विभाग के डॉ. कर्मा थर्चिन ने बीएसआरएमएस के 6 छात्रों के साथ "ट्रांस-हिमालयन आउटरीच प्रोग्राम" परियोजना के अंतर्गत देहरादून और उसके आसपास विशेष रूप से बौद्ध विहारों और तिब्बती वृद्धाश्रम में निदान एवं चिकित्सा सेवा प्रदान किया।
- 11 सितंबर 2022 - रविवार को एक दिवसीय सोवा-रिग्पा दिवस समारोह ए.पी. गेस्ट हाउस में आयोजित किया गया।

7. नीट (राष्ट्रीय प्रवेश पात्रता परीक्षा)

- 28 अगस्त 2022 - भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग - शैक्षणिक सत्र 2022-2023 के लिए सोवा-रिग्पा स्नातक के लिए राष्ट्रीय प्रवेश पात्रता परीक्षा अति शीघ्र करने के लिए (एनसीआईएसएम) भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् ने (सीआईएचटीएस) केन्द्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान को नामित किया है। सोवा-रिग्पा स्नातक के लिए राष्ट्रीय पात्रता प्रवेश परीक्षा (एनसीआईएसएम एनईईटी एसआर-यूजी-2022-2022) परीक्षा को सफलतापूर्वक आयोजित करने पर एनसीआईएसएम, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली से प्रशंसा पत्र भी प्राप्त हुआ था।

राष्ट्रीय प्रवेश पात्रता परीक्षा 2022

तवांग में वार्षिक चिकित्सा भ्रमण

नव प्रवेशियों हेतु अभिविन्यास कार्यक्रम

पाल्पुंग शेर्बलिंग मठ हिमांचल प्रदेश के निर्जन स्थान पर युर्थोंग निग्थिंग के लोग

नीट राष्ट्रीय प्रवेश पात्रता परीक्षा के सफल आयोजन पर, एन सी आई एस एम आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रशंसा पत्र

नीट राष्ट्रीय प्रवेश पात्रता परीक्षा के सफल आयोजन पर, एन सी आई एस एम आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रशंसा पत्र प्राप्त किया

औषध बौध दिवस एवं मौखिक संचरण दिवस

सी सी टी एम धर्मशाला द्वारा

लुडरुब औषध निर्माण शाला इकाई फार्मास्युटिकल यूनिट

उद्देश्य एवं लक्ष्य :

इकाई के मुख्य उद्देश्य हैं:-

1. सोवा-रिग्पा औषध निर्माण प्रक्रियाओं का व्यावहारिक प्रशिक्षण देना।
2. युथोक सोवा-रिग्पा अस्पताल के रोगियों के लिए नियमित सोवा-रिग्पा उत्पादों को उपलब्ध कराना।
3. सोवा-रिग्पा उत्पादों के फॉर्मूलेशन (सूत्रीकरण) की मानक आधारित गुणवत्ता को बनाये रखना।
4. छात्रों को नए उत्पादों के निर्माण हेतु शोध परक कार्यों में शामिल करना।

- **इकाई में वर्तमान कार्यरत अधिकारी/अधिकारी**

क्रम	पद/वर्ग	स्थायी	अतिथि संकाय	संविदा (निर्धारित मानदेय)	दैनिक वेतन भोगी
1	प्रबंधक/प्रभारी	-	1	-	-
2	सहायक प्रबंधक/प्रभारी	-	-	1	-
3	बहुविध कार्य कर्मचारी	2	-	1	7
	योग	12			

- **कच्ची औषधि/सामग्रियों का विवरण (परिशिष्ट -1)**

406 प्रकार की कच्ची औषधियाँ (वजन ग्राम में : 395, लीटर : 7, संख्या पैकट : 4)					
	प्रारम्भिक स्थिति	वार्षिक प्राप्ति	वार्षिक उपभोग	वार्षिक नष्ट/खराबी	शुद्ध शेष
मात्रा कि.लो.ग्राम	5285392.24	3265842	3910524	21787	4614203.24
मूल्य (रुपये)	3790000.85	986099.74	1177079.44	2173.23	3596257.91
मात्रा लीटर में	98883	691625	697355	8540	84613
मूल्य (रुपये)	29363.18	97505.60	106884.78	1451.65	15113.24
मात्रा संख्या/पैकेट	114	200	122	0	192
मूल्य (रुपये)	12535.00	20000.00	12200.00	0.00	20335.00
कुल योग	5384389.24	3957667	4608001	30327	4699008.24
कुल योग मूल्य (रुपये)	3831899.03	1103605.34	1296164.22	3624.88	3631706.15

विशेष: मूल्य 1 अप्रैल 2022

- **कच्ची औषधि/सामग्रियों का विवरण**

3. वार्षिक क्रय एवं श्रोत ***(सन्दर्भ : भण्डारण पंजिका : अधिकतम मूल्य /22-23/01)***

कच्ची औषधि श्रोत		मात्रा (किग्रा)	मात्रा (ली)	मात्रा (पैकेट/पीस)	मूल्य (रुपये)
1	हिमालयी क्षेत्र (एच आर)	343.134	0	0	522256.00
2	स्थानीय किसान/बाजार (एल ऍफ़ एम)	1631.980	690.000	201	535442.00
3	जडी बूटी उद्यान (के एच जी)	753.465	0	0	75346.50
4	इडीएमजी तवांग परियोजना (इडी एमजी)	211.500	0	0	193277.44
5	एकत्रित&अनुदान (सी&डी)	264.500	0	0	13375.00
	कुल	**3204.579**	**690.000**	**201**	**1339696.94**

विशेष: वास्तविक पर मूल्य आधारित

सोवा-रिग्पा चिकित्सा इकाई :

सोवा-रिग्पा चिकित्सा इकाई युथोग सोवा-रिग्पा अस्पताल का एक हिस्सा है, जो अपनी स्थापना के बाद से पारंपरिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहा है। यह चिकित्सा इकाई 2017 में रोगियों के लिए स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के साथ अपने प्राथमिक उद्देश्य बीएसआरएमएस कार्यक्रम के तहत संचालित पाठ्यक्रम के अंतर्गत कचुपा छात्रों के लिए शिक्षण प्रशिक्षण के दायित्व निर्वहन का निरंतर करता है। प्रशासित उपचार हेतु कुल 4 बहिरंग सेवा सुविधा है, इसके अतिरिक्त विभिन्न चिकित्सकों द्वारा रोग आधारित निर्देशित उपचार किया जाता है जैसे स्नासमेन, शेल, जैम्त्से, जुगपा, जांगबम, शेल बम, रैंगलुम्स, काम खाप, जीटार और गैर-इनवेसिव इत्यादि उपचार शामिल हैं।

मरीजों की संख्या:

महामारी से पहले, 2019-2020 में सोवा-रिग्पा चिकित्सा सुविधा प्राप्त करने वाले कुल रोगियों की संख्या 3865 थी। कोविड-19 महामारी के कारण थेरेपी सुविधा दो महीने (अप्रैल और मई 2020) के लिए बंद कर दी गई थी। अनलॉक-1 के शुरुआती चरण के बाद, जून 2020 से आवासीय छात्रों, कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों के लिए चिकित्सा सेवा कोविड प्रतिबंधो के साथ फिर से शुरू किया गया था। 2020-2021 में, चिकित्सा प्राप्त करने वाले रोगियों की संख्या 409 थी। 2021-2022 में यह 332 थी। 1 अप्रैल 2022 से 1 अप्रैल 2023 तक चिकित्सा सुविधा लेने वाले मरीजों विवरण निम्नवत् है।

क्रम संख्या	मास/वर्ष	पुरुष	महिला	कुल रोगी
1	अप्रैल 2022	6	14	20
2	मई 2022	5	3	8
3	जून 2022	5	1	6
4	जुलाई 2022	17	26	43
5	अगस्त 2022	40	29	69
6	सितम्बर 2022	69	107	176
7	अक्टूबर 2022	34	61	95
8	नवम्बर 2022	85	123	208

9	दिसंबर 2022	82	95	177
10	जनवरी 2023	68	104	172
11	फरवरी 2023	79	143	222
12	मार्च 2023	79	128	207
कुल मरीजों की संख्या		**569**	**834**	**1403**

चिकित्सा इकाई ने न केवल रोगियों की स्वास्थ्य सम्बन्धी आवश्यकताओं को पूरा किया, बल्कि बीएसआरएमएस कार्यक्रम के तहत काचुपा छात्रों के लिए शिक्षण-प्रशिक्षण की सुविधा को भी प्रदान किया। चिकित्सा इकाई छात्रों को गुणवत्ता युक्त स्वास्थ्य सेवाएं और प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है, इस प्रकार पारंपरिक चिकित्सा तकनीकी प्रथाओं के संरक्षण और संवर्धन में योगदान दिया जा रहा है।

औषधकोश इकाई

सोवा-रिग्पा के बारे में विश्व स्तर पर जागरूकता बढ़ रही है, इसलिए पूरी दुनिया में और विशेष रूप से भारत में रोगियों की संख्या सोवा-रिग्पा उत्पादों/दवा की मांग के साथ तेजी से वृद्धि हो रही है। लेकिन चूंकि, इन उत्पादों/दवाओं की सामान्य वैज्ञानिक स्वीकार्यता बहुत हद तक दवा के गुणवत्ता मानकों और गुणवत्ता नियंत्रण और इसकी विनिर्माण प्रक्रिया के अनुपालन पर निर्भर करती है। इसलिए वैज्ञानिक मानकों का निर्धारण होना अनिवार्य रूप से आवश्यक है।

परियोजना का उद्देश्य एवं लक्ष्य:

- सोवा-रिग्पा उत्पाद के क्यूसी (गुणवत्ता नियंत्रण) और क्यूए (गुणवत्ता आश्वासन) प्रदान करना
- एक प्रामाणिक औषधकोश ग्रन्थ प्रकाशित करना
- सोवा-रिग्पा दवा में प्रयुक्त औषध सामग्री और निर्माण प्रक्रिया की जानकारी प्रदान करना।

काम पूरा हुआ:

- सोवा-रिग्पा विभाग के विभाग प्रमुख के निर्देश के अनुसार "सोवा-रिग्पा शरीर रचना" नामक पुस्तक का कार्य संपन्न।

कार्य प्रगति पर है:

- "को-बाई 13वे औषधकोश सूत्रीकरण" पर पुस्तक के तीसरे संस्करण का कार्य प्रगति पर है।

निदान इकाई :

1) सोवा-रिग्पा निदान इकाई में 1 अप्रैल 2022 से 31 मार्च 2023 के बीच लगभग 644 = रोगी आये जिनका विभिन्न परीक्षण किया गया। जैसे:- रक्त, मूत्र, मल, थूक और जल्द।
2) सोवा-रिग्पा विकृति विज्ञान विभाग में सोवा-रिग्पा मेडिकल कॉलेज के अलग अलग सत्रों के बीएसआरएमएस छात्र अपने समय के अनुसार आते हैं और आवश्यकता के अनुसार व्यावहारिक परीक्षण और प्रौद्योगिकी तकनीकी के बारे में ज्ञान प्राप्त करते हैं ताकि भविष्य में रोगी के उपचार में मदद मिले।
3) सोवा-रिग्पा पैथोलॉजी सेंटर में, विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में मरीज विभिन्न प्रकार के परीक्षणों के लिए आ रहे हैं, जिनका परीक्षण बिना भेद भाव के चाहे वो अमीर हो या गरीब। सभी रोगियों को प्रदान की जाने वाली सुविधा एक समान तथा इस सेवा से की गयी मदद से रोगी संतुष्ट हैं।
4) सोवा-रिग्पा पैथोलॉजी सेंटर में अलग-अलग क्षेत्रों से मरीज आते हैं, जिसमें मध्य प्रदेश, बिहार, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, मिर्जापुर, भदोही, जौनपुर, आजमगढ़, देवरिया, मऊ आदि क्षेत्र शामिल हैं। सभी मरीज इस केंद्र का लाभ उठाते हैं।

5) सोवा-रिग्पा पैथोलॉजी सेंटर के बहिरंग रोगियों की संख्या और छात्रों की संख्या ग्राफ निम्नवत् है। सभी संख्या प्रतिशत में है, 1 अप्रैल से 31 मार्च 2023 तक है।



एक वर्ष में कुल रोगियों की संख्या लगभग = 644/-

अनुसंधान इकाई:

अनुसंधान कार्य जो पूरे हो चुके हैं:

1. हिंदी में एक शोध लेख : "तिब्बती चिकित्सा-विज्ञान में चित्त की चिकित्सा।
2. हिंदी में एक लेख लिखा – योगनिद्रा के तरीके और लाभ।
3. हिंदी में एक लेख "बौध मनोविज्ञान मेरी समझ"।
4. प्रायोगिक अध्ययन पूरा हो गया है यज्ञ (हवन) चिकित्सा का अस्थमा पर प्रभाव।
5. पायलट अध्ययन पूरा हो गया है। विषय- "आईबीएस और पाचन विकार पर योगासन का प्रभाव"।
6. विद्यावारिधि के पाठ्यक्रम के लिए शोध विधि एवं बायो-स्टेटिसटिक्स का पाठ्यक्रम प्रस्तुत किया।
7. विद्यावारिधि के विद्वान विद्यार्थियों हेतु प्रगति विवरण प्रारूप।

अन्य काम:

1. मनोचिकित्सा तकनीकों के साथ रोगियों का इलाज किया।
2. योग तकनीकों के साथ मनोदैहिक रोगियों का इलाज किया।
3. नैदानिक मनोविज्ञान, व्यवहार विकार और मनोचिकित्सा विषय पर (बीएसआरएमएस द्वितीय और तृतीय वर्ष) कक्षाएं लेना।
4. समन्वयक के रूप में बीएसआरएमएस के इंटर्नशिप छात्रों की सहायता और मार्गदर्शन।
5. अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का समन्वयन।

6. संकाय के विद्यावारिधि कार्यक्रम का समन्वयन।
7. एनसीआईएसएम कार्यशाला में भाग लिया।
8. सोवा-रिग्पा के राजपत्र का हिंदी में अनुवाद (प्रकाशित)
9. राजभाषा समिति के सदस्य के रूप में राज भाषा कार्य में सहयोग।
10. सोवा-रिग्पा के प्रेरक प्रशिक्षण कार्यक्रम व्यक्तित्व विकास और योग पर व्याख्यान दिया।
11. आई क्यू ए सी हेतु सहयोग।

भविष्य शोध कार्य :

1. तवांग (अरुणाचल प्रदेश) के लिए एक परियोजना तैयार करना।
2. छात्रों और अन्तरंग एवं बहिरंग रोगियों का तनाव प्रबंधन।
3. प्रो. एल. तेनजिन (तिब्बती-मनोविज्ञान या मनोचिकित्सा) की सहायता से हिन्दी में चित्त-विज्ञान पर एक पुस्तक लिखना।
4. संकाय के विद्यावारिधि छात्रों का सहयोग करना।

वनस्पति संग्रहालय इकाई :

1) उद्देश्य और लक्ष्य: –

- सोवा-रिग्पा आधारित औषधीय जड़ी-बूटियों की सही पहचान, अध्ययन और उपयोग।
- सोवा-रिग्पा चिकित्सा प्रणाली में उपयोग की जाने वाली जड़ी-बूटियों और खनिजों के लिए छात्रों का ज्ञान प्रदान कर परिचय करना।
- हर्बेरिया शीट पर विलुप्त या लुप्तप्राय जड़ी बूटियों के नमूने का संरक्षण।
- बीज और डीएनए नमूने के संरक्षण द्वारा भविष्य में प्रत्येक जड़ी बूटी के गुणवत्ता मानक में सुधार करना।

2) वनस्पति संग्रहालय का कार्य: –

- हिमाचल प्रदेश के मनाली, गर्शा, स्पीति, मणिकर्ण और अन्य क्षेत्रों तथा अरुणाचल प्रदेश के तवांग क्षेत्र से कुल 1211 हर्बेरिया नमूने एकत्र किए गए।
- सोवा-रिग्पा (सीआईएचटीएस) के कालचक्र उद्यान से एकत्र की गई कुल 63 जड़ी-बूटियों को हर्बेरियम शीट पर अलग से संलग्न किया गया है।
- सोवा-रिग्पा फार्मास्यूटिक्स में प्रयुक्त खनिजों, प्राकृतिक लवणों, वृक्षों और जड़ी-बूटियों से कच्ची औषधि के कुल 130 नमूने हर्बेरियम यूनिट में अलग से रखे गए हैं।
- हिमालयी क्षेत्र से एकत्र की गई जड़ी-बूटियों के लिए कुल 169 वाउचर नमूने जिनमें से 59 जड़ी-बूटियों को तिब्बती और अंग्रेजी भाषा दोनों में भरने का काम पूरा कर लिया गया है।
- बाजार से खरीदे गए फॉर्मेलिन में संरक्षित कुल 106 संरक्षित छोटे जानवरों और पौधों के नमूने।

3) भविष्य की परियोजना

- नमूनों को एकत्रित करने का कार्य निरंतर जारी रखना।
- कालचक्र वनौषधि उद्यान (के.उ.ति.शि. संस्थान) एवं देश के अन्य हिमालयी क्षेत्रों से जडी बूटियों का संग्रह कर शोध करना।

- परिसर में रहने वाले छात्रों के लिए जड़ी-बूटी आधारित ग्रीष्मकालीन परियोजना।
- वाउचर नमूना भरने का कार्य जारी रखना।
- पौधों के नमूनों की डीएनए फिंगर प्रिंटिंग और दुर्लभता और विलुप्त होने के समय में संभावित प्रसार के लिए उनके जीन को संरक्षित करना।
- जीपीएस के माध्यम से प्रत्येक संग्रह के लिए मानकों को बनाए रखने के लिए विभिन्न स्थानों से नमूनों का समन्वित संग्रह करना।

छात्रों द्वारा प्रस्तुति

मौखिक परीक्षा

राष्ट्रीय सोवा-रिग्पा दिवस समारोह

छात्रों की प्रदर्शनी

चिकित्सा शास्त्र 'सुश्रुत संहिता'



तेरहवीं (एन.सी.आई.एस.एम.) की बैठक

आर. एण्ड डी. की मासिक बैठक

निःशुल्क नेत्र-परीक्षण शिविर

विद्यावारिधि पाठ्यक्रम

आयुक्त वाराणसी द्वारा निरीक्षण

आदान-प्रदान कार्यक्रम

नैक निरीक्षण

वार्षिक एन.सी.आई.एस.एम. निरीक्षण

एन.सी.आई.एस.एम. (एन.वाई.आई.पी.ए.) निरीक्षण

विभाग की भावी योजना

नए शैक्षणिक और अस्पताल भवन निर्माण के बाद में अलग-अलग इकाई के रूप में एक पूर्ण सोवा-रिग्पा उत्कृष्ट केंद्र की स्थापना और विकास करना।

3D VIEW - SOWA RIGPA HOSPITAL CIHTS, SARNATH, VARANASI

3D VIEW - SOWA RIGPA HOSPITAL CIHTS, SARNATH, VARANASI

3D VIEW - SOWA RIGPA HOSPITAL CIHTS, SARNATH, VARANASI

3D VIEW - SOWA RIGPA HOSPITAL CIHTS, SARNATH, VARANASI

- प्रोफेसर लोबसांग तेनज़िन द्वारा आरम्यूड-बीज़ी की टिप्पणी, डावे ग्यालपो की टिप्पणी की चालू परियोजना को भविष्य में जारी रखना।
- "तिब्बती चिकित्सा में फार्माकोपिया" को चालू परियोजना।
- तिब्बती और अंग्रेजी में "हर्बेरियम नमूना" को चालू परियोजना।
- औषधीय जड़ी-बूटियों और उत्पादों एवं फॉर्मूलेशन पर शोध करना।
- सोवा-रिग्पा के माध्यम से स्थानीय लोगों को स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराना।

- सदूर क्षेत्र में मातृ-शिशु स्वास्थ्य देखभाल के माध्यम से स्त्री रोग संबंधी रोग पर सोवा-रिग्पा दवाओं की प्रभावशीलता को समझाना और बढ़ावा देना।
- चिकित्सा की अन्य प्रणालियों के सहयोग से पुरानी और संक्रामक बीमारियों पर नैदानिक अनुसंधान करना।
- अन्य विश्वविद्यालयों (राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय) के सहयोग से दवा के मानकीकरण पर शोध करना।
- भारतीय चिकित्सा के प्राचीन शास्त्रों का तिब्बती भाषा में अनुवाद करना।
- अधिक ऊंचाई वाले पौधों की लुप्तप्राय और दुर्लभ प्रजातियों की खेती के लिए तवांग, अरुणाचल प्रदेश में हर्बल गार्डन की स्थापना की गई।
- स्नातक कार्यक्रम के लिए छात्रों की संख्या में वृद्धि।
- सोवा-रिग्पा पीजी कार्यक्रम का दूसरा बैच शुरू।
- पीजी और पीएचडी पाठ्यक्रम कार्यक्रमों हेतु विशेषज्ञो को प्रशिक्षित करना।
- अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सोवा-रिग्पा को बढ़ावा देना और विश्व स्तर पर अधिक रोगियों की सेवा करना।
- अलग से नए शैक्षणिक और अस्पताल भवन के निर्माण के साथ पूर्ण विकसित सोवा-रिग्पा उत्कृष्ट केंद्र की स्थापना और विकास करना।
- निर्धारित लक्ष्य को बनाए रखने और स्थापित करने के लिए शैक्षणिक और अस्पताल प्रबंधन में अधिक जनशक्ति की भर्ती करना।

वर्तमान स्थिति

नए शैक्षणिक, औषधि-निर्माणशाला और अस्पताल भवन के अलग-अलग निर्माण के साथ एक पूर्ण उत्कृष्ट सोवा-रिग्पा केंद्र की स्थापना और विकास की वर्तमान स्थिति

डॉ. दोर्जे दमडुल

प्रशासनिक सेवा समितियों की सदस्यता:

1. डीन, सोवा रिग्पा और भोट ज्योतिष संकाय, शिल्पा विद्या संकाय, के.उ.ति.शि.सं.
2. मुख्य सतर्कता अधिकारी, सीवीओ, के.उ.ति.शि.सं., सारनाथ, वाराणसी
3. अध्यक्ष, विभागीय अनुसंधान समिति, सोवा रिग्पा विभाग,
4. अध्यक्ष, स्पॉट खरीद समिति, सोवा रिग्पा विभाग, के.उ.ति.शि.सं.

5. निदेशक, एनसीआईएसएम एनईईटी एसआर यूजी सोवा रिग्पा अंडरग्रेजुएट 2022
6. सदस्य, अध्ययन बोर्ड, सोवा रिग्पा, के.बौ.वि.सं., लेह-लद्दाख
7. सदस्य, सोवा-रिग्पा केंद्रीय परामर्श समिति (एसआरसीसी), एनसीआईएसएम
8. सदस्य, सोवा रिग्पा, एनसीआईएसएम, नई दिल्ली के लिए सलाहकार समिति
9. सदस्य, एनआईटी, लेह लद्दाख, यूटी की शैक्षणिक और वैज्ञानिक सलाहकार समिति
10. निदेशक, एनसीआईएसएम एनईईटी एसआर यूजी सोवा रिग्पा अंडरग्रेजुएट 2023
11. चिकित्सा अधीक्षक, सोवा रिग्पा युथोग अस्पताल, के.उ.ति.शि.सं.
12. सह-अन्वेषक, ईडीएमजी, तवांग परियोजना, अरुणाचल प्रदेश

सेमिनार/सम्मेलन/कार्यशालाएँ और अन्य विश्वविद्यालयी गतिविधियाँ

1. 4 मई 2022 : एनसीआईएसएम कार्यालयीय नई दिल्ली में आयोजित "सोवा रिग्पा सलाहकार समिति की बैठक" में भाग लिया।
2. 20-21 मई 2022 : भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा वित्त पोषित एनआईटी सिक्किम के सहयोग से एनआईएसआर लेह द्वारा आयोजित "उत्तर पूर्वी राज्यों के सोवा रिग्पा के अभ्यासकर्ताओं के लिए सोवा रिग्पा पर राष्ट्रीय कार्यशाला" में भाग लिया और व्याख्यान दिया।
3. 13 जून 2022 : एनसीआईएसएम कार्यालय, नई दिल्ली में आयोजित "सोवा रिग्पा प्रिंसिपल्स मीटिंग" में भाग लिया।
4. 14-15 जुलाई 2022 : स्वास्थ्य विभाग, सीटीई द्वारा धर्मशाला, हिमाचल प्रदेश, भारत में आयोजित "7वीं स्वास्थ्य समीक्षा बैठक" में भाग लिया और व्याख्यान दिया।
5. 30-31 जुलाई 2022 : शिक्षक शिक्षा केंद्र, सीआईएचटीएस द्वारा आयोजित "राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर राष्ट्रीय सम्मेलन" में भाग लिया।
6. 9 सितंबर 2022 : एनसीआईएसएम कार्यालय, नई दिल्ली में आयोजित "सोवा-रिग्पा सेंट्रल काउंसलिंग कमेटी (एसआरसीसी) की बैठक" में भाग लिया।
7. 8 अक्टूबर 2022 : मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, इलाहाबाद, प्रयागराज, यूपी, भारत के जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा आयोजित "हर्बल थेरेप्यूटिक्स : आधुनिक चिकित्सा में प्रासंगिकता पर एक दिवसीय सम्मेलन" में भाग लिया और व्याख्यान दिया।
8. 4-6 नवंबर 2022 : सीआईएचटीएस के पूर्व छात्र संघ द्वारा आयोजित "तिब्बती और हिमालयी अध्ययन पर दूसरे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन" में भाग लिया।
9. 11-12 नवंबर 2022 : सीआईएचटीएस के शिक्षक शिक्षा केंद्र द्वारा आयोजित "सुशासन में सर्वोत्तम प्रथाओं पर राष्ट्रीय सम्मेलन" में भाग लिया।
10. 1-5 मार्च 2023 : धर्मशाला, हिमाचल प्रदेश में आयोजित "सीसीटीएम 37वीं बोर्ड बैठक" में भाग लिया।

वर्ष का प्रकाशन:

1. मटेरिया मेडिका भाग I, खंड-VII, पृष्ठ-684, आईएसबीएन 97881950147-0-5
2. मटेरिया मेडिका भाग II, खंड-आठवीं, पृष्ठ-759, आईएसबीएन 97881950147-1-2
3. मटेरिया मेडिका भाग III, खंड-IX, पृष्ठ-778, आईएसबीएन 97881950147-8-1

4. मटेरिया मेडिका भाग IV, खंड-X, पृष्ठ-935, आईएसबीएन 97881950147-2-9
5. डायग्नोस्टिक तकनीक, खंड-XI, पृष्ठ-725, आईएसबीएन 97881950147-9-8
6. एथिक्स ऑफ फिजिशियन, खंड-बारहवीं, पृष्ठ-353, आईएसबीएन 97881959731-0-1

(II) भोट ज्योतिष विभाग

(1) डॉ. टशी छेरिंग (जे)	-	एसोसिएट प्रोफेसर
(2) डॉ. जम्पा छोफेल	-	असिस्टेंट प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष
(3) डॉ. उमाशंकर शर्मा	-	अतिथि प्राध्यापक

शैक्षणिक गतिविधियाँ-

डॉ. टशी छेरिंग (जे)

1. 13-15 जुलाई 2023 - NCISM के अनुरोध पर और संस्थान के आदेश के परिणामस्वरूप मैंने तीन दिनों के लिए दिल्ली में सोवरिग्पा के कोर्स के डिज़ाइन करने की मीटिंग में भाग लिया।
2. 26 जुलाई 2023 - मैंने विभाग के सिलेबस संशोधन समिति का हिस्सा बना।
3. CIHTS, सारनाथ के पहले और दूसरे सेमेस्टर के पेपर सेटिंग भी की।
4. CIHTS, सारनाथ के पहले और दूसरे सेमेस्टर की मूल्यांकन भी की।
5. CIHTS, सारनाथ के पहले और दूसरे सेमेस्टर के पेपरों की मॉडरेशन भी की।
6. CIHTS, सारनाथ के पहले और दूसरे सेमेस्टर के क्लास असाइनमेंट की मूल्यांकन भी की।
7. CIHTS, सारनाथ के दूसरे सेमेस्टर 2023 के दौरान इन्विजिलेटर भी की।
8. "स्पोर थांग रटिस क्यी स्कोर गो" नामक पुस्तक का योगदान, जिसका अगस्त 2023 में संस्थान ने प्रकाशित किया गया, ISBN 978-81-953904-8-9।

डॉ. जम्पा छोफेल

31 अगस्त, 2023 की आपकी अधिसूचना के संदर्भ में, जो मुझे 4 सितंबर, 2023 को प्राप्त हुई, जिसमें वर्ष 2022-2023 के लिए वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया था, मैं आपको सूचित करना चाहता हूं कि मैंने सभी शिक्षण गतिविधियों को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। इसके अलावा, मैं दिए गए चक्र के दौरान आयोजित निम्नलिखित कार्यक्रमों पर प्रकाश डालना चाहूंगा:

1. 6 जुलाई, 2022 को प्राग में एक अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार में भाग लिया, जहाँ मैंने "सेक्सजेनरी और तिब्बती खगोल विज्ञान में इसके अनुप्रयोग" पर एक पेपर प्रस्तुत किया।
2. सीआईएचटीएस पूर्वतन छात्रों के एक अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार में भी भाग लिया और "साठ-वर्षीय गणना प्रणाली" पर एक पेपर प्रस्तुत किया।
3. नवंबर 2022 में तिब्बती समुदाय में "साठ-वर्षीय गणना प्रणाली" पर एक शोध पत्र में योगदान दिया।
4. 2022 के अंत में नव नालंदा महाविहार की नालंदा संवाद श्रृंखला-I में एक और शोध पत्र जोड़ा।
5. 05 जनवरी, 2023 को विनिमय exchange program कार्यक्रम प्रतिभागियों के लिए तिब्बती ज्योतिष विज्ञान पर व्याख्यान देने के लिए एक संसाधन व्यक्ति के रूप में आमंत्रित किया गया था।

6. 7 मार्च, 2023 को सोवारिग्पा इंडक्शन कार्यक्रम के लिए तिब्बती ज्योतिष विज्ञान पर व्याख्यान देने के लिए एक संसाधन व्यक्ति के रूप में आमंत्रित किया गया था।

इन शैक्षणिक कार्यक्रमों के अलावा, मैंने NAD, AISHE, AIU के नोडल अधिकारी, स्वच्छ भारत के अध्यक्ष, IQAC के सदस्य, प्रवेश समिति, स्क्रूटनी समिति के सदस्य आदि के रूप में भी कार्य किया और NAAC तैयारी कार्य के विभिन्न वर्गों में सक्रिय रूप से योगदान दिया। मैं सीआईएचटीएस के पूर्वतन छात्र संघ के कोषाध्यक्ष के पद पर भी रहा और निर्बाध शैक्षणिक शिक्षण के साथ-साथ अन्य आधिकारिक गतिविधियों में भी लगा रहा।

डॉ. उमाशंकर शर्मा

कार्यशाला/विशेष व्याख्यान

1. 13 अगस्त 2022 - हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत "राष्ट्र निर्माण में राष्ट्रीय चिन्हों का महत्त्व" विषय पर आयोजित विशेष व्याख्यान में समिति के सदस्य के रूप में प्रतिभाग किया।
2. 28 मार्च 2023 - महिला दिवस के उपलक्ष्य में "प्रयोगिकी एवं डिजिटल शिक्षा के विकास में महिलाओं का योगदान" पर आयोजिय व्याख्यान में समिति के सदस्य के रूप में प्रतिभाग किया।
3. 31 जनवरी 2023 से 04 फरवरी 2023 - "अर्थशास्त्र की बुनियादी (सामान्य) अवधारणाएँ" विषय पर समिति के सदस्य के रूप में प्रतिभाग किया।

सेमिनार/सम्मेलन

1. नवंबर 2022 - भारतीय चित्रकला और बदलती गतिशीलता में महिलाओं का चित्रण, आईसीएचआर नई दिल्ली और अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना सिलीगुड़ी द्वारा आयोजित, सिलीगुड़ी।
2. 10 एवं 11 नवम्बर 2022 - "ज्योतिष शास्त्र में पुरुषार्थ चतुष्ट्य" विषय पर आयोजित अन्तर्राष्ट्रिय ज्योतिष सम्मेलन ज्योतिष विभाग संस्कृत विद्या धर्म विज्ञान संकाय काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी।
3. 26 से 28 दिसंबर 2022 - अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना और आईसीएचआर नई दिल्ली द्वारा "स्व", स्वतंत्रता और प्रतिरोध : अतीत से वर्तमान तक" विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार, मेडिकल कॉलेज, सासाराम में आयोजित।
4. 4-5 मार्च, 2023 - "बुद्ध की धरती पर कविता" विषय पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में समिति सदस्य के रूप में प्रतिभाग किया।

3. शोध विभाग

प्राचीन लुप्तप्राय ग्रन्थों का पुनरुद्धार, सम्पादन तथा उनका संस्कृत, तिब्बती एवं हिन्दी भाषा में अनुवाद एवं प्रकाशन, संस्थान का प्रमुख शोध एवं प्रकाशन कार्य है। पुनरुद्धार, अनुवाद, सम्पादन, संकलन एवं प्रकाशन, ये संस्थान की प्रमुख शोध गतिविधियाँ हैं, जो निम्नलिखित विभागों द्वारा संचालित हैं–

1. पुनरुद्धार विभाग

2. अनुवाद विभाग

3. दुर्लभ बौद्ध ग्रन्थ शोध विभाग

4. कोश विभाग

5. तिब्बती साहित्य केन्द्र

1. पुनरुद्धार विभाग

तिब्बती भाषा में उपलब्ध प्राचीन भारतीय बौद्ध वाङ्गमय को पुनः संस्कृत में उपलब्ध कराने हेतु इस विभाग की स्थापना हुई है। यह शोध विभाग का एक स्वतन्त्र विभाग है। इसका उद्देश्य न केवल शोध हेतु ग्रन्थों का पुनरुद्धार करना है, अपितु लुप्त प्राचीन भारतीय बौद्ध परम्परा को पुनर्जीवित करना भी है। विश्व में यह एकमात्र ऐसा विश्वविद्यालय है, जहाँ पर इस तरह का कार्य किया जा रहा है। इसमें प्राथमिकता के आधार पर आचार्य नागार्जुन, आर्यदेव, शान्तरक्षित, कमलशील एवं आचार्य अतीश आदि के ग्रन्थों पर कार्य हो रहा है।

संस्कृत भाषा में उपलब्ध भारतीय बौद्ध वाङ्गमय तिब्बती भाषा में अनुवाद की 7वीं शताब्दी की परम्परा का अनुसरण करते हुए, इस विभाग के विद्वान् आज भी संस्कृत भाषा के विद्वानों के साथ तिब्बती ग्रन्थों का संस्कृत में पुनरुद्धार कर रहे हैं।

प्राचीन समय में तिब्बती अनुवाद के लिए बौद्ध दर्शन के भारतीय विद्वानों के साथ मिलकर कार्य करना आवश्यक था। इस परम्परा के अनुसार विभाग के तिब्बती विद्वान्, बौद्ध दर्शन के भारतीय विद्वानों के साथ कार्य कर रहे हैं। विभाग के लिए यह गर्व का विषय है कि यहाँ राष्ट्रपति एवं पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित बौद्ध दर्शन के ख्याति-प्राप्त विद्वान् स्व. प्रो. रामशंकर त्रिपाठी एवं प्रो. पी.पी. गोखले जी तिब्बती विद्वानों के साथ कार्यरत थे।

अब तक इस विभाग ने बौद्ध धर्म दर्शन के अनेक महत्त्वपूर्ण ग्रन्थों का पुनरुद्धार एवं हिन्दी अनुवाद किया है। विभाग द्वारा प्रकाशित अनेक ग्रन्थ उत्तर प्रदेश संस्कृत अकादमी द्वारा पुरस्कृत भी हो चुके हैं।

विभाग में कार्यरत सदस्य एवं पदनाम-

1. डॉ. लोब्संग दोर्जे - एसोसिएट प्रोफेसर (विभागाध्यक्ष)
2. भिक्षु नवांग ग्यालछेन नेगी - शोध सहायक

वर्तमान सत्र में विभाग की गतिविधियां निम्नवत् हैं –

(क) मुख्य कार्य –

लुप्त बौद्ध संस्कृत ग्रन्थों का तिब्बती भाषा से संस्कृत में पुनरुद्धार, शोध, अन्य बौद्ध ग्रन्थों का अनुवाद, सम्पादन, प्रकाशनार्थ तैयार करना, संगोष्ठी एवं कार्यशाला का आयोजन, अन्य शैक्षणिक कार्य तथा आगन्तुक (Visiting) शोध विद्वानों का सहयोग करना।

प्रकाशित ग्रन्थ:-

1. **मध्यमकरत्नप्रदीप** – आचार्य भावविवेक द्वारा रचित ग्रन्थ के तिब्बती संस्करणों का समालोचनात्मक सम्पादन, हिन्दी अनुवाद एवं भूमिका आदि का कार्य सम्पन्न कर इसे वर्ष 2022 में प्रकाशित किया गया।

(ख) कार्याधीन प्रमुख योजनाएँ-

1. **बोधिचित्त विवरण** – आचार्य नागार्जुन विरचित इस ग्रन्थ का प्रो. पी.पी. गोखले जी (अतिथि प्राध्यापक) के सहयोग से स्व. भिक्षु ग्लछेन नमडोल ने संस्कृत पुनरुद्धार का कार्य सम्पन्न किया जा चुका है। इस ग्रन्थ को पुनः संशोधन कर संस्कृत पुनरुद्धार के पद्यांश को भी द्वितीय संस्करण में प्रकाशित किया जायेगा। इस प्रोजेक्ट के मुख्य धारक के सेवा निवृत्त होने के बाद एकाध साल में उनकी मृत्यु हो गई। जिसके कारण इस प्रोजेक्ट को विभाग द्वारा अपने हाथ में लिया है। सम्प्रति ग्रन्थ के भूमिका एवं परिशिष्ट आदि का कार्य प्रगति पर है।
2. **बोधिपथप्रदीपपञ्जिका** – आचार्य दीपंकरश्रीज्ञान द्वारा रचित इस ग्रन्थ का स्व. प्रो. रामशंकर त्रिपाठी जी के साथ संस्कृत में पुनरुद्धार एवं हिन्दी अनुवाद का कार्य सम्पन्न किया जा चुका है। लेकिन ग्रन्थ के अधिकांश लम्बे छन्दों के कुछ अंश का अन्तिम रूप देना बाकी रह गया था, उसे प्रो. पी.पी. गोखले जी (अतिथि प्राध्यापक) के सहयोग से सम्पन्न किया गया। सम्प्रति ग्रन्थ के भूमिका एवं परिशिष्ट आदि का कार्य प्रगति पर है।
3. **आर्यसर्वबुद्ध-विषयावतार-ज्ञानलोक-अलंकारनाम महायान सूत्र** – इस सूत्र का तिब्बती संस्करण के साथ संस्कृत पांडुलिपि के महत्वपूर्ण संस्करण का समालोचनात्मक संपादन प्रो. पी.पी. गोखले जी के सहयोग से सम्पन्न किया गया है। सम्प्रति समीक्षात्मक भूमिका लेखन का कार्य प्रगति पर है। इसे जल्द ही प्रकाशित किया जायेगा।
4. **महाव्युत्पत्ति** – 9वीं शताब्दी में भारतीय आचार्य एवं भोट अनुवादकों द्वारा प्रयुक्त विस्तृत संस्कृत-तिब्बती कोश के शब्दावली के संकलन का कार्य सम्पन्न हो चुका है तथा अन्य दो तिब्बती संस्करणों के साथ मिलान का कार्य भी पूर्ण हो चुका है। सम्प्रति समीक्षात्मक भूमिका लेखन एवं परिशिष्ट का कार्य प्रगति पर हैं।
5. **युक्तिषष्टिका** – आचार्य नागार्जुन द्वारा रचित इस ग्रन्थ पर आचार्य चन्द्रकीर्ति द्वारा इसकी व्याख्या सहित संस्कृत पुनरुद्धार पर पुनः संशोधन का कार्य प्रो. पी.पी. गोखले जी के सहयोग से किया जा रहा है। सम्प्रति तिब्बती संस्करण पर भूमिका लेखन का कार्य प्रगति पर है। यह कार्य योजना अनुवाद विभाग के साथ संयुक्त रूप से किया जा रहा है।
6. **धर्मधातुस्तव** – आचार्य नागार्जुन द्वारा रचित इस ग्रन्थ का पुनरुद्धार, हिन्दी एवं अंग्रेजी में अनुवाद का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। पिछले कुछ वर्ष पहले ऑस्ट्रिया से प्रकाशित एक राजनयिक संस्करण की पाण्डुलिपि का एक प्रतिलिपि प्राप्त हुई है। फिलहाल प्रकाशित नये संस्करण और अन्य पाण्डुलिपियों के साथ पुनः पाठ मिलान तथा चार भाषाओं (संस्कृत, तिब्बती, हिन्दी और अंग्रेजी) का समालोचनात्मक संपादन एवं संशोधन का कार्य प्रो. पी.पी.गोखले जी के सहयोग से सम्पन्न किया गया। सम्प्रति तिब्बती एवं हिन्दी भूमिका लेखन का कार्य प्रगति पर है।
7. **प्रहाणपूरकशतवन्दनानाम महायानसूत्र, करण्डव्यूहमहायानसूत्र, प्रतीत्यसमुत्पादसूत्र एवं दशकुशलसूत्र**- इन चारों सूत्रों का संस्कृत में पुनरुद्धार एवं हिन्दी अनुवाद का कार्य लगभग सम्पन्न होने जा रहा है। सम्प्रति हिन्दी अनुवाद एवं समालोचनात्मक संपादन आदि का कार्य प्रगति पर है।

8. **महायानपथक्रम** – आचार्य सुभागवज्र द्वारा रचित इस ग्रन्थ का अन्य तिब्बती संस्करणों के साथ समालोचनात्मक संपादन, तिब्बती से हिन्दी में अनुवाद तथा संस्कृत पुनरुद्धार का कार्य पूर्ण कर इसे प्रो. पी.पी. गोखले जी के निर्देशन में संपादन का कार्य सम्पन्न किया गया है। सम्प्रति एक समीक्षात्मक भूमिका सहित सहायक ग्रन्थों की सूची एवं शब्दकोश आदि का कार्य प्रगति पर है।
9. **विनयपरिभाषिक शब्दकोश** – विनय से सम्बद्ध तिब्बती-संस्कृत पारिभाषिक शब्द कोश का कार्य प्रगति पर है। यह कार्य कोश विभाग के साथ संयुक्त रूप से किया जा रहा है।
10. **संक्षिप्तनानादृष्टिविभाजनम्** – आचार्य उमेश सिंह द्वारा रचित इस ग्रन्थ के संस्कृत पुनरुद्धार का कार्य प्रो. पी.पी. गोखले जी के सहयोग से सम्पन्न किया गया है। सम्प्रति भूमिका लेखन का कार्य प्रगति पर है।
11. **अबोधबोधकं नाम प्रकरणम्** – आचार्य नागार्जुन द्वारा रचित इस ग्रन्थ का संस्कृत पुनरुद्धार कार्य प्रो. पी.पी. गोखले जी के सहयोग से कार्य पूर्ण हो चुका है। सम्प्रति भूमिका लेखन का कार्य प्रगति पर है।

सामूहिक शोध-कार्य-

1. **आचार्य बुद्धपालित द्वारा विरचित मूलमाध्यमिकवृत्ति बुद्धपालित-** इस ग्रन्थ के आंशिक रूप में उपलब्ध मूल संस्कृत पाण्डुलिपि का चीनी विद्वान ई-शाओयाङ द्वारा संपादित किये गये ग्रन्थ के आधार पर पुनरुद्धार विभाग एवं अनुवाद विभाग ने प्रो. पी.पी. गोखले जी के निर्देशन में ग्रन्थ की सातवीं (संस्कृत) परीक्षा के अपूर्ण विलुप्त संस्कृत अंशो को भोट अनुवाद के सहयोग से संपादन और पुनरुद्धार का कार्य सम्पन्न कर दुर्लभ विभाग के धीः पत्रिका के 62वें अंक, पृ. सं. 151-170, ISSN 2395-1524, में प्रकाशित किया गया।
2. **श्रीवनरत्न**-मुखागमरत्न-सारमाला- तनग्युर संस्करण से इस ग्रन्थ का एक अद्भुत बहुभाषी के रूप में पाण्डुलिपि उपलब्ध हुई है। जो भारतीय आचार्य वनरत्न द्वारा रचित अथवा संकलित ग्रन्थ है। इस ग्रन्थ का मूल संस्कृत पाठ तिब्बती में लिपिबद्ध है और तिब्बती भाषा में अनुवाद भी है। लेकिन संस्कृत पाठ लगभग पूर्ण रूप से अशुद्ध एवं त्रुटिपूर्ण है। इसलिए विभाग द्वारा ग्रन्थ के तिब्बती पाठ का समालोचनात्मक संपादन, मूल संस्कृत पाठ का संपादन, हिन्दी अनुवाद एवं ग्रन्थ में संकलित श्लोकों के स्रोत आगमों की खोज आदि पर कार्य करने का निर्णय लिया है। प्रो. पी.पी. गोखले (सेवा निवृत्त) ने हिन्दी अनुवाद एवं संस्कृत संस्करण के संपादन में सहयोग करने का आश्वासन दिया है।
3. विभाग के सभी सदस्य परम पावन दलाई लामा जी के निजी कार्यालय की ओर से निर्देशित **'बौद्ध विज्ञान-दर्शन एवं सिद्धान्त समुचय'** ग्रन्थ का तिब्बती भाषा से हिन्दी में अनुवाद का कार्य प्रथम प्रारूप सम्पन्न हो चुका है। सम्प्रति इस ग्रन्थ पर अन्तिम संपादन का कार्य प्रगति पर है।
4. विभाग के सभी सदस्य महापण्डित राहुल सांकृत्यायन द्वारा तिब्बत से लाये गये कग्युर-तन्ग्युर एवं सुङ्बुम का हिन्दी अनुवाद कार्य योजना पर कार्य कर रहे हैं।

प्रो. पी.पी. गोखले जी के निर्देशन में पुनरुद्धार एवं अनुवाद विभाग के सदस्यगण सामूहिक रूप में कार्य करते हुए।

(ख) अन्य शैक्षणिक कार्य:-

1. **भारतीय आचार्य श्रीवनरत्न द्वारा संकलित सिद्धेश्वर महापण्डित श्रीवनरत्न-मुखागमरत्न-सारमाला-** आचार्य नवांग ग्यालछेन नेगी ने इस ग्रन्थ का तिब्बती से हिन्दी में अनुवाद कार्य का प्रथम प्रारूप सम्पन्न किया गया। इस ग्रन्थ के द्वितीय चरण का पुनः तिब्बती पाठ के साथ मिलान करते हुए संशोधन का कार्य सम्पन्न किया गया। साथ ही ग्रन्थ में संकलित श्लोकों का तनग्युर से संस्कृत एवं तिब्बती आगम स्रोतों की यथासम्भव खोज कर उद्धरण देने तथा कम्प्यूटर में इन्पुट करने का कार्य किया।
2. **आचार्य बुद्धपालित द्वारा रचित मूलमाध्यमिक भाष्य** – आचार्य नवांग ग्यालछेन नेगी ने इस ग्रन्थ की सातवीं (संस्कृत) परीक्षा के संपादित संस्कृत संस्करण में कुछ त्रुटियां एवं संपादन का कार्य छूट जाने के कारण पुनः तिब्बती पाठ के साथ मिलान करते हुए संशोधन करने का कार्य किया। तत्पश्चात् धीः पत्रिका के सह-सम्पादक के साथ पुनः तिब्बती पाठ के सहयोग से संस्कृत पाठ में त्रुटियां एवं छूटे गये पाठ को यथासम्भव पूर्ण करने का प्रयास किया। जहाँ सन्देह एवं अस्पष्टता पायी गई, उसे बाद में प्रो. पी.पी. गोखले जी से सम्पर्क कर सम्पादन कार्य को पूर्ण रूप से सम्पन्न कर कम्प्यूटर में संशोधन करने का कार्य किया तथा दुर्लभ शोध विभाग के धीः पत्रिका के 62वें अंक में प्रकाशन हेतु प्रस्तुत किया।
3. डॉ लोबसंग दोर्जे (विभागाध्यक्ष) ने विश्वविद्यालय के मूल्यांकन हेतु संस्थान में नैक पीयर टीम के आगमन पर अंग्रेजी एवं हिन्दी भाषा में **"पुनरुद्धार विभाग की संक्षिप्त परिचय एवं उपलब्धियां"** नामक एक ब्रोशर तैयार किया है। जिसमें निम्नलिखित विषयों पर प्रकाश डाला है:- 1. पुनरुद्धार विभाग की स्थापना एवं उद्देश्य 2. तिब्बत में भारतीय साहित्य का संरक्षण 3. पुनरुद्धार का अर्थ एवं स्वरूप 4. पुनरुद्धार कार्य को वैश्विक सत्र पर मिली प्रशंसा 5. पुनरुद्धार की प्रक्रिया 6. भारतीय आचार्यों के कार्यों की प्राथमिकता 7. तिब्बती भाषा और संस्कृत के साथ सम्बन्ध 8. पुनरुद्धार आधारित पारिभाषिक शब्द-ग्रन्थ तथा पुनरुद्धार विभाग द्वारा पुनरुद्धारित, अनूदित एवं संपादित ग्रन्थों की सूची, विभाग के अतिरिक्त पुनरुद्धारित, अनूदित एवं संपादित ग्रन्थों की सूची, प्रकाशित सामूहिक शोध कार्यों के ग्रन्थों की सूची (संपादन एवं पुनरुद्धार) तथा कार्याधीन प्रमुख योजनाएं सम्मिलित हैं।
4. आचार्य नवांग ग्यालछेन नेगी ने संस्थान के वेबसाइट हेतु "पुनरुद्धार विभाग का इतिहास एवं उपलब्धियों" के संक्षिप्त एवं विस्तार परिचय के अंग्रेजी संस्करण का हिन्दी भाषा में अनुवाद किया।
5. विभाग द्वारा संस्थान के पुनरुद्धारित ग्रन्थों की संख्याओं की सूचना हेतु सूची तैयार करने का कार्य किया। जिसमें संस्थान के विद्वानों द्वारा पुनरुद्धार किये गये सम्पूर्ण ग्रन्थों की सूची, पुनरुद्धारित अप्रकाशित ग्रन्थों की सूची, विभाग द्वारा पुनरुद्धारित प्रकाशाधीन ग्रन्थों की सूची, ग्रन्थकारों का नाम एवं ग्रन्थों के दे-गे संस्करण की संख्या देने तथा कम्प्यूटर में इन्पुट कार्य आदि सम्मिलित हैं।
6. डॉ. लोबसंग दोर्जे ने **'कौशम्बी में बौद्ध धर्म का विकास एवं उपलब्धि'** पर एक लेख प्रस्तुत किया गया। जिसे संस्थान के राजभाषा कार्यान्वयन समिति के 'बोधिप्रभ' नामक वार्षिक पत्रिका के द्वितीय खण्ड, पृ.सं. 85-98 में प्रकाशित किया गया है।
7. डॉ. लोबसंग दोर्जे ने **"थेरवाद और मूलसर्वास्तिवाद परम्परा के सात अभिधर्मों पर विश्लेषण"** विषय पर तिब्बती भाषा में एक लेख प्रस्तुत किया गया। यह लेख तिब्बती कार्य और अभिलेखागार का पुस्तकालय, धर्मशाला के तमछोक नामक पत्रिका (भाग-42) में प्रकाशित किया गया। पृ. सं. 99-124, आईएसएसएन. 2454-5066.
8. डॉ. लोबसंग दोर्जे ने दिनांक 29 अप्रैल और 11 मई, 2022 को पीएचडी कोर्स वर्क प्रोग्राम के तहत संस्थान के अनाथपिण्डद अतिथिगृह में पीएचडी छात्रों को **"शोध पद्धति"** विषय पर व्याख्यान दिया।

9. दिनांक 22 से 24 मई, 2022 तक गेलुग इन्टरनेशनल फाउंडेशन, मुंडगोड, दक्षिण भारत द्वारा **"शोध पद्धति"** विषय पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ. लोबसंग दोर्जे ने दक्षिण भारत के गेलुग सम्प्रदाय के छह विभिन्न मठों से पधारे 20 से अधिक गेशे ल्हारम्पा डिग्री धारकों एवं शोधकर्ताओं को उपर्युक्त विषय पर व्याख्यान दिया। ये सभी सम्मानित गेशे बौद्ध दर्शन के पांच प्रमुख विषयों एवं साधना पर शोध कर रहे हैं।

10. दिनांक 18-20 अक्टूबर, 2023 को संस्थान में नैक पीयर टीम के आगमन के दौरान अतिशसभागार के आंगन में पुनरुद्धार विभाग सहित अन्य शोध विभागों के शोध गतिविधियों एवं प्रकाशनों का प्रदर्शन किया गया। उस अवसर पर नैक पीयर टीम के सदस्यों ने निरीक्षण हेतु दौरा किया। जिसमें विभागाध्यक्ष द्वारा विभाग के पुनरुद्धारित, अनुवादित एवं संपादित ग्रन्थों का परिचय कराया गया तथा विभाग के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

दिनांक 18-20 अक्टूबर, 2022 को संस्थान में नैक पीयर टीम के दौरे के अवसर पर पांच शोध विभागों द्वारा पांच वर्षीय शैक्षणिक गतिविधियों को प्रस्तुत करते हुए

11. डॉ. लोबसंग दोर्जे (विभागाध्यक्ष) ने अन्य शोध विभागों के अध्यक्ष के साथ दिनांक 18.10.2022 को नैक पीयर टीम के समक्ष पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन (पी.पी.टी.) के माध्यम से विभाग की पाँच वर्षीय रिपोर्ट प्रस्तुत किया।

12. डा. लोबसंग दोर्जे ने संस्थान के वेबसाइट हेतु विभाग का परिचय सहित विभाग के सदस्यों का संक्षिप्त परिचय (हिन्दी एवं अंग्रेजी में) तैयार कर प्रस्तुत किया।

13. संस्थान में नैक टीम के आगमन पर शोध विभागीय प्रदर्शनी में नालन्दा के सुप्रसिद्ध 17 भारतीय महान पण्डितों के चित्रपट (=थंका) सहित उनके रचित ग्रन्थों का प्रदर्शन किया गया। जो शोध विभागों में वर्षों से इन महान पण्डितों द्वारा रचित ग्रन्थों पर शोध कार्य किया जाता है। इसलिए उपर्युक्त महान पण्डितों का परिचय कराने हेतु उनके जन्म स्थान, काल, बौद्ध सम्प्रदायों का स्पष्टीकरण, रचित ग्रन्थों की निर्धारित संख्या आदि तथ्यों पर शोध कार्य पूर्ण कर महान पण्डितों के चित्रपट के समक्ष उनकी संक्षिप्त जीवनी को कागजों पर अंकित कर स्थापित किया गया।

14. दिनांक 16 दिसम्बर, 2022 को माननीय श्री किरण रेड्डी, संस्कृति मन्त्री के वाराणसी दौरे के कार्यक्रम अनुसार केन्द्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान एवं भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (सारनाथ सर्किल) के साथ समीक्षा बैठक, संस्थान के छात्र-छात्राओं के साथ बातचीत तथा संस्थान भ्रमण के अवसर पर शोध विभाग द्वारा विभागीय ग्रन्थों की प्रदर्शनी तथा समस्त विश्वविद्यालय परिवार को संबोधित कार्यक्रम में विभाग के सदस्यों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

15. डॉ. लोबसंग दोर्जे, के.उ.ति.शि.संस्थान एवं दलाई लामा ट्रस्ट, धर्मशाला के संयुक्त तत्त्वावधान में प्राचीन भारतीय विद्या परियोजना के तहत भारतीय प्राथमिक विद्यालयों के बुनियादी प्राचीन भारतीय पारम्परिक पाठ्यक्रम की रूप रेखा तैयार करने हेतु इस योजना के साथ विगत तीन वर्षों से समन्वयक के रूप में अपने दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं। इस योजना के तहत कुलपति महोदय जी की अध्यक्षता में विभिन्न क्षेत्रों के विद्वानों के साथ चार बार बैठक की गई। जिसमें उन्होंने प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर के कक्षाओं के पाठयक्रम का प्रारूप तैयार करने में सहयोग किया है।

नैक पीयर टीम के आगमन के दौरान पांच शोध विभागों के पुनरुद्धारित, संपादित एवं अनूदित प्रकाशित ग्रन्थों की प्रदर्शनी।

(ग) पाण्डुलिपि संबन्धित शैक्षणिक कार्य:-

1. कार्यालयीय आदेश के अनुसार डॉ. लोबसंग दोर्जे (समन्वयक) एवं आचार्य नवांग ग्यालछेन नेगी (सहायक समन्वय) के रूप में महापंडित राहुल सांकृत्यायन जी द्वारा तिब्बत से लाये गये कग्युर-तन्युर एवं सुङबुम हिन्दी अनुवाद योजना के तहत हिन्दी अनुवाद सम्बन्धित सभी कार्यों के दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं। साथ ही, आचार्य नवांग ग्यालछेन नेगी समिति के सचिव के रूप में परस्पर पत्र-व्यवहार संबन्धित कार्यों की देख-रेख कर रहे हैं।

2. डॉ. लोबसंग दोर्जे एवं आचार्य नवांग ग्यालछेन नेगी द्वारा विगत लगभग चार वर्षों से कग्युर-तन्युर एवं सुङबुम हिन्दी अनुवाद योजना के तहत अपने नियमित कार्य के अतिरिक्त स्थानीय एवं अस्थानीय क्षेत्र के विद्वानों को

अनुवाद से जुड़ने हेतु सम्पर्क करना, इस योजना से जुड़े नये अनुवादकों को भोट संस्करणों के साथ परस्पर समालोचनात्मक संपादन की प्रक्रिया से परिचित कराना, किस प्रकार उद्धरणों को क्रमबद्ध स्थापित करना, टिप्पणी देना, अनुवादकों के साथ समय-समय पर विचार-विमर्श कर सम्बन्धित आवश्यक सामग्रियों की पूर्ति कराना, अनूदित पाठों का संकलन कर पश्चात् अनूदित पाठों की समीक्षा कर समिति द्वारा प्रत्येक अनुवादकों के पारिश्रमिक देय राशि का बिल बना कर भुगतान करने की प्रकिया आदि कार्य सम्मिलित हैं।

3. बिहार सरकार एवं तिब्बती संस्थान के संयुक्त तत्त्वावधान में कग्युर-तन्ग्युर एवं सुङबुम के हिन्दी अनुवाद कार्य योजना के तहत लगभग 21 से अधिक लघु ग्रन्थों का समालोचनात्मक संपादन एवं तिब्बती से हिन्दी में अनुवाद कार्य का प्रथम प्रारूप पूर्ण हो चुका है।वर्तमान समय में अनूदित ग्रन्थों पर संपादन का कार्य निरन्तर हो रहा है। उपर्युक्त सम्पादित ग्रन्थों में से कुछ ग्रन्थों की प्रकाशन हेतु प्रक्रिया चल रही है।

   कालान्तर में कुलपति महोदय जी के मौखिक आदेश के अनुसार बोधगया में परम पावन दलाई लामा जी एवं माननीय मुख्य मन्त्री श्री नीतीश कुमार जी, बिहार सरकार के उपस्थिति में ग्रन्थों का विमोचन करने हेतु हिन्दी अनुवाद कार्य योजना समिति को पांच ग्रन्थों के संपादन आदि का कार्य सम्पन्न करने तथा प्रकाशित करने का दायित्व सौंपा गया। तदनुसार अनुवाद योजना समिति एवं दुर्लभ शोध विभाग के तहत प्रकाशन हेतु तैयार किये गये पांच ग्रन्थों में से चार ग्रन्थ सूत्र एवं शास्त्र तथा एक ग्रन्थ तन्त्र से सम्बद्ध है। उन ग्रन्थों का नाम क्रमबद्ध – 1. तीन विभंग सूत्र, 2. प्रज्ञापारमिताहृदयसूत्र तथा उसकी छह भारतीय टीकायें, 3. आचार्य दीपङ्करश्रीज्ञान विरचित चर्यागीति आदि आठ ग्रन्थ, 4. आचार्य शान्तरक्षित विरचित मध्यमकालङ्कार, वृत्ति तथा कमलशील की पञ्जिका तथा 5. नैरात्म्य भगवत्या आशीःस्तुत्यादि-एकविंशति-वज्रयानग्रन्थाः हैं। उपर्युक्त ग्रन्थों का संपादन एवं प्रकाशन सम्बन्धित सभी कार्यों को पूर्ण रूप से सम्पन्न कर अन्ततोगत्वा प्रतिलिपि (डामी) के रूप में प्रकाशित किया गया। लेकिन माननीय मुख्यमन्त्री (बिहार सरकार) के सन्देश की प्रतीक्षा में प्रेस में प्रकाशन रूका हुआ है।

4. हिन्दी अनुवाद कार्य योजना समिति द्वारा म.प. राहुल सांकृत्यायन द्वारा तिब्बत से लाये गये कग्युर, तन्ग्युर एवं सुङ्-बुम संग्रह से हिन्दी में अनुवाद के कार्याधीन ग्रन्थों की तिब्बती एवं हिन्दी में सूची, ग्रन्थकार का नाम एवं ग्रन्थों का ल्हसा एवं दे-गे संस्करण की संख्या देकर कम्प्यूटर में इन्पुट करने का कार्य किया।

बिहार सरकार एवं के.उ.ति.शिक्षा संस्थान के संयुक्त तत्त्वावधान में कग्युर, तनग्युर एवं सुङ्बुम हिन्दी अनुवाद योजना के तहत सर्वेक्षण एवं कार्यशाला में सम्मिलित विद्वानगण।

(घ) सेमिनार / व्याख्यान / कार्याशाला में सहभागिता:-

1. 14 मई, 2022 - संस्थान के अनाथपिण्डद अतिथिगृह के सभागार में सांय 6.30 बजे बुद्धजयन्ती-समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अध्यक्षता संस्थान के कुलपति प्रो. गेशे ङवङ् समतेन जी ने की। इस अवसर पर **"इक्कीसवीं सदी में बौद्धधर्म"** विषय पर विद्वज्जनों द्वारा प्रदत्त व्याख्यान में विभाग के सदस्यों ने भाग लिया। आचार्य नवांग ग्यालछेन नेगी ने उपर्युक्त समारोह की व्यवस्था में सहयोग एवं आमन्त्रित अतिथियों को

धन्यवाद ज्ञापन करने का कार्य किया। **इस समारोह में दुर्लभ बौद्ध ग्रन्थ** शोध विभाग की शोध पत्रिका धीः का 62वें अंक भगवान बुद्ध को अर्पित किया गया।

2. 6 जुलाई, 2022 - संस्थान द्वारा 14वें परम पावन दलाई लामा जी के 87वें जन्मदिन के शुभावसर पर **"जागतिक उत्तरदायित्व"** विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अध्यक्ष संस्थान के कुलपति प्रो. ङवङ् समतेन, मुख्य अतिथि सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. हरे राम त्रिपाठी एवं काशी विद्यापीठ के कुलपति प्रो. आनन्द कुमार त्यागी आदि उपस्थित रहे। उपर्युक्त विषय पर विद्वज्जनों द्वारा प्रदत्त व्याख्यान में विभाग के सदस्यों ने भाग लिया तथा आयोजन समिति के सदस्य के रूप में व्यवस्था सम्बन्धित कार्यों में सहयोग किया।

3. 01 अगस्त, 2022 - संस्थान द्वारा आयोजित बुद्ध के प्रथम धर्मचक्र प्रवर्तन के पुण्य दिवस पर संस्थान के सभी परिवार के द्वारा अतीश सभागार में भोट परम्परा के अनुसार **'बौद्ध त्रिपिटक'** (कग्युर) का पाठ किया गया। इस पुण्य अवसर पर विभाग के सदस्यों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

4. 16.08.2022 - केन्द्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान, सारनाथ के अतिश सभागार में आयोजित "Internal Quality Assurance Cell Orientation" कार्यक्रम में विभाग के सदस्यों ने भाग लिया।

5. 4-5 नवम्बर, 2022 - पुरातन छात्र संघ (के.उ.ति.शि.संस्थान) तथा केन्द्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान, सारनाथ के संयुक्त तत्त्वावधान में **"तिब्बती एवं हिमालयी अध्ययन"** विषयक द्वितीय अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। परम श्रद्धेय संस्थान के पूर्व निदेशक प्रो. समदोंग रिनपोछे द्वारा "आचार्य दीपङ्करश्रीज्ञान के बोधिपथप्रदीप" (त्रिपुरुषमार्ग कर्म) विषय पर प्रवचन दिया गया। पुरातन छात्र संघ (के.उ.ति.शि.संस्थान) तथा केन्द्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान के संयुक्त तत्त्वावधान में "विश्वशान्ति हेतु प्रार्थना सभा" का आयोजन किया गया। जिसमें संस्थान के सभी सदस्यों ने भाग लिया।

6. 6 नवम्बर, 2022 - पुरातन छात्र संघ एवं संस्थान के संयुक्त तत्त्वावधान में "तिब्बती एवं हिमालयी अध्ययन" विषयक "द्वितीय अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन" का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन का उद्घाटन परम श्रद्धेय प्रो. एस. रिनपोछे जी ने किया। इस अवसर पर प्रो. एस. रिनपोछे जी एवं संस्थान के कुलपति द्वारा सभी कर्मचारियों एवं छात्रों की उपस्थिति में पुरातन छात्र संघ के सदस्यों द्वारा प्रस्तुत निबन्ध "लेख संग्रह ग्रन्थ" का विमोचन किया गया। तत्पश्चात् सेमिनार को 1. दर्शन 2. इतिहास और 3 साहित्य के विषय के अनुसार तीन खण्डों में विभाजित कर सफलता पूर्वक सम्पन्न किया गया।

   डॉ. लोबसंग दोर्जे ने उपर्युक्त सम्मेलन में सम्मिलित होकर **"पालि त्रिपिटक का परिचय एवं उसके इतिहास"** विषय पर एक लेख प्रस्तुत कर उसे पॉवर प्वाइंट के माध्यम से प्रस्तुत किया। जिसे पुरातन छात्र संघ द्वारा संकलित "लेख संग्रह ग्रन्थ" में प्रकाशित किया गया है। जिसका पृ. सं. 365-410, आईएसबीएन स. 978-1-948203-18-0 है।

   आचार्य नवांग ग्यालछेन नेगी ने उपर्युक्त द्वितीय अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन के कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लिया तथा आयोजन समिति के सदस्य के रूप में उपर्युक्त तीन दिवसीय कार्यक्रमों में आमन्त्रित पुरातन छात्र संघ के प्रतिनिधियों एवं प्रतिभागी अतिथियों के लिए भोजन व्यवस्था के दायित्व को सफलापूर्वक निर्वहन किया।

7. 11-12 नवम्बर, 2022 - सात संस्थाओं के संयुक्त तत्त्वावधान में **'National Conference on Best practices in good Governance'** विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। हमारे विश्वविद्यालय की ओर से इसका सम्मेलन का आयोजन तिब्बती शिक्षा केन्द्र, पण्डित मदन मोहन मालवीय

नेशनल मिशन ऑन टीचर्स एंड टिचिंग (पीएमएमएमएनएमटीटी) शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा किया गया। हमारे विभाग की ओर से डॉ. लोबसंग दोर्जे ने भाग लिया।

8. 1-3 दिसम्बर, 2022 - डॉ. लोबसंग दोर्जे रबलिङ ने सेरा जे मठ, मैसूर, कर्नाटक के शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित **"चौथे अन्तर्राष्ट्रीय विनय सम्मेलन"** में सम्मिलित होकर **"चार अलग-अलग बौद्ध सिद्धान्तों के बीच 13 संघावशेष नियमों का विश्लेषण एवं स्थापना"** विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया।

9. 04.03.2023 से 05.03.2023 - संस्थान के अतिश सभागार में प्रेमचन्द साहित्य संस्थान, गोरखपुर एवं के.उ.ति.शि.संस्थान के संयुक्त तत्त्वावधान में **"बुद्ध की धरती पर कविता"** विषय पर दो दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें विभाग के सदस्य सम्मिलित हुए।

(ङ) व्याख्यान में सहभागिता:-

1. 13.08.2022 - अतिश सभागार में आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में **"राष्ट्र निर्माण में राष्ट्रीय प्रतीक चिन्हों का महत्व"** विषय पर विद्वज्जनों द्वारा प्रदत्त व्याख्यान में विभाग के सदस्यों ने भाग लिया।

2. 20.08.2022 - आज़ादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत स्वदेशी जागरणमंच काशी प्रान्त एवं स्वालम्बी भारत अभियान के संयुक्त तत्त्वावधान में अन्तरराष्ट्रीय उद्यमिता दिवस की पूर्व संध्या पर **"समकालीन भारतीय उद्यमिता का वैश्विक प्रभाव"** (Global Impact of Contemporary Indian Entrepreneurship) विषय पर उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अध्यक्ष माननीय अजय कुमार, संगठन मन्त्री, मुख्य वक्ता प्रो. एस के दूबे, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय एवं मुख्य अतिथि कुलपति प्रो.गेशे ङवङ समतेन आदि विद्वज्जनों द्वारा प्रदत्त व्याख्यान में विभाग के सदस्य सम्मिलित हुए।

3. 11 सितम्बर, 2022 - संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के नेतृत्व में बुद्ध थीम, सारनाथ में **"धर्मचक्र प्रवर्तन दिवस"** का आयोजन किया गया। जिसमें आमन्त्रित विभाग के सदस्यों ने भाग लिया।

4. 26.11.2022 - केन्द्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान, सारनाथ, वाराणसी द्वारा संविधान दिवस के अवसर पर अतिश सभागार में माननीय कुलपति प्रो. गेशे ङवङ समतेन की अध्यक्षता में **"भारतीय संविधान के संवैधानिक मूल्य और मौलिक सिद्धान्त"** (Constitutional Values and Fundamental Principles of the Indian Constitution) विषय पर विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता प्रो. सिद्धार्थ सिंह, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय एवं विशिष्ट वक्ता डॉ. अभय पाण्डेय, विधि अधिकारी काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के द्वारा प्रदत्त व्याख्यान में विभाग के सदस्यों ने भाग लिया।

5. 29.12.2022 से 31.12.2022 - बोधगया, बिहार में परम पावन दलाई लामा जी द्वारा आचार्य नागार्जुन विरचित **"बोधिचित्त विवरण"** ग्रन्थ पर उपदेश दिया गया। जिसमें डॉ. लोबसंग दोर्जे ने व्यक्तिगत रूप से अवकाश लेकर उक्त प्रवचन में भाग लिया।

6. 18.01.2023 - संस्थान के अतिश सभागार में आईक्यूएसी द्वारा आयोजित **"Between Abhinava Gupta and Daya Krishana K.C Bhattacharya on other minds"** विषय पर प्रो. जे गार्फिल्ड द्वारा प्रदत्त व्याख्यान में विभाग के सदस्य सम्मिलित हुए।

7. 27.03.2023 - अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर संस्थान में आयोजित **"प्रोद्योगिक और डिजिटल शिक्षा के विकास में महिलाओं का योगदान"** विषयक व्याख्यान में विभाग के सदस्यों ने भाग लिया।

8. 25.03.2023 - संस्थान में वाणी प्रकाशन ग्रूप द्वारा आयोजित **"लोकार्पण एवं परिचर्चा"** कार्यक्रम में विभाग के सदस्य सम्मिलित हुए।

(च) अन्य प्रशासनिक कार्य-

1. 16.04 2022 से 30.04. 2022 - स्वच्छ भारत मिशन के सन्दर्भ में सक्षमाधिकारी की स्वीकृति से अवर सचिव पत्र सं. F.N.-H/13011/101/2018, Est. दिनांक 5 अप्रैल, 2022 के अनुपालन में स्वच्छता पखवाडा मनाया गया है। जिसके अन्तर्गत दिनांक 20.04.2022 को सभी कर्मचारी अपने-अपने कार्यालय के अन्दर एवं बाहर सफाई हेतु श्रमदान किया। दिनांक 25.04.2022 को कुलपति कार्यालय के कर्मचारी, शोध एवं प्रकाशन अनुभाग के कर्मचारियों द्वारा कमलशील भवन तथा सम्भोट भवन के आस-पास सफाई हेतु श्रमदान, दिनांक 29.04.2022 को संस्थान के कर्मचारी आवास में निवासरत कर्मचारियों द्वारा साफ-सफाई सम्बन्धित श्रमदान कार्यों में सक्रिय रूप से भाग लिया।

2. 09.05.2022, 13.05.2022, तथा 23.05.2022 - आईक्यूएसी के द्वारा आहूत बैठकों में डॉ. लोबसंग दोर्जे सम्मिलित हुए, जिसमें आगामी नैक पीयर टीम के आगमन के समय संस्थान के प्रत्येक विभाग को अपने-अपने दायित्व को वहन करने हेतु दिशा-निर्देशों पर विस्तृत चर्चा हुई।

3. 21 जून 2022 - संयुक्त राष्ट्र द्वारा वैश्विक स्वास्थ्य, सद्भाव और शांति स्थापित करने हेतु विश्व भर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। इसी सातत्य में केन्द्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान, सारनाथ एवं अन्तर विश्वविद्यालय योग केन्द्र, बेंगलुरू के संयुक्त तत्त्वावधान में दिनांक 20.06.2022 को प्रातः 7.00 बजे से 9.00 बजे तक ग्रन्थालय उद्यान में राष्ट्रीय सम्मेलन सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें संस्थान के कर्मचारियों एवं छात्रों द्वारा हर्ष एवं उल्लास के साथ योग का अभ्यास किया गया। तदुपरान्त माननीय कुलपति द्वारा योग सम्बन्धित विषय पर प्रदत्त व्याख्यान में विभाग के सदस्यों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

4. 5 सितम्बर, 2022 - आईक्यूएसी के माध्यम से अतिश सभागार में **"शिक्षक दिवस"** समारोह का आयोजन किया गया। उस अवसर पर छात्र एवं छात्राओं द्वारा संस्थान के समस्त अध्यापकगण एवं कर्मचारियों को फूलों से सम्मानित किया गया। तत्पश्चात् वरिष्ठ शिक्षकों एवं कुलपति महोदय जी द्वारा समस्त छात्र एवं छात्राओं को संबोधित किया। जिसमें विभाग के सभी सदस्य सक्रिय रूप से सम्मिलित हुए।

5. 26.09.22 से 01.10.2022 - आचार्य नवांग ग्यालछेन नेगी, केन्द्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान के राजभाषा कार्यान्वयन समिति द्वारा आयोजित राजभाषा सप्ताह समारोह के एक विशेष सत्र में **"वैश्वीकरण और हिन्दी दशा, पारिभाषिक शब्दावली एवं मातृभाषा उच्च शिक्षा के विकास में उपयोगी है या नहीं"** विषयों पर विद्वज्जनों द्वारा प्रदत्त व्याख्यान समारोह में भाग लिया।

6. 02.10.2022 - **"गाँधी जयन्ती"** के अवसर पर स्वच्छता पखवाड़ा कार्य योजना के तहत संस्थान के नेहरु अतिथि गृह के लॉन में माननीय कुलपति महोदय की अध्यक्षता में शपथ ग्रहण, श्रमदान एवं वृक्षारोपण के कार्यक्रम में विभाग के सदस्य सम्मिलित हुए।

7. 31.10.2022 से 04.11.2022 - केन्द्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान की सतर्कता समिति द्वारा **"सतर्कता सप्ताह समारोह"** के तहत विभिन्न विषयों पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विभाग के सदस्यों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

8. 01.11.2022 - नैक पीयर टीम के निरीक्षण के उपरान्त हमारे विश्वविद्यालय को नैक द्वारा ए ग्रेड प्राप्त होने के उपलब्धि पर माननीय कुलपति जी द्वारा संबोधन में समस्त विश्वविद्यालय परिवार को सन्तुष्टि व्यक्त करते हुए पहले से दौगुना जोश के साथ कार्य करने लिए प्रोत्साहन किया। इस समारोह के शुभावसर पर विभाग के सभी सदस्य सम्मिलित हुए।

9. 10 नवम्बर, 2022 - डॉ. लोबसंग दोर्जे ने 51वें गेलुग छात्र कल्याण समिति के वार्षिक लेखा-जोखा हेतु लेखा परीक्षक के रूप में नामांकित किया गया। तदनुसार लेखा-जोखा सम्बन्धित सभी कार्यों को सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न किया।

10. 11-12 नवम्बर, 2022 - कार्यालय द्वारा निर्गत आदेश के अनुसार आचार्य नवांग ग्यालछेन को ञिङ्मा छात्र कल्याण समिति के वार्षिक लेखा-जोखा हेतु लेखा परीक्षक के रूप में नामांकित किया गया। तदनुसार उन्होंने ञिङ्मा सम्प्रदाय के वार्षिक लेखा-जोखा सम्बन्धित सभी कार्यों को सफलता पूर्वक सम्पन्न किया।

11. 14-15 नवम्बर, 2022 - संस्थान के कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं को 11वीं वाहिनी राष्ट्रीय आपदा मोचन बल के द्वारा प्रदर्शित सुरक्षा-कार्यक्रम में विभाग के सदस्यों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

12. 15.11.2022 - संस्कृति मन्त्रालय, भारत सरकार के निर्देश पर भारतीय गुणवत्ता परिषद (क्यूसीआई) के तीन सदस्य दल ने संस्थान में निरीक्षण हेतु दौरा किया गया। उस दौरान विभाग द्वारा विभागीय शोध कार्यों की प्रदर्शनी एवं अन्य शैक्षणिक गतिविधियों के बारे में अवगत कराया गया। जिससे सदस्यीय दल ने उपलबधियों और प्रस्तुतीकरण की व्यवस्था से सन्तुष्ट होकर विभाग की सराहना की।

13. पुनरुद्धार विभाग एवं अनुवाद विभाग सहित शोध-कक्ष के कार्यालयों के भीतरी रूप-रेखा या बनावट का परिवर्तन कर नये सिरे से निर्माण कराने हेतु कार्यालय द्वारा निर्माण कार्यों की देख-रेख का दायित्व सम्बन्धित विभाग को सौंपा गया। तदनुसार विभागाध्यक्ष के सहायक के रूप में आचार्य नवांग ग्यालछेन नेगी ने दोनों विभागों का प्रारम्भ से लेकर समाप्ति पर्यन्त कार्यालयों की मरम्मत एवं निर्माण कार्यों की देख-रेख, कार्यालयों के भीतरी फर्नीचर, स्टेशनरी और प्लासटिक मेट लगवाने तथा अन्य सभी कार्यों की व्यवस्था के दायित्व को सफलता पूर्ण सम्पन्न करने में रूप से सहयोग किया।

14. डॉ. लोबसंग दोर्जे, पुनरुद्धार विभाग, के.उ.ति.शि. संस्थान को दलाई लामा इंस्टीटयूट ऑफ हायर एजुकेशन, बैंगलोर द्वारा पीएचडी छात्रों के मार्ग दर्शन हेतु सह-मार्गदर्शक (co-guide) के रूप में नामांकित किया गया। साथ ही, दिनांक 15-16 दिसम्बर, 2022 को संस्था द्वारा आयोजित दो दिवसीय पीएचडी प्री सबमिशन सेमिनार में भाग लेने हेतु अनुरोध किया गया। उन्होंने सेमिनार में भाग लिया और अपने विचार साझा किया तथा सुझाव दिया।

15. 13.02.2023 - अतिश सभागार में यूको बैंक द्वारा आयोजित **"साइबर सुरक्षा और वित्तीय जागरूकता"** विषयक कार्यक्रम के चर्चा में विभाग के सदस्य सम्मिलित हुए।

16. 03.03.2023 - संस्थान में आयोजित **"केदारनाथ सिंह सम्मान समारोह"** के कार्यक्रम में विभाग के सदस्यों ने भाग लिया।

17. डॉ. लोबसंग दोर्जे ने तिब्बती भाषा में विभाग के वर्ष 2021-2022 का वार्षिक रिपोर्ट तैयार कर धर्म एवं संस्कृति विभाग, केन्द्रीय तिब्बती प्रशासन, धर्मशाला को प्रस्तुत किया।

18. आचार्य नवांग ग्यालछेन नेगी ने विभाग के वर्ष 2021-2022 का वार्षिक रिपोर्ट हिन्दी में तैयार कर प्रस्तुत किया तथा दिनांक 17 मई, 2023 को कग्युर, तनग्युर एवं सुङ्बुम हिन्दी अनुवाद योजना के तहत बिहार सरकार को वार्षिक प्रगति रिपोर्ट तैयार कर प्रस्तुत किया।

19. डॉ. लोबसंग दोर्जे ने वर्ष 2022-2023 के सत्र के दौरान आवास आवंटन की बैठकों में भाग लिया।

समितियों के सदस्य -

डॉ.लोब्संग दोर्जे-

1. सदस्य:- एच.ए.सी. समिति

2. सदस्यः- समाज सेवा जनकल्याण स्वयंसेवक संघ
3. सदस्यः- उपाध्यक्ष, पुरातन छात्र संघ (के.उ.ति.शि. संस्थान)
4. सदस्यः- पदक व्यवस्थापक समिति

आचार्य नवांग ग्यालछेन नेगी

1. सदस्यः- अनुसूचित जनजाति

2. अनुवाद विभाग

उद्देश्यः

अनुवाद विभाग शोध विभाग का एक महत्त्वपूर्ण अंग है, जो बुद्ध वचन के साथ-साथ उन पर प्राचीन भारतीय बौद्धाचार्यों की टीकाओं तथा भोटाचार्यों द्वारा विरचित ग्रन्थों के अनुवाद एवं भोटपाठ का सम्पादन सहित शोधपरक संदर्भों, इन्डेक्स एवं समीक्षात्मक भूमिका लेखन द्वारा शोधपरक ग्रन्थों के प्रकाशन कार्य में संलग्न है।

अनुवाद विभाग के चार प्रमुख आयाम हैं- संस्कृत पाण्डुलिपियों एवं तिब्बती पाठ का सम्पादन, तिब्बती अनुवाद की सहायता से विलुप्त बौद्ध संस्कृत सूत्र-शास्त्र ग्रन्थों का संस्कृत में पुनरुद्धार, तिब्बती, संस्कृत एवं पालि भाषा में विरचित विद्वान् आचार्यों के प्रचलित बौद्ध साहित्यिक ग्रन्थों का हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा में अनुवाद तथा महत्त्वपूर्ण संस्कृत ग्रन्थों का तिब्बती भाषा में अनुवाद करना।

वर्तमान सत्र में सामूहिक कार्य के रूप में आचार्य बुद्धपालित विरचित **संस्कृतपरीक्षा** (सप्तमं प्रकरणम् मूलमध्यमक-वृत्तिः) के त्रुटित अंशों का भोटानुवाद के सहयोग से संस्कृत में पुनरुद्धार एवं सम्पादन किया गया है तथा धीः वार्षिक पत्रिका में प्रकाशित किया गया।

इसके अतिरिक्त कार्यालयीय आदेशानुसार विभागाध्यक्ष अतिरिक्त कार्य के रूप में अनिवार्य संस्कृत भाषा के अध्यापन का एवं प्रकाशन अनुभाग के प्रभारी का दायित्व भी निभा रहे हैं और साथ ही, कई समितियों के अध्यक्ष हैं।

विभाग में कार्यरत सदस्य एवं पदनाम-

1.	डॉ० पेमा तेनजिन	-	प्रोफेसर, विभागाध्यक्ष
2.	डॉ० रामजी सिंह	-	सहायक प्रोफेसर (30 जून 2022 को सेवानिवृत्त)
3.	एसोसिएट प्रोफेसर	-	रिक्त
4.	2 शोध सहायक	-	रिक्त

(1) विभागीय मुख्य कार्य :

क. प्रकाशित ग्रन्थ :

बुद्धपालित विरचित मूलमध्यमकवृत्तिः (सप्तमं प्रकरणम्) संस्कृतपरीक्षा : सामूहिक कार्य के रूप में आचार्य बुद्धपालित विरचित मूलमध्यमकवृत्ति की प्राप्त त्रुटित एवं अपूर्ण पाण्डुलिपि से सातवें प्रकरण के त्रुटित अंशों का भोटानुवाद से संस्कृत में पुनरुद्धार सहित सम्पादन कार्य किया गया, जिसे धीः में प्रकाशित किया गया। धीः-62, ISSN 2395-1524, 2022

ख. प्रमुख कार्य (जो प्रगति पर हैं) :

1. **आर्यसन्धिनिर्मोचनसूत्र :** संस्कृत पुनरुद्धार का कार्य पूर्ण हो चुका है, इस सत्र में तिब्बती पाठ का मिलान एवं सम्पादन पूर्ण किया गया। सम्प्रति हिन्दी भूमिका लेखन एवं परिशिष्ट आदि पर कार्य चल रहा है।

2. **स्वार्थानुमान का हिन्दी अनुवाद :** स्वर्गीय प्रोफेसर रामशङ्कर त्रिपाठी द्वारा अनूदित स्वार्थानुमान के हिन्दी अनुवाद के पाण्डुलिपि का संशोधन एवं सम्पादन कार्य अन्तिम चरण पर है।
3. **महायानसूत्रालंकार :** ग्रन्थ का टीका सहित हिन्दी अनुवाद एवं भाषागत संशोधन तथा कम्प्यूटरीकरण पूर्ण हो चुका है। भोटपाठ का अन्य संस्करणों से मिलान सहित सम्पादन कार्य सहित भूमिका एवं परिशिष्ट कार्य अवशिष्ट हैं।

नोट: (उक्त ग्रन्थों पर कार्य करते समय ग्रन्थ का अध्ययन, विद्वानों के साथ विषयगत चर्चा, परामर्श, भोट अथवा संस्कृत पाठ का सम्पादन, पारिभाषिक शब्दों का चयन, टीकाओं एवं सहायक ग्रन्थों का अध्ययन, सूचनाएं, पाद-टिप्पणियाँ, बिब्लियोग्राफी, शब्द-कोश, भूमिका, तीन भाषाओं में कम्प्यूटर कम्पोजिंग, कई बार प्रूफ रीडिंग, भाषागत एवं विषयगत संशोधन एवं अन्तिम निर्णयात्मक सम्पादन, कम्प्यूटर में संशोधन कार्य, प्रकाशनार्थ कम्प्यूटराइज्ड कापी तैयार करना इत्यादि कार्य सम्मिलित हैं। कुल मिलाकर एक उच्च स्तरीय शोधपरक ग्रन्थ तैयार किया जाता है।)

ग. सामूहिक पुनरुद्धार/अनुवाद एवं सम्पादन कार्य :

1. **बोधिपथप्रदीपपञ्जिका :** (संस्कृत पुनरुद्धार एवं हिन्दी अनुवाद) ग्रन्थ का संस्कृत में पुनरुद्धार, भोटपाठ का अन्य संस्करणों के साथ मिलान कर सम्पादन, हिन्दी अनुवाद का कार्य पूर्ण हो चुका है। सम्प्रति भूमिका लेखन आदि कार्य प्रगति पर हैं।
2. **युक्तिषष्ठिका एवं वृत्ति :** (आचार्य चन्द्रकीर्ति) सामूहिक कार्य के रूप में इस ग्रन्थ का पुनरुद्धार एवं अनुवाद कार्य बहुत पहले किया जा चुका है, किन्तु भोटपाठ से सम्बन्धित कार्यों में विलम्ब की वजह से कार्य बाधित है।

(2) अध्यापन कार्य :

प्रोफेसर पेमा तेनजिन, विश्वविद्यालय के शैक्षणिक संस्कृत विभाग में उत्तर मध्यमा प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए अनिवार्य संस्कृत भाषा का निरन्तर अध्यापन कर रहे हैं और कक्षा से सम्बन्धित उपस्थिति, प्रस्तुति, एसाइन्मेन्ट, मङ्गलाचरण पाठ, श्लोक-पाठ, श्लोक कण्ठस्थीकरण, प्रश्न-पत्र निर्माण, उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन इत्यादि कार्य का निर्वहन कर रहे हैं।

(3) सेमिनार एवं कार्यशाला में प्रतिभागिता :

द्वितीय अन्तर्राष्ट्रीय सेमिनार 5-6 नवम्बर, 2022" भूतपूर्व छात्र संगठन, केन्द्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान द्वारा आयोजित।

(4) शोध-प्रबन्ध एवं प्रकाशन, व्याख्यान (विभागाध्यक्ष) :

1. 17-18 मई 2022 : पीएच.डी. में प्रविष्ट नये छात्रों के लिए "शोध, सम्पादन एवं अनुवाद" विषय पर दो वक्तव्य दिया।
2. "प्रतीत्यसमुत्पाद : व्युत्पत्ति, स्वरूप एवं सिद्धान्त" भूतपूर्व छात्र संगठन, तिब्बती संस्थान, सारनाथ, वाराणसी द्वारा प्रकाशित वर्ष 2022, आईएसबीएन : 978-1-948203-18-0
3. "आचार्य नागार्जुन एवं भावों की निःस्वभावता" अगरतल्ला विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशनार्थ प्रेषित
4. "प्राचीन भारतीय विद्याओं का तिब्बत पर प्रभाव" नामक लेख तैयार किया।

5. 13 मार्च, 2023 को नवीन शोध छाओं के लिए "know your Campus" (Trans./Restoration/R B Texts/Dictionary /Publication) पर एक व्याख्यान दिया।
6. NAAC Peer Team के दौरे के दौरान् सम्पूर्ण तैयारियों के साथ अनुवाद विभाग की ओर से एक पीपीटी अर्थात् विभागीय पावर प्वाइन्ट प्रस्तुति हिन्दी-अंग्रेजी में की।

(5) अन्य शैक्षणिक क्रियाकलाप :

1. बौद्धविज्ञान एवं सिद्धान्त समुच्चय (तिब्बती से हिन्दी में अनुवाद) प्रथम भाग प्रायः पूर्ण हो गया है, यथाशीघ्र प्रकाशनार्थ प्रस्तुत किया जायेगा।
2. केन्द्रीय बौद्ध शिक्षा संस्थान, लेह के एक पीएच. डी. छात्र छेवांग दोर्जे द्वारा तिब्बती भाषा में प्रस्तुत शोध प्रबन्ध "साक्य परम्परा के अनुसार आलयविज्ञान की मान्यता" का मूल्यांकन किया।
3. 19 अप्रैल 2022 : शास्त्री तृतीय वर्ष के छात्रों का कण्ठस्थ वाक् परीक्षा सम्पादित कर रिपोर्ट प्रस्तुत किया।
4. 7 मई 2022 : डेनमार्क के दो शोधकर्ताओं के साथ बुद्ध एवं ध्यान विषय पर साक्षात्कार में प्रश्नोत्तरी की गयी।
5. 7 सितम्बर 2022 : केन्द्रीय बौद्ध विद्या संस्थान, लेह के एक पीएचडी छात्र का ऑनलाइन साक्षात्कार लिया।
6. 30 मार्च 2023 : इंडोनेशिया एलिजाबेथ डी. इनानडिआक के साथ साक्षात्कार एवं प्रश्नोत्तरी।
7. 30 मार्च 2023 : वाइस ऑफ अमेरिका (तिब्बती रेडियो) द्वारा साक्षात्कार में अनुवाद विभाग एवं प्रकाशन अनुभाग की उपलब्धियों एवं कार्यों पर प्रकाश डाला गया तथा व्यक्तिगत प्रश्नोंत्तरी भी की गयी।
8. डॉ. टाशी पलजोर, भूतपूर्व निदेशक, केन्द्रीय बौद्ध विद्या संस्थान, लेह के द्वारा हिन्दी में अनूदित मध्यम बोधिपथक्रम के भाषागत संशोधन का कार्य प्रारम्भ किया गया, किन्तु कुछ कारणों से कार्य अवरुद्ध है।

(6) अन्य प्रशासनिक कार्य/प्रकाशन प्रभारी :

1. प्रोफेसर पेमा तेनजिन अनुवाद विभाग एवं अध्यापन के अतिरिक्त प्रकाशन-प्रभारी के रूप में विगत एक दशक से भी अधिक समय से प्रकाशन अनुभाग का कार्यभार सभाँलते हुए प्रकाशन अनुभाग के समस्त कार्यालयीय कार्यों की देख-रेख, ग्रन्थों का सम्पादन, संशोधन एवं प्रकाशनार्थ समस्त प्रक्रियाओं को पूर्ण कर प्रिन्टिंग प्रेस को प्रेषित करना, प्रकाशन में सुधार लाना आदि दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं।
2. पटना संग्रहालय का राहुल संग्रह के तहत कग्युर, तन्ग्युर एवं सुङ्बुम का हिन्दी अनुवाद एवं संस्कृत पाण्डुलिपियों का सम्पादन के अन्तर्गत प्रकाशित किये जाने वाले ग्रन्थों के प्रारूप, मूल्य निर्धारण, कवर पृष्ठ शीर्षक आदि के लिए कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार सरकार के प्रतिनिधि डॉ. विमल तिवारी के साथ माननीय कुलपति की अध्यक्षता में बैठक हुई, जिसमें ग्रन्थों के प्रकाशनार्थ छपाई, मुखड़ा, फोन्ट, कागज, आकार आदि का निर्धारण किया गया।

(7) समिति-सदस्यता :

प्रोफेसर पेमा तेनजिन निम्नलिखित समितियों के सदस्य हैं - • पब्लिकेशन समिति, सचिव, पब्लिकेशन विभाग • चेयरमेन- कुलसचिव की नियुक्ति हेतु स्क्रीनिंग समिति • संस्थान के विभिन्न पदों के चयनार्थ स्क्रीनिंग समिति, • स्वच्छता अभियान समिति • रिगरस ट्रेनिंग कोर्स समिति, अध्यक्ष- रजिस्ट्रार चयन-समिति • सदस्य- डीरसी डिपार्टमेन्ट रिसर्च कमेटी • सदस्य, कर्मचारी आवास आवंटन समिति, • अध्यक्ष- वेतन संरक्षण समिति इत्यादि।

3. दुर्लभ बौद्ध ग्रन्थ शोध विभाग

1. विभाग की शैक्षिक पृष्ठभूमि–

क. परिकल्पना–

ऐतिहासिक विडम्बना के फलस्वरूप भारत से प्राचीन बौद्ध-संस्कृत साहित्य का अधिकांश भाग प्रायः विलुप्त हो चुका था। भारत के इस प्राचीन बौद्धिक सम्पदा के कुछ अंश भारत के पड़ोसी देशों, विशेषकर नेपाल एवं तिब्बत में पाण्डुलिपियों के रूप में उपलब्ध हुए हैं। परवर्ती समय में इन देशों से अनेक पाण्डुलिपियाँ विश्व के अनेक पुस्तकालयों में पहुँच गयीं। उस विलुप्त साहित्य का विशेषकर "बौद्धतन्त्र-साहित्य" का पुनरुद्धार, सम्पादन, प्रकाशन तथा शोध की परिकल्पना की दृष्टि से इस विभाग की स्थापना की गई है।

ख. स्थापना–

दुर्लभ बौद्ध ग्रन्थों के शोध एवं प्रकाशन की इस अति महत्त्वपूर्ण एवं महत्त्वाकांक्षी योजना को मानव संसाधन विकास मन्त्रालय, भारत सरकार के सहयोग से केन्द्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान, सारनाथ, वाराणसी में *नवम्बर, 1985* से प्रारम्भ किया गया था। प्रारम्भ में इसके कार्य-क्षेत्र एवं अध्ययन तथा शोध के आयामों के निर्धारण के लिए पाँच महीने का पायलेट प्रोजेक्ट संचालित किया गया था। तत्पश्चात् इसकी उपलब्धियों, विषय की महत्ता एवं व्यापकता को दृष्टि में रखते हुए *1 अप्रैल, 1986* से इसे पञ्चवर्षीय योजना का रूप प्रदान कर संचालित किया गया, जिसे बाद में संस्थान के स्थायी अनुभाग के रूप में स्वीकृत किया गया और सम्प्रति संस्थान के शोध-संकाय के अन्तर्गत स्थायी विभाग के रूप में कार्य कर रहा है। इस शोध विभाग के प्रथम योजना निदेशक एवं द्रष्टा स्व. प्रो. जगन्नाथ उपाध्याय जी थे।

ग. विभाग में कार्यरत सदस्य एवं पदनाम-

1.	प्रो. कामेश्वरनाथ मिश्र	-	विजिटिंग प्रोफेसर (10 जनवरी, 2023 को दिवंगत)
2.	श्री ठिनलेराम शाशनी	-	एसोसिएट प्रोफेसर (विभागाध्यक्ष)
3.	डॉ. विजयराज वज्राचार्य	-	शोध-सहायक
4.	डॉ. छेरिङ् डोलकर	-	शोध-सहायक
5.	डॉ. रञ्जनकुमार शर्मा	-	शोध-सहायक
6.	डॉ. रवि गुप्त मौर्य	-	शोध-सहायक
7.	रिक्त	-	सहायक प्रोफेसर
8.	रिक्त	-	सहायक प्रोफेसर
9.	रिक्त	-	शोध सहायक

घ. विभागीय पुस्तकालय–

दुर्लभ बौद्ध ग्रन्थ शोध विभाग में प्रारम्भ से ही पृथक् रूप से विभागीय पुस्तकालय की स्थापना की गई है। शोध कार्य को दृष्टि में रखकर विभागीय पुस्तकालय में मुख्यतः बौद्ध, जैन, शैव, शाक्त, वैष्णव आदि तन्त्रों एवं भारतीय दर्शन से सम्बन्धित महत्त्वपूर्ण साहित्य का संकलन किया जाता है।

ङ. वर्ष 2022-2023 में नये ग्रन्थों का चयन तथा क्रय–

वर्ष 2022-2023 में विभागीय पुस्तकालय के लिए कोई नया ग्रन्थ क्रय नहीं किया गया। इस अवधि में संस्थान के प्रकाशन विभाग से 16 ग्रन्थ निःशुल्क तथा 01 ग्रन्थ भेंट स्वरूप प्राप्त हुए। इनका मूल्य रुपये 3400.00 है। इसमें

13 द्वि-भाषी एवं 04 बहु-भाषी ग्रन्थ हैं। प्रकाशन विभाग से निःशुल्क/भेंट स्वरूप प्राप्त ग्रन्थों को परिग्रहण-पञ्जिका में क्रम-संख्या 02398 से 02414 तक अंकित किया गया है।

2. **प्रकाशन, सम्पादन एवं शोध-कार्य–**

क. **शोध-पत्रिका 'धीः' का संक्षिप्त-परिचय एवं योगदान–**

बौद्धतन्त्रों से सम्बन्धित नवीन शोध-कार्यों और उनसे प्राप्त निष्कर्षों तथा हो रहे शोध कार्यों की नवीनतम सूचनाओं को विश्व के विद्वानों एवं शोधार्थियों तक पहुँचाने के लिए विभाग द्वारा 'धीः' नामक वार्षिक शोध-पत्रिका प्रकाशित की जाती है। विभाग के प्रारम्भ से अब तक यह पत्रिका अविच्छिन्न रूप से प्रकाशित हो रही है। बौद्ध-अध्ययन, विशेषकर बौद्धतन्त्रों के अध्ययन में संलग्न विद्वानों द्वारा इसकी भूरि-भूरि प्रशंसा हो रही है। सम्प्रति, इस शोध-पत्रिका का देश-विदेश के 15 शोध-पत्रिकाओं के साथ विनियम हो रहा है। इस शोध-पत्रिका के अधिकांश स्तम्भ विभागीय सदस्यों द्वारा प्रस्तुत किये जाते हैं। प्रस्तुत आलोच्य वर्ष तक इसके 62 अंक प्रकाशिक हो चुके हैं।

ख. **'धीः' शोध-पत्रिका के 62वें अंक का प्रकाशन–**

इस वर्ष धीः शोध-पत्रिका के 62 वें अंक का प्रकाशन वैशाख-पूर्णिमा (दिनांक 16 मई, 2022) के शुभ अवसर पर किया गया। इस अंक में राहुल-सांकृत्यायन द्वारा तिब्बत से लाये गए बौद्ध संस्कृत पाण्डुलिपियों के प्रकाशन के अन्तर्गत 02 नवीन स्तोत्र तथा 13 लघु ग्रन्थ समाविष्ट हैं। साथ ही, *दुर्लभ ग्रन्थ-परिचय* के अन्तर्गत भूतडामरतन्त्रसंग्रह में उपलब्ध 07 ग्रन्थों का भी परिचय दिया गया है।

ग. **'धीः' शोध-पत्रिका के आगामी 63 वें अंक का शोध एवं सम्पादन-कार्य–**

इस आलोच्य वर्ष में धीः शोध-पत्रिका के आगामी 63 वें अंक में प्रकाशनार्थ राहुल-संग्रह में उपलब्ध स्तोत्र एवं लघु-ग्रन्थों का शोध एवं सम्पादन, अन्य सम्बन्धित शोध-सामग्रियों का संकलन, सम्पादित ग्रन्थों का कम्प्यूटर में डाटा-इनपुट, प्रूफ रीडिंग तथा संशोधन सहित सम्पादन-कार्य किया जा रहा है।

घ. **'धीः' शोध-पत्रिका के 62 वें अंक में प्रकाशित स्तोत्र, लघु ग्रन्थ एवं अन्य शोध-सामग्री–**

(1) महापण्डितश्रीशून्यसमाधिवज्रपादानां भगवतः श्रीहेवज्रस्य गुणस्रग्धरानामस्तुतिः

(2) नैरात्म्याया भगवत्या आशीःस्तुतिः

(3) दुर्लभ-ग्रन्थ-परिचय (भूतडामरतन्त्र-संग्रहः में उपलब्ध पाण्डुलिपियों का विवरण)

(4) आचार्यचन्द्रकीर्त्तिकृतं वज्रसत्त्वनिष्पादनसूत्रम्

(5) आचार्यचन्द्रकीर्त्तिपादकृतः श्रीगुह्यसमाजमहायोगतन्त्रे उत्पत्तिक्रमसाधनस्य मन्त्रोद्धारः

(6) आचार्यनागबुद्धिपादकृता व्यवस्थोलिः

(7) अमृतप्रभानामसाधनोपायिका हेवज्रस्य नैरात्म्यासाधनम्

(8) आचार्यश्रीमद्-अललवज्रपादानां सहजद्विभुजहेवज्रसाधनम्

(9) पण्डितस्थविर-मञ्जुकीर्तिपादविरचितः आदिकर्मावतारः

(10) आदिकर्मावतारप्रतिबद्धम्

(11) बुद्धादिपूजाविधिः

(12) बुद्धपालित-मूलमध्यमकवृत्तिः (सप्तमं प्रकरणम्) संस्कृत-परीक्षा

(13) आनन्दध्वजश्रीभद्रविरचितः ताराभट्टारिकाभिसमयः (भोट से संस्कृत, हिन्दी तथा अंग्रेजी में अनुवाद)

(14) त्रिस्कन्धकम् (=आर्य-त्रिस्कन्धसूत्रम्) भोट से संस्कृत तथा हिन्दी अनुवाद)

(15) भोटाचार्य ग्यल्-वहि वङ्-पो कुन्-गा पल्-जोर् विरचित अन्तराभव-अध्येषणा (भोट से हिन्दी अनुवाद)

(16) भोटाचार्य कुन्-गा मि-ग्युर दो-र्जे विरचित अन्तराभव-अध्येषणा की गम्भीर-आशु-मार्ग-सोपान-नाम-संक्षिप्त-अभिधेयार्थ-टीका (भोट से हिन्दी में अनुवाद)

3. संस्कृत तथा भोट-ग्रन्थों के सम्पादन एवं प्रकाशन की प्रक्रिया तथा इस आलोच्य वर्ष में सम्पादित शोध-कार्यों का विवरण–

सम्पादन एवं प्रकाशन की प्रक्रिया– प्रथमतः सम्पादन हेतु ग्रन्थ का चयन, चयनित ग्रन्थ पर शोध एवं विभिन्न ग्रन्थागारों से पाण्डुलिपियों का संकलन एवं वर्गीकरण, देवनागरी में लिप्यन्तरण, कम्प्यूटर में डाटा-इनपुट, विभिन्न संस्कृत-पाण्डुलिपियों तथा क-ग्युर एवं तन-ग्युर के विभिन्न भोट-संस्करणों से पाठ-संकलन, संकलित पाठों के आधार पर पाठ-निर्णय, संस्कृत एवं भोट-संस्करण का परस्पर पाठ-मिलान, निर्णीत पाठों एवं पाद-टिप्पणियों का डाटा-इनपुट, प्रूफ-रीडिंग एवं संशोधन तथा श्लोकार्धानुक्रमणी, उद्धृतवचन-सूची, शब्द-सूची आदि विविध परिशिष्टों का निर्माण, ग्रन्थ से सम्बन्धित अन्य शोध-सामग्रियों का संकलन और प्राक्कथन एवं भूमिका-लेखन सहित चयनित ग्रन्थ को अन्तिम रूप देकर प्रकाशनार्थ सी.आर.सी. तैयार करना।

4. विभाग से प्रकाशित ग्रन्थों के नाम–

(1) श्रीहेवज्रसाधनवज्रप्रदीपनाम टिप्पणी विशुद्धिः (संस्कृत-संस्करण)

(2) श्रीमत्काण्हपाद विरचित दोहाकोशः, सिद्धाचारिणि मेखला प्रणीतया टीकया, पण्डित अमृतवज्रप्रणीतया च टीकया सहिता (संस्कृत-संस्करण)

(3) अभिषेकविधिः (संस्कृत-संस्करण)

(4) श्रीसर्वबुद्धसमायोगडाकिनीजालसंवरनामतन्त्रम् (संस्कृत-संस्करण)

5. प्रकाशन विभाग को प्रकाशनार्थ प्रेषित ग्रन्थ–

(1) **श्रीचतुष्पीठमहातन्त्रराजः (प्रथमो भागः)** (संस्कृत तथा भोट संस्करण)

आत्मपीठ तथा परपीठ प्रकरण के 08 पटलों से युक्त श्रीचतुष्पीठतन्त्रराजः (प्रथमो भागः) के सम्पादन-कार्य को अन्तिम रूप दिया गया तथा श्लोकार्धानुक्रमणी, प्रस्तावना, उपोद्घात, विषय-सूची, पाण्डुलिपियों के विवरण आदि कार्यों को निष्पादित कर प्रकाशनार्थ प्रकाशन विभाग को सौंपा गया।

(2) **नैरात्म्याया भगवत्या आशीःस्तुत्यादि-एकविंशति-वज्रयानग्रन्थाः [प्रथमो भागः]** (संस्कृत-संस्करण)–

कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, (बिहार सरकार) तथा केन्द्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान, सारनाथ के मध्य हुए समझौता-ज्ञापन के तहत इस संग्रह-ग्रन्थ के प्रथम भाग का प्रकाशन किया जा रहा है, जिसमें महापण्डित राहुल सांकृत्यायन द्वारा तिब्बत से लाये गये वज्रयान साधनोपायिका से सम्बद्ध 21 स्तोत्र एवं लघु ग्रन्थ संकलित हैं। इस अवधि में उपर्युक्त संग्रह-ग्रन्थ को अन्तिम रूप देकर श्लोकार्धानुक्रमणी, उपोद्घात, पुरोवाक्, विषय-सूची, पाण्डुलिपियों का विवरण आदि कार्यों को निष्पादित कर, परम पावन दलाई लामा जी का संदेश सहित प्रकाशनार्थ तैयार किया गया है, किन्तु मुख्यमन्त्री (बिहार सरकार) के संदेश की प्रतीक्षा में अभी इसका प्रकाशन प्रेस में रुका हुआ है।

6. **आगामी योजनान्तर्गत प्रकाशनाधीन ग्रन्थों का विवरण–**

(1) **श्रीचतुष्पीठतन्त्रराजस्य स्मृतिनिबन्धनाम-टीका** (संस्कृत-संस्करण)

इस ग्रन्थ के आत्मपीठ प्रकरण के द्वितीय पटल का 'क', 'ख' तथा 'ग' पाण्डुलिपियों से पुनः पाठ-मिलान का कार्य सम्पन्न किया गया।

(2) **सम्पुटोद्भवतन्त्रम्** (संस्कृत-संस्करण)

इस ग्रन्थ के तृतीय कल्प का द्वितीय से चतुर्थ प्रकरण; चतुर्थ कल्प का प्रथम से चतुर्थ प्रकरण तथा पञ्चम कल्प का प्रथम से चतुर्थ प्रकरण तक कुल 11 प्रकरणों का पुनः प्रूफ संशोधन का कार्य सम्पन्न किया गया।

(3) **सम्पुटोद्भवतन्त्रम्** (भोट-संस्करण)

इस ग्रन्थ के पाँचवें कल्प का तृतीय तथा चतुर्थ प्रकरण, छठवें कल्प का प्रथम से चतुर्थ प्रकरण तथा सातवें कल्प का प्रथम प्रकरण तक कुल सात प्रकरणों के पाद-टिप्पणियों को पुनः कम्प्यूटर में डाटा-इनपुट और सेटिंग का कार्य सम्पन्न किया गया।

(4) **पञ्चविंशत्यमनसिकारधर्मग्रन्थाः** (संस्कृत-संस्करण)

इस संग्रह-ग्रन्थ के अन्तर्गत मैत्रीपादविरचित "सेकतात्पर्यसंग्रहः" तथा "सेकनिर्देशः" नामक दो लघु ग्रन्थों का हिन्दी-अनुवाद का कार्य सम्पन्न किया गया।

7. **'धीः' शोध-पत्रिका के 63वें अंक तथा आगामी अंकों में प्रकाशनार्थ लघु ग्रन्थों के सम्पादन-कार्यों का विवरण–**

(1) **नैरात्म्यास्तुतिः**

भुजिमोल पाण्डुलिपि से देवनागरी में लिप्यन्तर, डाटा-इनपुट, स्तोत्र में आवश्यक-संशोधन एवं प्रूफ संशोधन आदि सम्पादन-कार्यों को पूर्ण कर इस स्तोत्र को अन्तिम रूप दिया गया।

(2) **महापण्डित-महामण्डलाचार्य-सुभूतिपालितपादानां श्रीभूतडामरभट्टारकस्य साधनम्**

इस लघु ग्रन्थ का वर्तुल पाण्डुलिपि से देवनागरी में लिप्यन्तर, डाटा-इनपुट, आद्योपान्त भोट-पाठ से पाठ-मिलान, विभिन्न ग्रन्थों में उद्धृत-वचनों की खोज, उनका डाटा-इनपुट, प्रूफ संशोधन आदि सम्पादन-कार्यों को पूर्ण कर ग्रन्थ को अन्तिम रूप दिया गया।

(3) **महाचार्य-सुभूतिपालितपादानां श्रीभूतडामरमण्डलविधिः**

इस लघु ग्रन्थ का वर्तुल पाण्डुलिपि से देवनागरी में लिप्यन्तर, डाटा-इनपुट, आद्योपान्त भोट-पाठ से पाठ-मिलान, विभिन्न ग्रन्थों में उद्धृत-वचनों की खोज, उनका डाटा-इनपुट, प्रूफ संशोधन आदि सम्पादन-कार्यों को पूर्ण कर ग्रन्थ को अन्तिम रूप दिया गया।

(4) **पण्डितरत्नाकरशान्तिपादानां भ्रमहरसाधनं नाम हेवज्रसाधनोपयिका**

इस लघु ग्रन्थ का भुजिमोल पाण्डुलिपि से देवनागरी में लिप्यन्तर, डाटा-इनपुट, अन्य मुद्रित-पाठ तथा भोट-पाठ के साथ ग्रन्थ का पाठ-मिलान, विभिन्न ग्रन्थों में उद्धृत-वचनों की खोज, उनका डाटा-इनपुट, प्रूफ संशोधन आदि सम्पादन-कार्यों को पूर्ण कर ग्रन्थ को अन्तिम रूप दिया गया।

(5) **आचार्यसरोरुहवज्रपादानां श्रीहेवज्रस्य साधनोपायिका**

इस लघु ग्रन्थ का भुजिमोल पाण्डुलिपि से देवनागरी में लिप्यन्तर, डाटा-इनपुट, अन्य मुद्रित-पाठ तथा भोट-पाठ के साथ ग्रन्थ का पाठ-मिलान, विभिन्न ग्रन्थों में उद्धृत-वचनों की खोज, उनका डाटा-इनपुट, प्रूफ संशोधन आदि सम्पादन-कार्यों को पूर्ण कर ग्रन्थ को अन्तिम रूप दिया गया।

(6) **बलितत्त्वाधिकारः**

इस लघु ग्रन्थ का प्राचीन नेवारी पाण्डुलिपि से देवनागरी में लिप्यन्तर, डाटा-इनपुट, विभिन्न ग्रन्थों में उद्धृत-वचनों की खोज, उनका डाटा-इनपुट, प्रूफ-संशोधन आदि सम्पादन-कार्यों को पूर्ण कर ग्रन्थ को अन्तिम रूप दिया गया।

(7) **महापण्डित-स्थविर-शाक्यरक्षितपादानां श्रीहेवज्राभिसमयतिलकम्**

इस लघु ग्रन्थ का भुजिमोल पाण्डुलिपि से देवनागरी में लिप्यन्तर, डाटा-इनपुट, विभिन्न ग्रन्थों में उद्धृत-वचनों की खोज, उनका डाटा-इनपुट, प्रूफ-संशोधन आदि सम्पादन-कार्यों को पूर्ण कर ग्रन्थ को अन्तिम रूप दिया गया।

(8) **वज्राचार्यदुर्जयचन्द्रोद्धृतं षडङ्गसाधनम्**

इस लघु ग्रन्थ का भुजिमोल पाण्डुलिपि से देवनागरी में लिप्यन्तर, डाटा-इनपुट, विभिन्न ग्रन्थों में उद्धृत-वचनों की खोज, उनका डाटा-इनपुट, प्रूफ-संशोधन आदि सम्पादन-कार्यों को पूर्ण कर ग्रन्थ को अन्तिम रूप दिया गया।

(9) **हेवज्रपूजाविधिः**

इस लघु ग्रन्थ का भुजिमोल पाण्डुलिपि से देवनागरी में लिप्यन्तर, डाटा-इनपुट, विभिन्न ग्रन्थों में उद्धृत-वचनों की खोज, उनका डाटा-इनपुट, प्रूफ-संशोधन आदि सम्पादन-कार्यों को पूर्ण कर ग्रन्थ को अन्तिम रूप दिया गया।

(10) **पण्डितश्रीदिवाकरचन्द्रस्य-नाडीचक्राभिसम्बोधिनाम-साधनोपायिका (श्रीहेरुकतन्त्रानुगता परम-गम्भीरोत्पन्नक्रमस्वरूपा)**

इस लघु ग्रन्थ का भुजिमोल पाण्डुलिपि से देवनागरी में लिप्यन्तर, डाटा-इनपुट, विभिन्न ग्रन्थों में उद्धृत-वचनों की खोज तथा उनका डाटा-इनपुट, प्रूफ-संशोधन आदि सम्पादन-कार्यों को पूर्ण कर ग्रन्थ को अन्तिम रूप दिया गया।

(11) **नैरात्म्यासाधनम्**

इस लघु ग्रन्थ का भुजिमोल पाण्डुलिपि से देवनागरी में लिप्यन्तर, विभिन्न ग्रन्थों में उद्धृत-वचनों की खोज, उनका डाटा-इनपुट, प्रूफ-संशोधन सहित सम्पादन-कार्यों को पूर्ण कर ग्रन्थ को अन्तिम रूप दिया गया।

(12) **हेवज्रतन्त्रस्य यथालब्धसाधनम्**

इस लघु ग्रन्थ का भुजिमोल पाण्डुलिपि से देवनागरी में लिप्यन्तर, डाटा-इनपुट, विभिन्न ग्रन्थों में उद्धृत-वचनों की खोज तथा उनका डाटा-इनपुट, प्रूफ संशोधन आदि सम्पादन-कार्यों को पूर्ण कर ग्रन्थ को अन्तिम रूप दिया गया।

(13) **श्रीहेवज्रतन्त्रोक्तबलिविधिः**

इस लघु ग्रन्थ का भुजिमोल पाण्डुलिपि से देवनागरी में लिप्यन्तर, डाटा-इनपुट, विभिन्न ग्रन्थों में उद्धृत-वचनों की खोज, उनका डाटा-इनपुट, प्रूफ संशोधन आदि सम्पादन-कार्यों को पूर्ण कर ग्रन्थ को अन्तिम रूप दिया गया।

(14) **शाश्वतवज्रस्य बाह्यपूजाविधिसंग्रहः**

इस लघु ग्रन्थ का भुजिमोल पाण्डुलिपि से देवनागरी में लिप्यन्तर, डाटा-इनपुट, विभिन्न ग्रन्थों में उद्धृत-वचनों की खोज, उनका डाटा-इनपुट, प्रूफ संशोधन आदि सम्पादन-कार्यों को पूर्ण कर ग्रन्थ को अन्तिम रूप दिया गया।

(15) **श्रीहेवज्रभट्टारकस्य पूजाविधिः**

इस लघु ग्रन्थ का भुजिमोल पाण्डुलिपि से देवनागरी में लिप्यन्तर, डाटा-इनपुट, विभिन्न ग्रन्थों में उद्धृत-वचनों की खोज, उनका डाटा-इनपुट, प्रूफ संशोधन आदि सम्पादन-कार्यों को पूर्ण कर ग्रन्थ को अन्तिम रूप दिया गया।

(16) **बौद्ध एवं बौद्धेतर तन्त्रों में भगवती तारा का स्वरूप**

'धीः' शोध-पत्रिका के 63 वें अंक में प्रकाशनार्थ प्राप्त इस आलेख का सम्पादन-कार्य पूर्ण किया गया।

(17) **श्रीलघुकालचक्रतन्त्रराज एवं उसकी टीका विमलप्रभा में उद्धृत आयुर्विज्ञान की समीक्षा (3)**

'धी:' शोध-पत्रिका के 63 वें अंक में प्रकाशनार्थ इस लेख की रचना पूर्ण की गयी।

(18) **भोटाचार्य कुन्-गा मि-ग्युर् दो-र्जे विरचित अन्तराभव-अध्येषणा की गम्भीर-आशु-मार्ग-सोपान-नाम-संक्षिप्त-अभिधेयार्थ-टीका**

'धी:' शोध-पत्रिका के 63 वें अंक में इस भोट ग्रन्थ के आगे के अंश का हिन्दी अनुवाद एवं सम्पादन-कार्य पूर्ण किया गया।

(19) **ज्ञानवज्रपादानां सहजसद्बीजचिन्तामणिर्नाम हेवज्रसाधनम्**

इस लघु ग्रन्थ का भुजिमोल पाण्डुलिपि से देवनागरी में लिप्यन्तर, डाटा-इनपुट तथा पाण्डुलिपि से द्वितीय चरण का पाठ-मिलान का कार्य सम्पन्न किया गया।

(20) **सिद्धाचार्यश्रीमद्धद्रपादानां द्वेषवज्रसाधनम्**

इस लघु ग्रन्थ का भुजिमोल पाण्डुलिपि से देवनागरी में लिप्यन्तर, डाटा-इनपुट तथा पाण्डुलिपि से द्वितीय चरण का पाठ-मिलान का कार्य सम्पन्न किया गया।

(21) **महापण्डिताचार्य दिवाकरचन्द्रपादानां ज्ञानप्रदीपाभिधानं श्रीहेवज्रसाधनम्**

इस लघु ग्रन्थ का भुजिमोल पाण्डुलिपि से देवनागरी में लिप्यन्तर, डाटा-इनपुट तथा पाण्डुलिपि से द्वितीय चरण का पाठ-मिलान का कार्य सम्पन्न किया गया।

(22) **बलिचक्रविधि:**

इस लघु ग्रन्थ का भुजिमोल पाण्डुलिपि से देवनागरी में लिप्यन्तर, डाटा-इनपुट तथा पाण्डुलिपि से द्वितीय चरण का पाठ-मिलान का कार्य सम्पन्न किया गया।

8. **"बुद्धजयन्ती-समारोह" तथा "धी:" शोध-पत्रिका का "बुद्धार्पण-कार्यक्रम" का आयोजन–**

दुर्लभ बौद्ध ग्रन्थ शोध विभाग के तत्त्वावधान में दिनांक 14 मई 2022 को संस्थान के अनाथ-पिण्डद अतिथिगृह सभागार में 'वैशाख पूर्णिमा' के दिन विभाग की शोध-पत्रिका 'धी:' के 62 वें अंक का 'बुद्धार्पण-कार्यक्रम' आयोजन किया गया। साथ ही, बुद्धजयन्ती-समारोह के उपलक्ष्य में संस्थान के माननीय कुलपति जी की अध्यक्षता में *"21 वीं सदी में बौद्धधर्म की प्रासंगिकता"* विषयक विद्वद्-गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। इस समारोह में भदन्त सुमेध थेरो, भूतपूर्व संयुक्त सचिव महाबोधि सोसायटी ऑफ इण्डिया, सम्पूर्णानन्द-संस्कृत-विश्वविद्यालय, वाराणसी तथा नव-नालन्दा विश्वविद्यालय, नालन्दा (बिहार) से पधारे हुए सम्मानित बौद्ध-विद्वानों ने उपर्युक्त विषय के आलोक में अपने-अपने विचार प्रस्तुत किये। इस समारोह में शहर से तथा सारनाथ स्थित देश-विदेश के विभिन्न बौद्ध-मठों, विहारों एवं संस्थाओं के प्रतिनिधियों तथा सम्मानित अतिथियों का आगमन हुआ तथा तिब्बती संस्थान के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा छात्रों ने भी इस आयोजन में सम्मिलित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

9. विश्वविद्यालय-परिसर तथा अन्य शिक्षा केन्द्रों में आयोजित संगोष्ठियों, व्याख्यानों एवं अन्य शैक्षिक-कार्यक्रमों में विभागीय सदस्यों की सहभागिता–

(1) 28 अप्रैल 2022 - श्री टी. आर. शाशनी (विभागाध्यक्ष) ने आकाशवाणी, वाराणसी के अधिकारियों के निवेदन पर ऑल इण्डिया रेडियो, वाराणसी के द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम "लघुरूपक" के लिए "दुर्लभ बौद्ध ग्रन्थ शोध विभाग की शोध-गतिविधियाँ" विषयक चर्चा की रेडियो रिकार्डिंग की।

(2) 20 जून 2022 - विभाग के सदस्य, "आजादी का अमृत महोत्सव" के उपलक्ष्य में केन्द्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान, सारनाथ एवं अन्तर विश्वविद्यालय योग केन्द्र, बेंगलुरू के संयुक्त तत्त्वावधान में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय योग-दिवस में सम्मिलित हुए।

(3) 06 जुलाई, 2022 - विभाग के सदस्य, केन्द्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान, सारनाथ में आयोजित परम पावन दलाई लामा जी के जन्मदिन के शुभ-अवसर पर "जागतिक उत्तरदायित्व" विषयक एक दिवसीय संगोष्ठी में सम्मिलित हुए।

(4) 10 से 11 अगस्त, 2022 - डॉ. छेरिङ् डोलकर, धर्म एवं संस्कृति विभाग, सी.टी.ए., धर्मशाला, कांगड़ा, हि0 प्र0 द्वारा धर्मशाला में आयोजित "The Current Status of Tibetan Culture in Exile and its Future Prospects" विषयक दो-दिवसीय संगोष्ठी में सम्मिलित हुई।

(5) 13 अगस्त, 2022 - विभाग के सदस्य, केन्द्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान, सारनाथ के अतिश सभागार में आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित "राष्ट्र निर्माण में राष्ट्रीय प्रतीक चिन्हों का महत्त्व" विषयक एक-दिवसीय व्याख्यान में सम्मिलित हुए।

(6) 16 अगस्त, 2022 - विभाग के सदस्य, केन्द्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान, सारनाथ के अतिश सभागार में आयोजित "Internal Quality Assurance Cell Orientation" कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

(7) 20 अगस्त, 2022 - विभाग के सदस्य, केन्द्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान, सारनाथ में स्वावलम्बी भारत अभियान, वाराणसी के तत्त्वावधान में अन्तरराष्ट्रीय उद्यमिता दिवस (21अगस्त) की पूर्व सन्ध्या पर आयोजित "उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन" विषयक व्याख्यान में सम्मिलित हुए।

(8) 01 अक्टूबर 2022 - विभाग के सदस्य, राजभाषा-साप्ताहिक कार्यक्रम के समापन-सत्र में पुरस्कार वितरण एवं कवि सम्मेलन के आयोजन में सम्मिलित हुए।

(9) 02 अक्टूबर 2022 - विभाग के सदस्य, गाँधी जयन्ती के अवसर पर स्वच्छता कार्य योजना के तहत कुलपति महोदय के द्वारा शपथ-ग्रहण तथा वृक्षारोपण कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

(10) 28 अक्टूबर 2022 - विभाग के सदस्य, अतिश सभागार में नैक टीम के चेयरमैन के उद्बोधन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

(11) 31 अक्टूबर 2022 - विभाग के सदस्य, केन्द्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान, सारनाथ के अतिश सभागार में "सतर्कता समारोह" के अन्तर्गत अयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

(12) 04 नवम्बर 2022 - डॉ. छेरिङ् डोलकर, पुरातन छात्र संघ, (केन्द्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान) तथा केन्द्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान, सारनाथ के संयुक्त तत्त्वावधान में आयोजित "तिब्बती एवं हिमालयी अध्ययन" विषयक द्वितीय अन्तरराष्ट्रीय संगोष्ठी में माननीय प्रो. समदोङ् रिन्पोछे जी द्वारा प्रदत्त "त्रिपुरुषमार्ग-क्रम" विषयक विशिष्ट व्याख्यान में सम्मिलित हुई।

(13) 05 नवम्बर 2022 से 06 नवम्बर 2022 - डॉ. छेरिङ् डोलकर ने पुरातन छात्र संघ (केन्द्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान) तथा केन्द्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान, सारनाथ के संयुक्त तत्त्वावधान में आयोजित "तिब्बती एवं हिमालयी अध्ययन" विषयक द्वितीय अन्तरराष्ट्रीय संगोष्ठी में सम्मिलित होकर "तन-ग्युर साहित्य में उपलब्ध बौद्ध योगिनियों का संक्षिप्त परिचय एवं उनकी रचनाएँ" विषय पर निबन्ध प्रस्तुत किया।

(14) 15 नवम्बर 2022 - विभाग के सदस्य, संस्थान के अतिश सभागार में आयोजित 11वीं वाहिनी आपदा मोचन बल के द्वारा प्रदर्शित सुरक्षा-कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

(15) 26 नवम्बर 2022 - विभाग के सदस्य, भारत का संविधान की उद्देशिका के शपथ-ग्रहण कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

(16) 26 नवम्बर 2022 - विभाग के सदस्य, "भारतीय संविधान के संवैधानिक मूल्य और मौलिक सिद्धान्त" विषयक विशिष्ट व्याख्यान में सम्मिलित हुए, इस व्याख्यान में माननीय कुलपति प्रो. ङवङ् समतेन जी सभाध्यक्ष, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी के प्रो. सिद्धार्थ सिंह मुख्य वक्ता तथा डॉ. अभय पाण्डेय विशिष्ट वक्ता थे।

(17) 29 दिसम्बर 2022 से 31 दिसम्बर 2022 - डॉ. छेरिङ् डोलकर, बोधगया, बिहार में परम पावन दलाई लामाजी के द्वारा "आचार्य नागार्जुन विरचित बोधिचित्तविवरण" ग्रन्थ पर दिये गये व्याख्यान एवं धर्मोपदेश में सम्मिलित हुई।

(18) 18 जनवरी 2023 - विभाग के सदस्य, IQAC, के.उ.ति.शि.सं., सारनाथ द्वारा आयोजित "Between Abhinava Gupta and Daya Krishana: K.C. Bhattacharya on other minds" विषयक प्रो. जे. गार्फिल्ड द्वारा दिये गये व्याख्यान में सम्मिलित हुए।

(19) 19 जनवरी 2023 - डॉ. रवि गुप्त मौर्य, अतिश सभागार, के.उ.ति.शि.सं., सारनाथ में धर्म संस्कृति संगम एवं स्वदेशी जागरण मंच, काशी द्वारा आयोजित "हिमालय बचाओ मानवता बढ़ाओ" विषयक एक-दिवसीय अन्तरराष्ट्रीय संगोष्ठी में सम्मिलित हुए।

(20) 13 फरवरी 2023 - विभाग के सदस्य, यूको बैंक द्वारा आयोजित "A Programme on Cyber Security and Financial Awareness" विषयक चर्चा में सम्मिलित हुए।

(21) 03 मार्च 2023 - विभाग के सदस्य, संस्थान में आयोजित "केदारनाथ सिंह सम्मान समारोह" में सम्मिलित हुए।

(22) 04 मार्च 2023 से 05 मार्च 2023 - विभाग के सदस्य, संस्थान में प्रेमचन्द साहित्य संस्थान, गोरखपुर तथा के.उ.ति.शि.सं., सारनाथ के संयुक्त तत्त्वावधान में आयोजित "बुद्ध की धरती पर कविता" विषयक दो-दिवसीय संगोष्ठी में सम्मिलित हुए।

(23) 06 मार्च 2023 - श्री टी. आर. शाशनी तथा डॉ. छेरिङ् डोलकर ने तिब्बत के महान् योगी "मिला-रेपा महापरिनिर्वाण-दिवस" के अवसर पर KRPC (CIHTS) द्वारा आयोजित व्याख्यान में प्रो. वङ्छुग दोर्जे नेगी द्वारा प्रदत्त व्याख्यान "कर्ग्युद-आम्नाय की गुरु-परम्परा, दर्शन एवं साधना" में सम्मिलित हुए।

(24) 18 मार्च 2023 - डॉ. रवि गुप्त मौर्य, एपेक्स इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेदिक मेडिसीन एवं हॉस्पिटल, चुनार, मिर्जापुर में आयोजित "ट्रांजिशनल करिकुलम" कार्यक्रम में अतिथि वक्ता के रूप में सम्मिलित हुए।

(25) 25 मार्च 2023 - विभाग के सदस्य, संस्थान में वाणी प्रकाशन ग्रूप द्वारा आयोजित "लोकार्पण एवं परिचर्चा" कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

(26) 27 मार्च 2023 - विभाग के सदस्य, अन्तरराष्ट्रीय महिला-दिवस के अवसर पर संस्थान में आयोजित "प्रौद्योगिक और डिजिटल शिक्षा के विकास में महिलाओं का योगदान" व्याख्यान में सम्मिलित हुए।

10. विभागीय सदस्यों द्वारा सम्पन्न अन्य शैक्षणिक कार्य–

1. श्री टी. आर. शाशनी ने नैक कमेटी के आगमन के तहत "दुर्लभ बौद्ध ग्रन्थ शोध विभाग का परिचय" की रचना की, जिसमें विभाग का उद्देश्य, स्थापना एवं योगदान सहित स्थापना-काल (नवम्बर, 1985) से लेकर वर्ष 2022 तक सम्पादित एवं प्रकाशित ग्रन्थों के विवरण संकलित हैं।
2. डॉ. रवि गुप्त मौर्य ने संस्थान के वेबसाइट हेतु दुर्लभ बौद्ध ग्रन्थ शोध विभाग के शोध-कार्यों एवं उपलब्धियों के विवरण का अंग्रेजी भाषा में अनुवाद किया।
3. श्री टी. आर. शाशनी ने प्रो. कामेश्वरनाथ मिश्र जी द्वारा सौंपे गये 'कालिदासकृत मङ्गलाष्टकस्तोत्र'' के आरम्भिक चार श्लोकों को शारदा लिपि से देवनागरी लिपि में लिप्यन्तरित किया।
4. डॉ. वज्राचार्य ने स्व. प्रो. बनारसी लाल द्वारा लिखित 34 शोध-निबन्धों के संग्रह का दूसरी बार प्रूफ-संशोधन कार्य सम्पन्न किया।
5. श्री टी. आर. शाशनी ने राजभाषा-पत्रिका 'बोधिप्रभ' में प्रकाशनार्थ स्व. प्रो. बनारसी लाल जी द्वारा लिखित "क-ग्युर एवं तन-ग्युर वचन के गुण, लाभ एवं अनुशंसा" नामक आलेख का सम्पादन किया।
6. श्री टी. आर. शाशनी ने राजभाषा-पत्रिका 'बोधिप्रभ' में प्रकाशनार्थ "बौद्ध जातक एवं अवदान साहित्य का संक्षिप्त परिचय" नामक आलेख की रचना की।
7. विभाग के सभी सदस्यों ने नैक पीयर टीम के आगमन के अवसर पर "दुर्लभ बौद्ध ग्रन्थ शोध विभाग के प्रकाशन एवं अन्य शोध-कार्यों की प्रदर्शनी" के आयोजन में आवश्यक सहभागिता की।
8. 18 अक्टूबर 2022 - श्री टी. आर. शाशनी (विभागाध्यक्ष) ने नैक पीयर टीम के समक्ष विभाग की पाँच वर्षीय रिपोर्ट को पी.पी.टी. के माध्यम से प्रस्तुत किया।
9. श्री टी. आर. शाशनी ने संस्थान के वेबसाइट हेतु विभाग का परिचय सहित विभाग के सहकर्मियों का संक्षिप्त-परिचिति (हिन्दी एवं अंग्रेजी में) तैयार किया।

11. विभागीय सदस्यों द्वारा प्रशासनिक कार्यों एवं कमेटियों की बैठक में सहभागिता–

(1) 19 अप्रैल 2022 - श्री टी. आर. शाशनी (विभागाध्यक्ष), IQAC के द्वारा आहूत बैठक में सम्मिलित हुए जिसमें संस्थान के द्वारा अनुबन्धित वेब-डिजाईनर के साथ दुर्लभ बौद्ध ग्रन्थ शोध विभाग में सम्पन्न शोध-कार्यों के सम्बन्ध में विचार-विमर्श तदनुरूप डाटा का प्रारूप तैयार करने के सम्बन्ध में चर्चा हुई।

(2) दिनांक 09 मई 2022, 13 मई 2022 तथा 23 मई 2022 को IQAC के द्वारा आहूत बैठकों में श्री टी. आर. शाशनी (विभागाध्यक्ष) सम्मिलित हुए, जिसमें आगामी NAAC पीयर टीम के आगमन के समय संस्थान के प्रत्येक विभाग को अपने-अपने दायित्वों को वहन करने हेतु दिशा-निर्देशों पर विस्तृत चर्चा हुई।

(3) 18 मई 2022 - श्री टी. आर. शाशनी, सोवा-रिग्पा विभाग की स्पॉट परचेजिंग कमेटी की बैठक में सम्मिलित हुए।

(4) 20 जून 2022 - श्री टी. आर. शाशनी, राजभाषा-समिति की बैठक में सम्मिलित हुए।

(5) 04 जुलाई 2022 - श्री टी. आर. शाशनी (विभागाध्यक्ष), संस्थान NAAC Peer Team Visit के तहत IQAC द्वारा आहूत बैठक में सम्मिलित हुए।

(6) 26 जुलाई 2022 - डॉ. विजयराज वज्राचार्य, "कैंटीन कमेटी" द्वारा आहूत बैठक में बतौर सदस्य सम्मिलित हुए।

(7) 21 जुलाई 2022 - डॉ. छेरिङ् डोलकर, पुरातन छात्र-समिति की सदस्या के रूप में "Future status of Tibetan Buddhism and Culture" विषयक संगोष्ठी के आयोजन से सम्बन्धित बैठक में सम्मिलित हुई।

(8) 09 अगस्त 2022 तथा 19 अगस्त 2022 - श्री टी. आर. शाशनी, संस्थान के सोआ-रिग्पा एवं ज्योतिष विभाग द्वारा आहूत "स्पॉट परचेस कमेटी" की बैठक में सम्मिलित हुए।

(9) 10 तथा 12 सितम्बर, 2022 - डॉ. छेरिङ् डोलकर, संस्थान की "महिला यौन उत्पीड़न समिति" की वार्षिक रिपोर्ट सम्बन्धी बैठक में सम्मिलित हुई।

(10) 12 सितम्बर 2022 तथा 14 सितम्बर 2022 - डॉ. विजयराज वज्राचार्य, सोवा-रिग्पा विभाग द्वारा आयोजित "13th Meeting of National Commission for Indian System of Medicine (NCISM) Ministry of Ayush Govt. of India" संगोष्ठी में भोजन-व्यवस्था हेतु आहूत बैठक में सम्मिलित हुए।

(11) 12 सितम्बर, 2022 से 20 अक्टूबर, 2022 - डॉ. रवि गुप्त मौर्य, आई.क्यू.ए.सी. कार्यालय में आवश्यक कार्यों को निष्पादित करने हेतु कार्यरत रहा।

(12) 26 सितम्बर 2022 - श्री टी. आर. शाशनी, राजभाषा साप्ताहिक कार्यक्रम के तहत उद्घाटन-सत्र में सम्मिलित हुए।

(13) 28 सितम्बर 2022 - श्री टी. आर. शाशनी, राजभाषा तिमाही रिपोर्ट की समीक्षा बैठक में सम्मिलित हुए।

(14) 29 सितम्बर 2022 - श्री टी. आर. शाशनी ने "राजभाषा सप्ताहिक कार्यक्रम" के तहत "वाद-विवाद प्रतियोगिता" में निर्णायक सदस्य के दायित्व का निर्वहन किया।

(15) 15 नवम्बर 2022 - श्री टी. आर. शाशनी (विभागाध्यक्ष), ने भारतीय गुणवत्ता परिषद् (QCI) के तीन सदस्य दल के द्वारा विभागीय निरीक्षण के समय, विभाग में सम्पन्न शोध-कार्यों एवं अन्य गतिविधियों से अवगत कराया।

(16) 18 नवम्बर 2022 - श्री टी. आर. शाशनी, सोवा-रिग्पा विभाग की "स्पॉट परचेजिंग कमेटी" की बैठक में सम्मिलित हुए।

(17) 17 दिसम्बर 2022 - श्री टी. आर. शाशनी "राजभाषा कार्यान्वयन समिति" की बैठक में सम्मिलित हुए।

(18) 31 दिसम्बर 2022 - डॉ. रवि गुप्त मौर्य, कुलसचिव कार्यालय में डिग्री-समिति की बैठक में सम्मिलित हुए।

(19) 16 जनवरी 2023 - श्री टी. आर. शाशनी, "राजभाषा कार्यान्वयन समिति" द्वारा आहूत राजभाषा-पत्रिका 'बोधिप्रभ' के सम्पादक-मण्डल की बैठक में सम्मिलित हुए।

(20) 14 फरवरी 2023 तथा 02 मार्च 2023 - डॉ. विजयराज वज्राचार्य, कुलसचिव महोदय की अध्यक्षता में बुद्ध की धरती पर कविता विषयक अन्तरराष्ट्रीय संगोष्ठी के सन्दर्भ में भोजन-व्यवस्था हेतु आहूत बैठक में सम्मिलित हुए।

(21) डॉ. विजयराज वज्राचार्य ने विभाग में लिपिक के अभाव में कार्यालयीय आवश्यक कार्यों के दायित्व का निर्वहन किया।

12. विभागीय सदस्यों के द्वारा विभिन्न समितियों के सदस्य के रूप में दायित्व–

(1) श्री टी. आर. शाशनी, सदस्य, स्पॉट परचेज कमेटी, फैकल्टी ऑफ सोवा-रिग्पा एण्ड ज्योतिष, केन्द्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान, सारनाथ।

(2) श्री टी. आर. शाशनी, सदस्य, राजभाषा हिन्दी कार्यान्वयन समिति, केन्द्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान, सारनाथ।

(3) श्री टी. आर. शाशनी, सम्पादक-मण्डल, 'बोधिप्रभ', राजभाषा-पत्रिका, केन्द्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान, सारनाथ।

(4) श्री टी. आर. शाशनी, सदस्य, तिब्बती भाषा के ग्रन्थों की खरीद हेतु गठित 'मूल्य-सत्यापन-समिति' शान्तरक्षित-ग्रन्थालय, केन्द्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान, सारनाथ।

(5) डॉ. विजयराज वज्राचार्य, सदस्य, कैंटीन समिति, केन्द्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा, संस्थान सारनाथ।

(6) डॉ. छेरिङ् डोलकर, समिति-सदस्या, महिला यौन उत्पीड़न समिति, केन्द्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान, सारनाथ।

(7) डॉ. छेरिङ् डोलकर, विशिष्ट समिति-सदस्या, पुरातन छात्र एसोसिएशन, केन्द्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान, सारनाथ।

(8) डॉ. रञ्जनकुमार शर्मा, समिति-सदस्य, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ावर्ग, केन्द्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान, सारनाथ।

(9) डॉ. रवि गुप्त मौर्य, सदस्य, उपयुक्त ग्रन्थों के चयन हेतु गठित विशेषज्ञों के पैनल, शान्तरक्षित-ग्रन्थालय, केन्द्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान, सारनाथ।

(10) डॉ. रवि गुप्त मौर्य, समिति-सदस्य, डिग्री समिति, परीक्षा विभाग, केन्द्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान, सारनाथ।

4. कोश विभाग

कोश-विभाग की योजनाएँ :

कुछ दशक पहले, जब महायानी बौद्ध परम्परा के प्रति विश्व जन-मानस में जिज्ञासा उत्पन्न हुई, तब इससे सम्बद्ध वाङ्मय तिब्बती, चीनी आदि प्राच्य भाषाओं तक ही सीमित थे। महापण्डित राहुल सांकृत्यायन आदि के प्रयास से कुछ संस्कृत ग्रन्थ पाठकों के सामने आये, किन्तु वे बहुत त्रुटिपूर्ण एवं अपूर्ण थे। उक्त स्थिति को देखते हुए तत्कालीन विद्वानों ने एक बृहत्-कार्य योजना तैयार की। जिसका मुख्य लक्ष्य इस प्रकार है–

1. उपलब्ध संस्कृत ग्रन्थों का परिष्कृत संस्करण तैयार करना।
2. विनष्ट संस्कृत ग्रन्थों को उनके तिब्बती अनुवाद की सहायता से पुनः अपने मूल रूप में प्रतिष्ठित करना।
3. प्राच्य भाषाओं में उपलब्ध सामग्रियों का उपयोग करते हुये उच्चस्तरीय शोध कार्य को प्रोत्साहित करना।
4. प्राचीन भाषाओं में उपलब्ध बौद्ध वाङ्मय को अर्वाचीन भाषाओं में सुलभ कराना।
5. इस महत्त्वाकांक्षी योजना के अन्तर्गत संपादन कार्यों को पूरा करने के लिये विभिन्न प्रकार के कोशों के निर्माण की आवश्यकता का अनुभव किया गया। तदनुसार केन्द्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा-संस्थान, सारनाथ, वाराणसी ने एक बृहत् कोश योजना तैयार की, जिसमें दो प्रकार के कोशों के निर्माण का प्रावधान है 1. सामान्य और 2. विषयगत कोश।

सामान्य कोश के अन्तर्गत विभाग ने भोट-संस्कृत-कोश पर कार्य शुरू किया, जो सन् 2005 ई. में सोलह भागों में पूरा हुआ। उपलब्ध भोट-संस्कृत-कोशों में यह सबसे बड़ा कोश है। भोट-संस्कृत धर्मसंग्रह-कोश सहित भोट-संस्कृत सन्दर्भनिर्देशिका-कोश के प्रथम भाग का भी प्रकाशन हो चुका है तथा भोट-संस्कृत छात्रोपयोगी-कोशके निर्माण का कार्य चल रहा है।

विषयगत कोश के रूप में भोट-संस्कृत आयुर्विज्ञान-कोश (4 भाग)को प्रकाशनार्थ प्रकाशन विभाग को दे दिया गया है एवं ज्योतिष-कोश का कार्य भी अन्तिम चरण में है।

विभाग में कार्यरत सदस्य एवं पदनाम-

1. डॉ. रमेशचन्द्र नेगी - प्रधान सम्पादक (कार्यकारी)
2. डॉ. टशी छेरिंग - शोध सहायक
3. श्री तेन्जिन सिदोन - शोध सहायक

4. डॉ. कर्मा सोनम पाल्मो - शोध सहायक
5. डॉ. लोब्संग छोडोन - शोध सहायक (संविदा)
6. डॉ. विश्वप्रकाश त्रिपाठी - शोध सहायक (संविदा)
7. श्री रमेशचन्द्र - कनिष्ठ लिपिक (संविदा)

निर्माणाधीन योजनाएँ :

1. आयुर्विज्ञान-कोश:

यह कोश अष्टाङ्गहृदय एवं इसके भोटानूदित तथा कुछ संस्कृत टीकाओं पर आधारित है। यह कोश अष्टांगहृदय की सामग्रियों का व्याख्यान करता है और साथ ही यह सामान्य एवं पारिभाषिक तिब्बती पर्याय तथा उसके संस्कृत पर्यायों को भी सूचित करता है। यह आयुर्विज्ञान कोश (4 भाग) प्रकाशन हेतु प्रकाशन विभाग को सौंप दिया गया है।

2. ज्योतिष-कोष :

यह कोश ज्योतिष एवं खगोल विज्ञान से सम्बन्धित संस्कृत एवं उसके भोटानूदित ग्रन्थों पर आधारित है और इन ग्रन्थों की सामग्रियों का व्याख्यान करता है। कोश में पारिभाषिक शब्दों के अर्थों को बताने के लिये शास्त्रीय उद्धरणों को प्रयोग में लिया गया है। इस कोश के सम्पादन का कार्य उपलब्धभोटी एवं संस्कृत ज्योतिष ग्रन्थों के आधार पर किया गया है। वर्तमान में यह कोश अन्तिम संपादन के पश्चात् प्रकाशन हेतु लगभग तैयार है।

3. भोट-संस्कृत छात्रोपयोगी-कोश :

यह मुख्यतया स्व. जे. एस. नेगी जी के बृहत् भोट-संस्कृत कोश पर आधारित एक सामान्य-कोश है। बृहत् भोट-संस्कृत-कोश से शास्त्रीय पदों से सम्बन्धित सामान्य व प्रचलित शब्दों का तथा आधुनिक कोशों से बोल-चाल के शब्दों का चयन किया जाना है। भोट-संस्कृत छात्रोपयोगी कोश में भोटी प्रविष्टियों के संस्कृत पर्याय दिये जाने के कारण यह एक शब्द-पर्याय-कोश है। इसके अतिरिक्त भोटी प्रविष्टियों का अंग्रेजी लिप्यन्तरण और उच्चारण भी दिया जा रहा है, जिससे भोटी लिपि से अनभिज्ञ छात्र, प्रविष्टि को अंग्रेजी लिप्यन्तरण व उच्चारण के माध्यम से सरलतापूर्वक जान सकें। इसके अतिरिक्त प्रविष्टियों के संस्कृत सहित शब्द-पर्याय भी दिये जा रहे हैं। यह कोश तीन चरणों में सम्पन्न होगा। पहले चरण के रूप में बृहत् भोट-संस्कृत कोश से सरल शब्दों का चयन कर उनके संस्कृत पर्यायों को दिया जाना है। दूसरे चरण में अन्य आधुनिक कोशों से बोल-चाल के शब्दों का चयन कर उनके संस्कृत पर्यायों को दिया जाना है तथा अन्तिम चरण में संशोधन से सम्बन्धित कार्य होगा। यह कोश दो भागों में प्रकाशित होगा। प्रथम भाग में क वर्ण से लेकर न वर्ण तक के तिब्बती प्रविष्टि,संस्कृत पर्याय एवं उनके प्रयोगों को देने का कार्य पूरा हो चुका है तथा अन्तिम संशोधन के लिये तैयार है। द्वितीय भाग के प्रथमचरण के रूप में ब वर्ण तक के भोटीय प्रविष्टियों का अंग्रेजी लिप्यन्तरण और उच्चारण तथा संस्कृत पर्याय देने का कार्य किया गया है।

4. भोट-संस्कृत-अंग्रेजी अभिधर्म-कोश :

इस त्रिभाषी शब्दकोश में सभी आवश्यक पारिभाषिक प्रविष्टियों का पूर्वापर अभिधर्मों से चयन किया जा रहा है। पूर्व-अभिधर्म का तात्पर्य आचार्य असंग द्वारा विरचित अभिधर्मसमुच्चय से है तथा अपर-अभिधर्म का तात्पर्य आचार्य वसुबन्धुकृत अभिधर्मकोश एवं उसके भाष्य से है। इन दो आधारभूत ग्रन्थों के अतिरिक्त आचार्ययशोमित्रकृत अभिधर्मकोशटीका और जिनपुत्रकृत अभिधर्मसमुच्चय-भाष्य एवं अभिधर्मसमुच्चय-व्याख्या आदि से भी आवश्यक पारिभाषिक शब्दों का चयन किया जा रहा है। वर्तमान में चयनित प्रवेश शब्दों के लिए प्रासंगिक स्रोतोंसे उद्धरण एकत्र किए जा रहे हैं और उन्हें वर्णमाला क्रम में तैयार किया जा रहाहै।

5. भोट संस्करणों का सन्दर्भ कोश :

भोट संस्करणों का सन्दर्भ-कोश, भोट-संस्कृत सन्दर्भ-कोश पर आधारित है। इस कोश के माध्यम से भोटानूदित ग्रन्थों के पाँचों संस्करणों (देगे, नर्थङ्, पेकिङ्, चोने और ल्हासा) के सन्दर्भों को दर्शाना है। यह वर्तमान में कार्यकर्ता के अभाव में रुका पड़ा है।

6. विनयकोश :

इस हेतु पुनरुद्धार विभाग के वार्षिक प्रतिवेदन का अवलोकन करें।

7. तिब्बती हिन्दी-कोश

तिब्बती हिन्दी कोश के लिए कार्यकर्ता के अभाव में किन्नौर, हिमाचल प्रदेश से सम्बद्ध आचार्य रोशन लाल नेगी द्वारा संकलित भोट-हिन्दी कोश को विभाग द्वारा सम्पादित कर छापने का निर्णय पूर्व में ही लिया जा चुका है और इस कोश का इन्पुट कार्य वर्तमान में जारी है।

भावी योजनाएँ :

1. भोट-संस्कृत शब्दानुक्रमणिका
2. नाम-कोश (प्राचीन बौद्ध तीर्थ स्थल एवं विद्वानों के नाम का कोश)
3. बौद्ध तन्त्र-कोश
4. बौद्ध न्याय-कोश
5. ग्रन्थ-कोश
6. क्रिया-कोश

अध्यापन कार्य-

1. डॉ. रमेश चन्द्र नेगी नेकर्युद संप्रदाय में अध्यापनतथा प्रश्नपत्रनिर्माण,उत्तर-पुस्तिका मूल्यांकन एवं मौखिक परीक्षा लेने का कार्य किया।
2. 18 अप्रैल 2022 ई. को सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी के 2022 वर्ष के वार्षिक परीक्षा का प्रश्नपत्र निर्माण का कार्य।
3. 10 जुलाई 2022 ई. को सी.आई.बी.एस लेह, लदाख के प्रथम सत्र का प्रश्नपत्र निर्माण कार्य।
4. डॉ. कर्मा सोनम पलमो ने पी.एम. प्रथम वर्ष के छात्रों को 9.30 से 10.15 बजे तक अंग्रेजीपढ़ाने तथा प्रश्नपत्र निर्माण एवं उत्तर-पुस्तिका मूल्यांकन का कार्य किया।
5. डॉ. विश्वप्रकाश त्रिपाठी ने शास्त्री तृतीय वर्ष के संस्कृत ख वर्ग के छात्रों एवं यूएम द्वितीय वर्ष के छात्रों को अनिवार्य संस्कृत पढ़ाने तथा प्रश्नपत्र निर्माण एवं उत्तर-पुस्तिका मूल्यांकनका कार्य किया।

राष्ट्रीय, अन्तर्राष्ट्रीय सभाओं में शोध-पत्र प्रस्तुति तथा लेखन :

डॉ. रमेशचन्द्र नेगी

1. 3 अप्रैल 2022 - सिद्धम् द्वारा आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय ज्योतिष वेबिनार के उद्घाटन सत्र में अध्यक्ष के रूप में सम्मिलित हुए।
2. 24 अप्रैल 2022 - अन्तर्राष्ट्रीय बौद्ध परिषद्, लुम्बिनी, नेपाल द्वारा धम्म लर्निंग सेन्टर, सारनाथ में आयोजित बौद्धधर्म का सर्वाङ्गीण परिचय विषयक एक दिवसीय संगोष्ठी में सम्मिलित हुए तथा प्रथम सत्र में वक्ता के रूप में बौद्धधर्म ही क्यों? विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया।

3. 2 मई 2022 - 1 जून 2022 ई. पर्यन्त विपश्यना विशोधन विन्यास ईगतपुरी, महाराष्ट्र में दस दिवसीय विपश्यना शिविर से सम्बद्ध भोटी में ओडियो रिकोर्डिङ्ग कार्य सम्पन्न किया। इसमें दस दिवसीय शिविर से सम्बद्ध निर्देशन, रात्रि प्रवचन, लघु आनापान, धम्मसेवा तथा एक घण्टे के सामूहिक साधना का ओडियो रिकोर्डिङ्ग सम्मिलित हैं।

4. 5 जून 2022 - औरंगाबाद, महाराष्ट्र में ही बुद्ध तपस्स फाउण्डेशन द्वारा आयोजित रेकी ग्राण्ड मास्टर अनिल भाउ ताईडे से सम्बद्ध प्रथम स्मृति व्याख्यानमाला में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुआ तथा बौद्धधर्म का सर्वाङ्गीण विकास विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया।

5. 18-29 जून 2022 - धम्म चक्क विपश्यना केन्द्र सारनाथ, में दस दिवसीय विपश्यना शिविर में सम्मिलित हुए।

6. 4 जुलाई 2022 - आई.क्यु.ए.सी. सेल द्वारा विद्यार्थियों से सम्बद्ध विशेष तैयारी के लिये आहूत विशेष सभा में वक्ता के रूप में सम्मिलित हुए तथा छात्र-छात्राओं को संस्थान की उन्नति एवं उन्नत चारित्रिक गुण विषय पर व्याख्यान दिया।

7. 5 जुलाई 2022 - धम्म लर्निंङ सेन्टर, सारनाथ में भिक्षु प्रशिक्षण शिविर में वक्ता के रूप में सम्मिलित हुए तथा बौद्ध कौन? विषय पर विशेष व्याख्यान प्रस्तुत किया।

8. 6 जुलाई 2022 - परमपावन दलाई लामा जी के जन्म दिवस के विशेष अवसर पर संस्थान द्वारा आयोजित जागतिक ज़िम्मेदारी (युनिवर्सल रिस्पोन्सिबिलिटी) विषयक विशेष संगोष्ठी में भाग लिया।

9. 14 जुलाई 2012 - डॉ. अम्बेडकर शिक्षा समिति, सारनाथ, वाराणसी द्वारा आयोजित धर्मचक्र-प्रवर्तन-दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए तथा उक्त विषय पर व्याख्यान दिया।

10. 1 अगस्त 2022 - अमृत महोत्सव के तहत लातुर, महाराष्ट्र से विशेष यात्रा पर आये एम्स परिवार के प्रतिनिधियों को बौद्ध-तीर्थ एवं धर्मचक्रप्रवर्तन विषय पर व्याख्यान दिया तथा उनके द्वारा आयोजित विशेष जुलूस/पदयात्रा में सम्मिलित हुए, जिसमें तिरंगे का विशेष सम्मान किया गया।

11. 10 अगस्त 2022 - बी.टी.आई. सेक्शन, संस्कृति मन्त्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली में आहूत विशेष बैठक में सम्मिलित हुए।

12. 5 सितम्बर 2022 - दिल्ली से प्रीस्ट अनिल डालिमडा के नेतृत्व में आये धर्मशास्त्र (क्रिश्चियन) के छात्रों के साथ बौद्धधर्म-दर्शन विषयक व्याख्यान तथा प्रश्नोत्तर सत्र का कार्यक्रम सम्पन्न किया।

13. 13 अक्टूबर 2022 - कोलकाता से आये थियोलोजी के छात्रों को शान्तरक्षित ग्रन्थालय का परिचय कराया तथा बाद में बौद्धधर्म-दर्शन से सम्बन्धित व्याख्यान दिया।

14. 31 अक्टूबर 2022 - श्री गणेश वर्णी जैन शोध संस्थान, वाराणसी द्वारा आयोजित भारतीय संस्कृति एवं श्रमण परम्परा नामक त्रिदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुआ।

15. 1-3 नवम्बर 2022 - एन.डी.आर.एफ. कैम्प, वाराणसी में कुल सात (7) सत्र का विशेष परिचयात्मक विपश्यना सिखाने का कार्य किया। इसमें गुग्गुल लिङ्क के माध्यम से एन.डी.आर.एफ. गोरखपुर, प्रयाग, लखनऊ तथा भोपाल (मध्यप्रदेश) के एन.डी.आर.एफ. कैम्पों ने भी भाग लिया।

16. 6 नवम्बर 2022 - भूतपूर्व छात्र (के.उ.ति.शि. संस्थान सारनाथ) तथा के.उ.ति.शि.संस्थान, सारनाथ, वाराणसी द्वारा तिब्बत एवं हिमालयीय अध्ययन विषय पर सामूहिक रूप से आयोजित द्वितीय अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी (11.30-1.00 बजे) में वक्ता के रूप में सम्मिलित हुए तथा प्रो. सम्दोङ रिन्पोछे जी के द्वारा संस्थापित कोश-विभाग की सफलता के विषय पर भोटी भाषा में शोधपत्र प्रस्तुत किया।

17. 12 नवम्बर 2022 - हिमाचल बौद्ध छात्र संघ द्वारा आयोजित विशेष सम्मान समारोह में संघ के संरक्षक के रूप में उपस्थित हुए तथा वहाँ संघ के भूतपूर्व कार्यकर्ताओं को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया और साथ ही छात्रों को सम्बोधित भी किया।
18. 8 दिसम्बर 2022 - इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय कला केन्द्र, नई दिल्ली में चार सत्रों में सम्पन्न हुये बुद्ध मत : भारतीय विमर्श विषय पर हुये एक दिवसीय पूर्ण बैठक में विशेषज्ञ के रूप में भाग लिया।
19. 11 दिसम्बर 2022 - विश्व बौद्ध महासंघ द्वारा आयोजित एक दिवसीय बौद्ध प्रवचन सभा में वक्ता के रूप में सम्मिलित हुए तथा बुद्ध के गुण एवं उनका मूल सन्देश विषय पर प्रवचन दिया।
20. 1 जनवरी 2023 - 20 जनवरी 2023 - एक्सचैंज प्रोग्राम के तहत आये विदेशी छात्रों को विपश्यना सिखाने का कार्य।
21. 18 फरवरी 2023 - तुषिता फाउण्डेशन एवं केन्द्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा-संस्थान, सारनाथ, वाराणसी द्वारा आयोजित वैश्विक परिदृश्य में करुणा विषयक संगोष्ठी में सम्मिलित हुए।
22. 14-15 मार्च 2023 - संस्कृति मन्त्रालय, भारत सरकार के द्वारा विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित शेयर्ड बुद्धिस्ट हेरिटेज इन शंघाई कॉरपोरेशन ओरगनाईज़ेशन मेम्बर स्टेट की विशेष सभा में भाग लिया।
23. 18 मार्च 2023 - पालि सोसायटी ऑफ इण्डिया की विशेष बैठक में उक्त संस्था के उपाध्यक्ष के रूप में सम्मिलित हुए तथा 1 अप्रैल 2023 जो पालि दिवस के रूप में मनाया जाता है, उससे सम्बन्धित चर्चा हुई।

डॉ. कर्मा सोनम पलमो

1. 16 जुलाई 2022 - उबेरॉय शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान, यूएसए के विजिटिंग ग्रुप के लिए बौद्ध धर्म पर ओरिएंटेशन कार्यक्रम के दौरान बौद्ध धर्म में महिलाओं - विषय पर एक व्याख्यान दिया।
2. 3-4 जनवरी 2023 - कार्यालयीय आदेशानुसार एक्सचैज प्रोग्राम के तहत आये अमेरिकन छात्रों को Women's Role in Buddhism एवं Gender and Buddhism नामक दो व्याख्यान दिये।
3. 12 मार्च 2023 - क्षेत्रीय तिब्बतन महिला समिति सारनाथ के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में "Role of Tibetan Women in the Preservation of Tibetan Identity and Culture" विषय पर व्याख्यान दिया।
4. 28 मार्च 2023 - अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर के.उ.ति.शि.सं., सारनाथ में आयोजित कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया।

शोध निर्देशन/ प्रकाशन एवं अनुवाद

डॉ. रमेश चन्द्र नेगी

1. डॉ. रमेश चन्द्र नेगी ने डॉ. प्रभु लाल नेगी द्वारा लिखित नेगी रिन्पोछे तन्जिन ग्यल्-छन का व्यक्तित्व एवं कृतित्व नामक ग्रन्थ का सम्पादन कार्य किया।
2. डॉ. रमेश चन्द्र नेगी ने भोटी ग्रन्थ डुग्-पा शल्-दोन् का हिन्दी-अनुवाद का कार्य किया।
3. डॉ. रमेश चन्द्र नेगी ने शीघ्रबोध के कुछ छूटे अंशों का डॉ. छोडोन के द्वारा किये गये भोटी-अनुवाद का संशोधन कार्य किया।
4. हृदयसूत्र की टीका सहित अतीश के आठ ग्रन्थों का संशोधन कार्य दिसम्बर से प्रारम्भ किया गया।

5. 22 अक्टूबर को ही गादन फोडङ् के कार्य के रूप में पालि के सडायतन-विभंग-सुत्त का अनुवाद प्रारम्भ किया तथा 29 अक्टूबर 2022 ई. को प्रथम चरण का अनुवाद समाप्त किया और उद्देश-विभंग-सुत्त का अनुवाद कार्य प्रारम्भ किया।
6. 10 दिसम्बर 2022 - श्री हरिनाम नेगी के साथ उनके द्वारा भोटी से हिन्दी में अनूदित सिद्धेश्वर पद्मा नोरबु के जीवन-वृत्तान्त का संशोधन कार्य।
7. 12 दिसम्बर 2022 - भोटी कंग्युर-तंग्युर हिन्दी-प्रकाशन के तहत अतीश के द्वारा विरचित चर्यागीति आदि आठ ग्रन्थ को अन्तिम रूप प्रदान कर गेशे लोब्जङ् दोर्जे को सौंपा गया।
8. 13 दिसम्बर 2022 - कर्मविभंगसूत्र को अन्तिम रूप देने का कार्य।
9. 28 दिसम्बर 2022 - प्रो. राम सुधार सिंह जी के आग्रह पर हिमाचल प्रदेश की दृष्टि में काशी का वैशिष्ट्य नामक शोधपत्र लिखने का कार्य।
10. 9 मार्च 2023 - छन्नोवादसुत्त के भोटी अनुवाद का प्रथम चरण समाप्त किया।

डॉ. टाशी छेरिंग

1. डॉ. टाशी छेरिंग तथा डॉ. विश्व प्रकाश त्रिपाठी सांख्यकारिका का हिन्दी अनुवाद एवं उसकी व्याख्या तथा उसके तिब्बती अनुवाद का कार्य कर रहे हैं।
2. मध्यमकावतार नामक ग्रन्थ के सातवें चित्तोत्पाद से लेकर अन्तिम तक के तिब्बती पाठ का अन्य संस्करणों के साथ पाठ भेद का कार्य किया।
3. पालि केकालकारामसुत्त के तिब्बती अनुवाद का कार्य किया।
4. आर्यकाश्यपपरिवर्तो-नाम-महायानसूत्र के तिब्बती पाठ के सम्पादन का कार्य।
5. पूज्य महामहिम पेनोर रिन्पोछे के जीवन-वृत्तान्त का संशोधन कार्य।

डॉ. कर्मा सोनम पलमो

1. 13 जुलाई 2022 - कुलपति कार्यालय के आदेश से आई.बी.सी. एवं संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा धर्मचक्रप्रर्वतन दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित नालंदा परंपरा के अनुसारशास्त्रार्थ में सारनाथ में सम्पन्न हुए कार्यक्रम में छात्रों के तिब्बती भाषा में दी गई तीन प्रस्तुतियों का अंग्रेजी भाषा में अनुवाद किया।
2. जुलाई-अगस्त 2022 - माननीय कुलपति के आदेशानुसार संस्थान के एम ओ ए का अंग्रेजी से तिब्बती में अनुवाद किया।
3. 11 से 13 अक्टूबर 2022 - कुलपति जी के आदेशानुसार कुलपति कार्यालय में छात्रों की आचारसंहिता आदि के कुछ दस्तावेजों का तिब्बती से अंग्रेजी तथा अंग्रेजी से तिब्बती अनुवाद और संपादन कार्य किया।
4. कुलपति कार्यालय के आदेश से नैक पी.टी. विजिट की तैयारी के दौरान दस्तावेज, पत्र आदि अंग्रेजी से तिब्बती/तिब्बती से अंग्रेजी में अनुवाद का कार्य किया।
5. 18 जनवरी 2023 - माननीय कुलपति के आदेशानुसार अतिशा हाल में आयोजित भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित व्याख्यानमाला के लिए प्रो. जे. गार्डफिल्ड काव्याख्यान "Between Abbinavagupta and daya krishna; K.C. Bhattacharya on Other Minds" का अंग्रेजी से तिब्बती भाषा में अनुवाद किया।

डॉ. लोब्संग छोडोन

1. इंटरनेट पर उपलब्ध एक बहुत मूल्यवान संस्कृत ज्योतिषीय ग्रंथ ज्योतिष रत्नमाला के कुछ विशिष्ट श्लोकों का 17वीं शताब्दी के सितु चोक जुंगने द्वारा अनुवादित तिब्बती ग्रन्थ के साथ तुलना करने पर प्रमुख समानताएँ दिखाई दी। इसके बाद, पुस्तक को प्राप्त कर प्रारंभिक अनुसंधान पूरा करने के बाद, स्पष्ट हुआ कि विशिष्ट और पूरे अध्ययन के लिए और भी पहलुओं की जांच की आवश्यकता है। इस परिणामस्वरूप, इस अध्ययन के आगे बढ़ाने पर काम हो रहा है।
2. 5 नवंबर 2022 - एस. रिनपोछे जी के 83वें जन्मदिन पर शीघ्रबोध तथा ज्योतिष रत्नमाला नामक ग्रन्थ पर शोधपत्र लिखा जिसका प्रकाशन संस्थान के पुरातन छात्र संगठन के दूसरे अन्तर्राष्ट्रीय सेमिनार के अवसर पर हुआ।
3. 8 मार्च 2022 - सहायक प्रोफेसर जम्पा छोफेल के साथ "शीघ्रबोध" नामक ग्रन्थानुवाद पर तिब्बती टीका लिखी गयी थी उसे संशोधन करने का कार्य किया।
4. 13 मई 2022 - "बैंगलोर में मेंत्सिखांग" के छात्रों को अनुसंधान कार्य पर "मेरा अनुभव और शीघ्रबोध और ज्योतिष रत्नमाला ग्रन्थों का संक्षिप्त परिचय" पर भाषण दिया।
5. प्रत्येक शुक्रवार को प्रमाणविनिश्चय विषय पर ऑनलाइन शिक्षण में भाग लिया और प्रत्येक शनिवार को सिद्धान्तवादी विषय पर 6:30pm बजे से 8:30pm बजे तक भाग लिया, और हर अन्य मूल्यवान भाषण में भाग लिया, जिन्हें गेशे डोर्जे डमडुल, तिब्बत हाउस, न्यू दिल्ली के निदेशक, ने दिया।
6. परमपावन दलाई लामा के ऑनलाइन उपदेशों के प्रत्येक लाइव प्रसारण में भाग लिया।

अन्य शैक्षणिक गतिविधियाँ :

डॉ. रमेश चन्द्र नेगी

1. 17 जुलाई 2022 - धर्मचक्र विहार मवईया, सारनाथ में रविवासरीय विद्यालय के छात्रों को विपश्यना सिखाने का कार्य।
2. 29 जुलाई 2022 - एस.सी./एस.टी./ओ.बी.सी सेल की विशेष सभा की अध्यक्षता की, जो कोश विभाग के प्रधान सम्पादक कक्ष में सम्पन्न हुयी।
3. 17 अगस्त 2022 - एक महीने अमेरिकन शोध-छात्र प्रतिनिधि (युनिवर्सिटी ऑफ शिकागो डिविनिटी स्कूल) सेठ अस्टर रोसेन को उत्तरतन्त्र (संस्कृत-भोटी) पढ़ाने का कार्य।
4. 31 अगस्त, 2022 - बुक सेलेक्शन कमेटी की बैठक में भाग लिया।
5. 16 सितम्बर 2022 - विश्वविद्यालय के 31वें एकेडेमिक काउन्सिल की मीटिङ में सदस्य के रूप में सम्मिलित हुआ।
6. 26 सितम्बर 2022 - राजभाषा समिति द्वारा आयोजित हिन्दी सप्ताह के उद्घाटन सत्र में समिति के सदस्य के रूप में सम्मिलित हुआ।
7. 1 अक्टूबर 2022 - राजभाषा कार्यान्वयन समिति द्वारा आयोजित हिन्दी सप्ताह के समापन समारोह (कवि गोष्ठी) में उक्त समिति के वरिष्ठ सदस्य के रूप में भाग लिया तथा सभा के समापन पर धन्यवाद ज्ञापन का कार्यभार सम्भाला।
8. 12 अक्टूबर 2022 - तक एन.डी.आर.एफ. के कमान्डेन्ट, वाराणसी के साथ विश्वविद्यालय में ही मा. कुलपति के साथ विशेष वार्ता सहित ग्रन्थालय का अवलोकन, शोध विभागों का भी उनको परिचय कराया।

9. 18 अक्टूबर 2022 - नैक पीयर टीम के समक्ष शोध विभागों के प्रस्तुतिकरण के अवसर पर कोश विभाग के कार्यों का प्रस्तुतिकरण पी.पी.टी. के माध्यम से किया और साथ ही कोश विभाग के प्रदर्शनी में भी परीक्षक दल के समक्ष विभाग के कार्यों को भौतिक सत्यापन के रूप में प्रस्तुत किया।
10. 14 दिसम्बर 2022 - मा. कुलपति जी के कार्यालय में संस्कृति मन्त्रालय के मन्त्री जी के आने से सम्बद्ध शोध-विभागाध्यक्षों की विशेष सभा में भाग लिया।
11. 10 जनवरी 2023 - शान्तरक्षित ग्रन्थालय की 48वीं ग्रन्थ चयन समिति की बैठक में सदस्य के रूप में भाग लिया।
12. 11 जनवरी 2023 - डी.पी.सी. की मीटिङ् में एस.सी/एस.टी. आब्जर्वर के नामित सदस्य के रूप में भाग लिया।
13. विभिन्न पदों के लिए के.उ.ति.शिक्षा-संस्थान, सारनाथ के नियुक्ति से सम्बन्धित इन्टरव्यू में ए.सी./एस.टी. सदस्य के रूप में सम्मिलित हुआ।

डॉ. टाशी छेरिंग

1. छात्रोपयोगी कोश के तृतीयचरण के रूप में क-वर्ग के लगभग 15 पृष्ठों का संशोधन कार्य किया।
2. छात्रोपयोगी कोश के द्वितीय चरण के रूप में 'म'-वर्ग 20 प्रविष्टियों के अंग्रेजी लिप्यन्तरण व संस्कृत पर्याय देने का कार्य किया।
3. आयुर्विज्ञान-कोश की भूमिका के भोटी पाठ का भाषा संशोधन कार्य किया।
4. तिब्बती-हिन्दी कोश हेतु क-वर्ण की कुछ प्रविष्टियों का संकलन, हिन्दी पर्याय एवं प्रयोग देने का कार्य किया।
5. आयुर्विज्ञान कोश के संस्कृत पाठ की शब्दानुक्रमणिका का कम्प्यूटर पर संशोधन का कार्य पूर्ण हुआ।
6. 30 सितम्बर 2022 - ग्रन्थालय के तिब्बती पुस्तकों के मूल्य सत्यापन का कार्य किया।

आचार्य तेनजिन सीदोन कुलपति कार्यालय से सम्बद्ध।

डॉ. कर्मा सोनम पलमो

1. अभिधर्म पर शब्दकोश के लिए अभिधर्मसमुच्चय भाष्य से प्रविष्टि शब्दों के संकलन का कार्य किया।
2. आयुर्विज्ञान कोश के हिन्दी भूमिका के अंग्रेजी अनुवाद का कार्य किया।
3. 21 मई 2022 – 04 जून 2022 : कुलपति महोदय के आदेश पर कुलपति कार्यालय में कार्य किया तथा अंग्रेजी से तिब्बती अनुवाद का भी कार्य किया।
4. 13 जुलाई 2022 : सारनाथ में आई.बी.सी. और एम.ओ.सी., भारत सरकार के धर्मचक्रप्रवर्तन दिवस कार्यक्रम के दौरान दूसरे सत्र - आषाढ़ पूर्णिमा के महत्व पर संवाद - के लिए एम.सी. का कर्तव्य निभाया।
5. 15 से 20 जुलाई 2022 : उबेरॉय शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान, यू.एस.ए. के विजिटिंग ग्रुप के लिए बौद्ध धर्म पर ओरिएंटेशन प्रोग्राम के एसोसिएट समन्वयक का कर्तव्य निभाया।
6. 29 दिसम्बर 2022 - 21 जनवरी 2023 : कार्यालयीय आदेशानुसार एक्चैंज प्रोगाम में आये विदेशी छात्रों के कार्यक्रम में एसोशिएट संहसयोजक के रूप में कार्य किया।
7. नैक पीयर टीम विजिट के तैयारी के दौरान आई.क्यू.ए.सी. के लिए सामग्री लेखन कार्य किया।
8. वेबसाइट डेवलपमैन्ट कमेटी के सदस्य के रूप में कार्य किया।
9. समिति के सदस्य सचिव के रूप में कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न के विरुद्ध समिति की बैठकों में भाग लिया।
10. अंतर्राष्ट्रीय छात्र प्रकोष्ठ के सदस्य के रूप में समिति की बैठकों में भाग लिया।

डॉ. लोब्संग छोडोन

1. डॉ. लोब्संग छोडोननेज्योतिष कोशके अन्तिम संपादनका कार्य किया।
2. मुख्य संपादक के साथ "आयुर्विज्ञान कोश" कीपूर्ण रूप से अंतिम सेटिंग तैयार की।

डॉ. विश्व प्रकाश त्रिपाठी

1. डॉ. विश्व प्रकाश त्रिपाठी ने भोट-संस्कृत छात्रोपयोगी कोश का संशोधन कार्य किया।
2. डॉ. विश्व प्रकाश त्रिपाठी ने प्रमाणवार्तिक से शब्द चयन करने का कार्य किया।
3. डॉ. विश्व प्रकाश त्रिपाठी ने मध्यमकहृदयम् नामक ग्रन्थ का हिन्दी अनुवाद कार्य किया।

सेमिनार/कार्यशाला/व्याख्यान और कर्तव्यों में भागीदारी

1. विभाग के सभी सदस्यों ने संस्थान में आयोजित सेमिनारों, कार्यशालाओं, व्याख्यानों में सक्रिय रूप से भाग लिया और संस्थान द्वारा सौंपे गए सभी अतिरिक्त कर्तव्यों को पूरा किया।

5. तिब्बती साहित्य केन्द्र

ऐसा प्रतीत होता है कि समृद्ध एवं महत्त्वपूर्ण तिब्बती साहित्य का बृहत् इतिहास अभी तक नहीं लिखा गया। इसे ध्यान में रखकर तिब्बती साहित्य केन्द्र की स्थापना की गई। इस बृहत् तिब्बती साहित्य के इतिहास में इसका विकासक्रम व भारतीय साहित्य का तिब्बती पर प्रभाव परिलक्षित होगा। पूरे तिब्बती साहित्य की दो विधाएँ हैं - 1. भारतीय भाषाओं में मुख्यतः संस्कृत से अनूदित पाँच हजार से अधिक ग्रन्थ, 2. तिब्बती विद्वानों की विविध विषयों पर रचनाएँ जो लाख से भी अधिक हैं। इतने विशाल साहित्य के होते हुए भी बृहत् तिब्बती साहित्य का इतिहास नहीं लिखा गया है। अतः संस्थान ने बृहत् तिब्बती साहित्य का इतिहास तैयार करने का निर्णय लिया, जिसे मूर्त रूप देने के लिए संस्थान ने तिब्बती साहित्य केन्द्र नामक शोध अनुभाग की कल्पना की, जो कि बृहत् तिब्बती साहित्य का इतिहास प्रस्तुत कर सके और साथ ही अन्य साहित्यिक रचनाओं का अनुवाद, शोध, कार्यशाला व सम्मेलन कर सके। इन तथ्यों को दृष्टिगत कर संस्थान ने वरिष्ठ प्रसिद्ध विद्वानों को इस योजना में नियुक्त करने की योजना बनाई।

तदनुसार एक वरिष्ठ अनुसन्धाता को तिब्बती साहित्य केन्द्र में प्रमुख बनाया गया है जिन्होंने आठ साल तक इस योजना में कार्य किया है और बृहत् तिब्बती साहित्य इतिहास के प्रारूप की चार भागों में रचना की जो सम्पन्न होने की स्थिति में है। इस योजना के साथ ही केन्द्र ने अनुवाद व व्याख्याग्रन्थ के रूप में अन्य साहित्यिक रचनाएँ भी प्रकाशित की हैं। केन्द्र ने संस्कृत व हिन्दी साहित्य पर एक कार्यशाला भी आयोजित की तथा तिब्बती साहित्य-इतिहास के प्रारूप पर परिचर्चा करने के लिए एक कार्यशाला आयोजित की।

4. शान्तरक्षित ग्रन्थालय

केन्द्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान का शान्तरक्षित ग्रन्थालय एक विशिष्ट ग्रन्थालय है। इस ग्रन्थालय में प्राचीन संस्कृत पाण्डुलिपियों के तिब्बती अनुवाद के रूप में भारतीय बौद्ध-वाङ्मय का समृद्ध संग्रह अपने मौलिक स्वरूप में काष्ठोत्कीर्णित (Xylograph), मुद्रित एवं मल्टीमीडिया ग्रंथों के रूप में विद्यमान है। ग्रन्थालय में विद्यमान ग्रन्थों का यह संग्रह विश्वविद्यालय के उद्देश्यों पर आधारित है, जिसे भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय महत्त्व का संग्रह घोषित किया गया है।

ग्रन्थालय का नामकरण प्राचीन नालन्दा महाविहार के प्रसिद्ध भारतीय बौद्ध विद्वान् आचार्य शान्तरक्षित के नाम पर हुआ है जिन्होंने बौद्ध धर्म की शिक्षाओं एवं परम्पराओं के प्रसार हेतु 8वीं शताब्दी में तिब्बत की यात्रा की थी।

ग्रन्थालय में संरक्षित बौद्ध, तिब्बती और हिमालयीय-अध्ययन विषयक ग्रन्थों का समृद्ध संग्रह संसार-भर के विद्वानों के आकर्षण का केन्द्र है। बौद्ध-वाङ्मय की दृष्टि से यह अद्वितीय ग्रन्थालय है।

शान्तरक्षित ग्रन्थालय अत्याधुनिक सूचना तकनीकि सुविधाओं से सम्पन्न हैं तथा ग्रन्थालय में संग्रहीत समस्त प्रलेखों की कम्प्यूटरीकृत बहुभाषी ग्रन्थसूची के आधार पर ग्रंथालय सेवाएं प्रदान की जाती है, यह बहुभाषी सूचीपत्रक (ओपेक) विश्वविद्यालय परिसर के कम्प्यूटर नेटवर्क (LAN) के साथ ही विश्वविद्यालय की बेवसाईट (www.cihts.ac.in) से कहीं भी देखा जा सकता है।

शान्तरक्षित ग्रंथालय विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अन्तर्विश्वविद्यालयी केन्द्र इनफ्लिब्नेट, अहमदाबाद, (www.inflibnet.ac.in) द्वारा ई-शोधसिन्धु (ऑन लाइन जर्नल्स योजना) का सदस्य है, जिसके फलस्वरूप अर्थशास्त्र एवं राजनीति की साप्ताहिकी (www.epw.in) तथा आई. एस. आई. डी. (www.isid.org.in) डेटाबेस, विश्वविद्यालय परिसर में विश्वविद्यालय के इण्टरनेट नेटवर्क का प्रयोग कर मुफ्त में देखें, पढ़ें और डाउन-लोड किए जा सकते हैं।

शान्तरक्षित ग्रन्थालय को बी.डी.आर.सी. (बुद्धिस्ट डिजिटल रिसोर्स सेण्टर) https://www.bdrc.io/ तथा वर्ल्ड पब्लिक लाइब्रेरी http://community.worldLib.in और साउथ एशिया आर्काइव (एस.ए.ए.) http://www.southasiaarchive.com के संसाधनों के ऑनलाइन उपयोग की अनुमति भी प्राप्त है।

मुद्रित और ऑनलाइन प्रलेखों के साथ ही यह ग्रन्थालय माइक्रोफिच, माइक्रोफिल्म और ऑडियो और वीडियो प्रलेखों के समृद्ध संग्रह पर आधारित सेवाएं प्रदान करता है तथा इन अमूल्य संसाधनों का प्रबंधन करता है। ग्रन्थालय तिब्बती साहित्य और संस्कृति के विकास के लिए दलाई लामा फाउंडेशन, धर्मशाला, के साथ जुड़ा हुआ है।

1. प्रो. टशी छेरिंग (एस.), ग्रंथालय प्रभारी
2. श्री सुधृति विश्वास, कार्यालय सहायक, संविदा

शान्तरक्षित ग्रंथालय के सात प्रमुख अनुभाग हैं–

1. अवाप्ति, तकनीकी एवं इनफ्लिब्नेट अनुभाग।
2. सामयिकी, पत्र-पत्रिका एवं सन्दर्भ अनुभाग।
3. तिब्बती अनुभाग।
4. आदान-प्रदान अनुभाग।
5. संचयागार अनुभाग।

6. मल्टीमीडिया अनुभाग।

7. कम्प्यूटर अनुभाग।

1. अवाप्ति एवं तकनीकी अनुभाग

1.1 ग्रंथ अवाप्ति

(क) ग्रन्थालय के अवाप्ति अनुभाग द्वारा वर्ष 2022-23 में ₹4232395.00 मूल्य के कुल 1981 ग्रन्थों की अवाप्ति कर आगम संख्या 125288-127268 तक पंजीकृत किया गया।

इनमें से ₹4103611.00 मूल्य के 1643 ग्रंथ खरीदे गये तथा ₹128784.00 मूल्य के 328 ग्रंथ दानस्वरूप प्राप्त हुए और सामयिकी अनुभाग द्वारा पूर्व में अवाप्त 10 जिल्दबन्द सामायिकों का परिग्रहण किया गया।

वर्ष 2022-23 में अवाप्त ग्रंथों का विवरण

तिब्बती	921
संस्कृत	36
हिन्दी	305
अंग्रेजी	558
बहुभाषी	147
अन्य	14
कुल	**1981**

क्रय	1643
दान	328
विनिमय	0
जिल्दबन्द सामयिकी	10
कुल	**1981**

क्रय मूल्य	4103611.00
दान मूल्य	128784.00
कुल मूल्य	**4232395.00**



1.2 तकनीकी अनुभाग

1. 1 अप्रैल 2022 से 31 मार्च 2023 की अवधि के दौरान कुल संख्या 554 ग्रंथों का कोलन वर्गीकरण पद्धति (6वां संस्करण) की मदद से वर्गीकरण किया गया था और सूचीकरण कर इन्हें स्लिम ग्रंथालय साफ्टवेयर द्वारा

डेटाबेस में निवेशित किया गया था तकनीकि प्रक्रिया के बाद इन्हें सम्बन्धित अनुभाग/संचयागार मे स्थानान्तरित कर दिया गया है।

2. 1190 तिब्बती ग्रन्थों का वर्गीकरण किया गया एवं कम्प्यूटर के माध्यम से सूचीकरण कर ग्रन्थों का स्थानान्तरण तिब्बती अनुभाग में किया गया।
3. नए ग्रन्थों का स्लिम साफ्टवेयर के माध्यम से प्रतिलिपि जाँच की गयी।
4. माँग के आधार पर ग्रन्थों की तकनीकी प्रक्रिया पूर्ण की गयी।
5. सभी तिब्बती ग्रंथों को कोलन वर्गीकरण पद्धति की सहायता से वर्गीकरण (सी.सी. तिब्बती संस्करण) और सूचीकरण स्लिम लाइब्रेरी साफ्टवेयर में की गयी।
6. आवेदकों को संदर्भ सेवा प्रदान की गयी।

1.4 अनुभाग में कार्यरत कर्मचारियों की सूची

1. श्री राजेश कुमार मिश्र, प्रलेखन अधिकारी
2. श्री रवि कान्त पाल, प्रोफेसनल असिस्टेण्ट
3. श्री तेनजिन छुंडक, सेमी प्रोफेसनल असिस्टेण्ट (संविदा)
4. श्रीमती डिक्की डोल्मा, सेमी प्रोफेसनल असिस्टेण्ट (संविदा)
5. सुश्री नवङ लोछो लामा (संविदा)
6. श्रीमती मीना, ग्रंथालय परिचारिका
7. श्री शिवबचन शर्मा, विविध कार्य कर्मचारी

2. सामयिकी, पत्र-पत्रिका व सन्दर्भ अनुभाग

2.1 अवाप्ति-

आलोच्य वर्ष 2022-23 में अनुभाग द्वारा सामयिकी एवं समाचार, पत्र-पत्रिकाओं की अवाप्ति पर ₹ **4,03,452.00** व्यय किये गये, जिनका विवरण निम्नवत् है-

क्रम सं.	फर्म का नाम	सामयिकी का प्रकार	शीर्षक	भाग	कुल प्राप्त अंक	मूल्य
1.	भारतीय प्रकाशन	राष्ट्रीय सामयिकी	7	7	19	2500.00
2.	विदेशी प्रकाशन	विदेशी जर्नल	9	9	32	368110.00
3.	आभार स्वरूप	आभार स्वरूप प्राप्त	25	25	28	00.00
4.	विनिमय सामयिकी	विनि. सामयिकी	4	4	4	00.00
5.	स्थानीय विक्रेता	समाचारपत्र-पत्रिका एवं (18)	18	19	196	32842.00
	योग		**63**	**64**	**279**	**403452.00**

2.2 सेवाएँ-

1. आलोच्य वर्ष में सामयिकीयों में उपलब्ध **228 आर्टिकल्स** का स्लिम डेटाबेस में इनपुट किया गया। इस समय डेटाबेस में कुल लेख प्रविष्टियों की संख्या **18163** हो गई है।
2. वर्तमान सत्र में **1745** प्रेस क्लिपिंग को स्कैन किया गया इस समय डेटाबेस में कुल संख्या **24784** हो गई है।

3. अनुभाग में बाइंडिग हेतु लगभग **350** शैक्षणिक जर्नल्स की सूची तैयार की गयी।
4. पाठकों के मांग पर सामयिकीयों में प्रकाशित लेखों की छाया प्रति उपलब्ध करायी गया।
5. विश्वविद्यालय के छात्रों को उनके शोध से संबंधित संदर्भ सेवाएं (ग्रंथ) उपलब्ध करायी गयी।

2.3 अनुभाग में कार्यरत कर्मचारियों की सूची

1. श्री कृष्णानन्द सिंह, प्रोफेसनल असिस्टेण्ट
2. श्री सतीश कुमार राय, दैनिक वेतनभोगी

3. तिब्बती अनुभाग

शांतरक्षित ग्रंथालय के तिब्बती अनुभाग को कग्यूर (बुद्ध वचन) और तेंग्यूर (बुद्ध वचनों पर भारतीय बौद्ध आचार्यों की संग्रह) के रूप में जाना जाता है। संस्कृत से तिब्बती में अनुवादित बौद्ध साहित्य इस अनुभाग का एक महत्वपूर्ण संग्रह है। बौद्ध अध्ययन के इस विशाल संग्रह में कग्यूर व तेंग्यूर के कई संस्करण हैं। इसके साथ, बोनपो (तिब्बत में बौद्ध धर्म से पहले का स्वदेशी धर्म) के ग्रंथों और सुंगबुम (विभिन्न तिब्बती विद्वानों के समग्र) भी उपलब्ध हैं। तिब्बती चिकित्सा (Sowa-Rigpa), तिब्बती ज्योतिष, भाषा विज्ञान, साहित्य, इतिहास और समकालीन पुस्तक प्रारूप में तिब्बती पत्रिकाएँ भी इसके संग्रह का अपरिहार्य हिस्सा हैं। तिब्बती अनुभाग में कग्यूर और तेंग्यूर के निम्नलिखित भौतिक प्रारूप हैं।

i. तिब्बती अनुभाग में वर्तमान में कग्यूर (पोथी, देब-चेन और ग्रंथ) और तेंग्यूर (पोथी, देब-चेन और ग्रंथ) रुप में विभिन्न संस्करण विद्यमान हैं।
ii. ग्रंथ प्रारुप में पाली और चीनी त्रिपिटक।

3.2 वर्तमान समय में तिब्बती अनुभाग में कुल धारित प्रलेख-

ग्रंथ का प्रकार	शीर्षक	प्रतियां	आख्या
ग्रंथ	8601	28309	कैटलॉग ब्राउजर में नई पूछताछ से उत्पन्न रिपोर्ट के अनुसार तिब्बती भाषा में ग्रंथ के साथ ग्रंथ के प्रकार का प्रावधान
पोथी	1557	7850	ग्रंथ के प्रकार के अनुसार रिपोर्ट
देबचेन	481	1959	"
पत्रिका	279	2143	कैटलॉग ब्राउजर में नई पूछताछ से उत्पन्न रिपोर्ट के अनुसार तिब्बती भाषा में ग्रंथ के साथ ग्रंथ के प्रकार का प्रावधान
कुल	**10918**	**40261**	2022-23

3.3 तकनीकि कार्य:

1. तिब्बती अनुभाग के कुल ग्रंथ संग्रह में से 75 प्रतिशत ग्रंथों की तकनीकी प्रक्रिया पूर्ण की गयी।
2. क्रमांक संख्या के अनुसार पाठकों के लिए शेल्फ गाइड प्रदान किया गया था।
3. सभी तिब्बती आरक्षित प्रति को संदर्भ अनुभाग में स्थानांतरित कर दिया।
4. कंप्यूटर (स्लिम) में क्रमांक संख्या प्रदान करते समय कैटलॉग के एक्सेस पॉइंट को भी संपादित/सही किया गया था।
5. ग्रंथों पर क्रमांक संख्या का ट्रांसक्रिप्शन और ट्रांसक्राइबिंग (बुक पॉकेट चिपकाना, लेबलिंग) पूरा किया गया।
6. ग्रंथों की 334 विश्लेषणात्मक प्रविष्टि तैयार की।
7. तिब्बती ग्रंथों और पोथी को अधिग्रहण अनुभाग में स्थानांतरित कर दिया गया था।

8. स्लिम (कंप्यूटर डेटाबेस) में ग्रंथों के 5735 अपूर्ण कैटलॉग के साथ-साथ पोथियों को भी प्रविष्ट किया गया था।
9. सुम्बम संग्रह से पुराने पोथियों की विश्लेषणात्मक प्रविष्टियों का सम्पादन किया गया।
10. पाठक सेवाओं के लिए उचित शेल्विंग बनाए रखने के लिए समय-समय पर शेल्फ सुधार किया गया है।

3.4 अंतर-ग्रंथालय सेवाएं:

1. अवाप्ति अनुभाग: अवाप्ति अनुभाग के रिकॉर्ड के संदर्भ में, खरीदने से पहले 1190 नए ग्रंथों की डुप्लिकेट जाँच की गयी।
2. मल्टीमीडिया अनुभाग के लिए समन्वय कार्य: तिब्बती अनुभाग आंतरिक सेवा रिकॉर्ड बुक के संदर्भ में इस अनुभाग ने डिजिटलीकरण के लिए मल्टीमीडिया अनुभाग को 25 ग्रंथ डिजिटाइजेशन हेतु चिन्हित कर प्रदान किए।
3. आदान-प्रदान अनुभाग: अनुभाग कर्मचारी सुश्री टशी ल्हामो को समय-समय पर सम्बन्धित कर्मचारी के अवकाश पर होने पर आदान-प्रदान अनुभाग में सेवा प्रदान की।

3.5 पाठक सेवाएं:

शैक्षणिक विद्वानों, पीएचडी विद्वानों, रिसर्च फेलो के साथ-साथ सामान्य पाठकों को प्रभावी पाठक सेवाएं प्रदान की गई हैं। रीप्रोग्राफिक अनुभाग की मदद से पाठकों ने तिब्बती प्रलेखों के 762 पृष्ठों की फोटोकॉपी ली है। सेवाओं का विवरण नीचे दिया गया है।

1. अध्ययन कक्ष सेवा।
2. शेल्फ पर ग्रंथ की खोज।
3. ग्रंथपरक सेवा।
4. आलेख अनुक्रमणिका।
5. विशेष सूची प्रिंट में।
6. बीडीआरसी (बुद्धिस्ट डिजिटल रिसोर्स सेण्टर) पोर्टल पर ऑनलाइन खोज।

3.6 अनुभाग में कार्यरत कर्मचारियों की सूची

1. श्री लोब्संग वांगड्, प्रोफेसनल असिस्टेण्ट (प्रभारी, तिब्बती अनुभाग)
2. श्री चोंगा छेरिंग, संविदा
3. श्रीमती टशी ल्हामो, संविदा
4. श्री अनिल कुमार यादव, संविदा

4. आदान-प्रदान अनुभाग

ग्रंथालय का आदान प्रदान अनुभाग ग्रंथालय में नए सदस्यों का पंजीकरण, सदस्यता नवीनीकरण, ग्रंथों का आगम, निर्गम, आरक्षण, अदेयता प्रमाण पत्र जारी करना तथा ग्रंथालय उपयोग की सूचनाओं का संग्रहण एवं अन्य सम्बन्धित कार्य सम्पादित करता है।

वित्तीय वर्ष 2022-23 में अनुभाग द्वारा पंजीकृत ग्रंथालय सदस्यों का विवरण निम्नवत है-

सदस्यता का प्रकार	संख्या
विद्यार्थी	342
कर्मचारी	062

तदर्थ तथा अनुरोध सदस्य	024
विभागीय	07
अतिथि सदस्य	02
निदेशक कक्ष	01
योग	**438**

4.1 वर्ष 2022-23 में 124 नये ग्रंथालय सदस्यों का नामांकन किया गया, जिनमें 82 विद्यार्थी, 04 कर्मचारी, 24 गैर-नियमित सदस्य, 01 विभागीय व 13 अस्थायी सदस्य सम्मिलित हैं। इस अवधि में 62 अदेयता प्रमाणपत्र जारी किए गए।

4.2 वर्ष 2022-23 में आदान, प्रदान, आरक्षण आदि से सम्बन्धित 45290 प्रविष्टियों का ग्रन्थालय डेटाबेस में निवेश किया गया।

4.3 वर्ष 2022-23 में ग्रंथालय के संग्रह से 4490 ग्रंथ पाठकों द्वारा आहरित किए गए तथा 4517 ग्रंथ वापस किए गए।

4.4 आलोच्य वर्ष में कुल 35902 पाठकों ने ग्रंथालय का प्रयोग किया।

4.6 अनुभाग में कार्यरत कर्मचारियों की सूची

1. श्रीमती तेनजिन कलदेन, (संविदा)

5. संचयागार अनुभाग

भूतल व प्रथम तल पर अवस्थित विशिष्ट संग्रहों सहित सभी मुद्रित ग्रंथों (तिब्बती भाषा के अतिरिक्त) का संचयागार कोलन वर्गीकरण पद्धति के छठे संस्करण के आधार पर विषय क्रम से व्यवस्थित है, यह अनुभाग इस संग्रह पर आधारित सेवाएं प्रदान करने के साथ-साथ संग्रह के संरक्षण व रखरखाव की व्यवस्था सुनिश्चित करता है।

संचयागार द्वारा प्रदान सेवाओं एवं रख-रखाव के कार्यों का विवरण निम्न तालिका में प्रस्तुत है-

5.1 सेवाएँ-

1.	संचयागार में आए पाठकों की संख्या (मांग पर्चियों की संख्या के आधार पर)	501
2	फलक से निकाले गए ग्रंथों की संख्या (मांग पर्चियों की संख्या के आधार पर)	736
3.	अध्ययन कक्ष से फलक पर व्यवस्थित किए गए ग्रंथों की संख्या	18415
4.	विशेष संग्रह से प्रदान की गई पाठक सेवाएं	21

5.2 संग्रह में आए नए ग्रन्थ तथा संचयागार का रख-रखाव-

1.	संग्रह में आए नए ग्रंथों की संख्या	113
2.	तकनीकी सुधार हेतु निकाले गए ग्रंथों की संख्या	182
3.	तकनीकी सुधार के पश्चात संग्रह में आए पुराने ग्रंथों की संख्या	264
4.	संग्रह संशोधन	A, B, O, M, N, X, W, Q, R,T, LJC, KNC, AKS,
5.	ट्रांसक्राईब किए गए नए व पुराने ग्रंथों की संख्या	610

5.3 अनुभाग में कार्यरत कर्मचारियों की सूची

1. डॉ. देवी प्रसाद सिंह, प्रोफेसनल असिस्टेण्ट (जुलाई 2022 तक)
2. श्री रमेशचन्द्र सिंह, प्रोफेसनल असिस्टेण्ट (जुलाई 2022 तक)
3. श्रीमती तेनजिन रिगसंग, प्रोफेसनल असिस्टेण्ट
4. श्री विजय कुमार पटेल, ग्रंथालय परिचारक
5. मु. मुमताज, ग्रंथालय परिचारक

6. मल्टीमीडिया अनुभाग

ग्रन्थालय का मल्टीमीडिया अनुभाग, अत्याधुनिक तकनीकी सुविधाओं से सुसज्जित है। ग्रन्थालय का यह अनुभाग डिजिटल प्रलेख, माइक्रोफिल्म, माइक्रोफिश, आडियो-विडियोकैसेट्स, सी.डी., डी.वी.डी एवं डिजिटल आदि प्रारूपों में उपलब्ध प्रलेखों का निर्माण, संग्रहण, संवर्धन व संरक्षण करता है तथा इन प्रलेखों पर आधारित पाठक सेवाएँ प्रदान करता है। विश्वविद्यालय के समस्त शैक्षणिक कार्यक्रमों की फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी कर प्राप्त प्रलेखों का तकनीकि सम्पादन कर उन्हें संग्रह व सेवा के लिए उपयुक्त बनाता है साथ ही शैक्षणिक उद्देश्य हेतु फोटोकापी, स्कैनिंग, प्रिंटिंग व प्रतिलिपिकरण की सेवा भी प्रदान करता है। अनुभाग संस्थान की प्रमुख गतिविधियों का सोशलमीडिया पर सीधा प्रसारण तथा डिजिटल सामग्री का प्रबंधन भी करता है। अनुभाग द्वारा देश के सुदूर व दुर्गम स्थानों में उपलब्ध बौद्धधर्म एवं दर्शन की प्राचीन पाण्डुलिपियों व ग्रंथों के डिजिटलीकरण का कार्य भी सम्पादित किया जाता है। मल्टीमीडिया अनुभाग समय की बदलती जरूरतों और तकनीक के अद्यतन बने रहने के लिए सतत् प्रयासरत रहता है। अस्सी के दशक में यह अनुभाग सक्रिय रूप से माइक्रोफॉर्म के कार्य में लगा हुआ था तथा नब्बे के दशक में अनुभाग ने मैग्नेटिक टेपों के साथ काम किया और अब यह अनुभाग संस्थान के लिए डिजिटलीकरण कार्य का केंद्र है। नवीनतम आई.सी.टी. उपकरण से लैस यह अनुभाग दुर्लभ बौद्ध पांडुलिपि और मूल्यवान प्रलेखों को डिजिटल रूप से संरक्षित करने के लिए डिजिटलीकरण कार्य से जुड़ा हुआ है।

1. आडिओ वीडियो एवं फोटो प्रलेखन

वर्ष 2022-2023 में संस्थान के निम्नलिखित कार्यक्रमों की फोटोग्राफी, विडियोग्राफी एवं विडियोसंपादन कर ग्रन्थालय में संग्रहण तथा पाठकों/उपयोगकर्ताओं के लिए उपलब्ध कराए हैं।

1. 21 अप्रैल 2022 - "छात्रों और कुलपति के बीच बातचीत" का वीडियोग्राफी, संपादित और संरक्षित किया गया।
2. 21 जून 2022 - "अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2022" का वीडियोग्राफी, संपादित और संरक्षित किया।
3. 30 जुलाई 2022 - "राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर राष्ट्रीय सम्मेलन" का वीडियोग्राफी संपादित और संरक्षित किया गया।
4. 4 अगस्त 2022 - प्रो. एल.एम. जोशी मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन समारोह" का वीडियोग्राफी, संपादित किया गया।
5. 2 सितंबर 2022 - "सांस्कृतिक कार्यक्रम" का वीडियोग्राफी, संपादित किया गया।
6. 18 से 20 अक्टूबर 2022 - नैक पीयर टीम की निरीक्षण की संपूर्ण कार्यवाही का कवरेज।
7. 20 अक्टूबर 2022 - "नैक पीयर टीम विजिट की एग्जिट मीटिंग" का वीडियोग्राफी, संपादित और संरक्षित किया गया।

8. 4 नवंबर 2022 - प्रोफेसर समदोंग रिनपोछे द्वारा आचार्य अतिश दीपांकर श्रीज्ञान द्वारा रचित " बोधिपथप्रदीप" का शिक्षण " का (लाइव वेबकास्ट) सीधा प्रसारण तथा वीडियोग्राफी, संपादित किया गया।
9. 5 नवंबर 2022 - महामहिम प्रो. समदोंग रिनपोछे को "तेनशुग भेंट कार्यक्रम" का (लाइव वेबकास्ट) सीधा प्रसारण तथा वीडियोग्राफी, संपादित किया गया।
10. 05 नवंबर 2022 - "प्रो. समदोंग रिनपोछे का जन्मदिन समारोह" का (लाइव वेबकास्ट) सीधा प्रसारण तथा वीडियोग्राफी, संपादित और संरक्षित किया गया।
11. 6 नवंबर 2022 - संस्थान का पुरातन छात्रों द्वारा आयोजित "तिब्बती और हिमालयी अध्ययन पर दूसरा अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन" का (लाइव वेबकास्ट) सीधा प्रसारण तथा वीडियोग्राफी, संपादित और निर्यात किया गया।
12. 26 नवंबर 2022 - "भारतीय संविधान दिवस - प्रस्तावना पढ़ना" का वीडियोग्राफी, संपादित और निर्यात किया गया।
13. 26 नवंबर 2022 - "विशेष वार्ता - संविधान दिवस 2022" का वीडियोग्राफी, संपादित और संरक्षित किया गया।
14. 16 दिसंबर 2022 - "माननीय संस्कृति मंत्री श्री जी किशन रेड्डी द्वारा संस्थान के निरीक्षण" की वीडियोग्राफी कर संपादित किया गया।
15. 18 जनवरी 2023 - प्रोफेसर जे गारफील्ड द्वारा "अभिनवगुप्त और दया कृष्ण के बीच: केसी भट्टाचार्य ऑन अदर माइंड्स" शीर्षक पर व्याख्यान की वीडियोग्राफी कर संपादित किया गया।
16. 12 से 14 फरवरी 2023 - आयोजित "वरिष्ठ छात्रों के शीतकालीन शिविर" की वीडियोग्राफी कर संपादित किया गया।
17. 1 से 15 मार्च 2023 - आयोजित "15 दिवसीय सोवा रिग्पा इंडक्शन प्रोग्राम" की वीडियोग्राफी कर संपादित किया गया।
18. 4 मार्च 2023 - आयोजित "केदारनाथ सिंह सम्मान समारोह" की वीडियोग्राफी कर संपादित और संरक्षित किया गया।
19. 4 मार्च 2023 - "बुद्ध की धरती पर कविता" (उद्घाटन सत्र) का वीडियोग्राफी, संपादित और संरक्षित किया गया।
20. 19 से 20 मार्च 2023 - "छात्र कल्याण समिति का स्वर्ण जयंती समारोह" का वीडियोग्राफी संपादित किया गया।
21. 27 मार्च 2023 - आयोजित "अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस" का वीडियोग्राफी, संपादित और संरक्षित किया गया।
22. 30 मार्च 2023 - "डायलेक्टिक्स के माध्यम से आधुनिक विषयों की शिक्षाशास्त्र" का वीडियोग्राफी संपादित और संरक्षित किया गया।

उपरोक्त प्रमुख कार्यकार्मों के अतिरिक्त इस वर्ष संस्थान में विभिन्न विषयों पर प्रतिष्ठित विद्वानों द्वारा दिए गए कई व्याख्यानों एवं वार्ताओं की भी फोटोग्राफी व वीडियो रिकॉर्डिंग की गई तथा संसाधित होने के बाद ग्रंथालय के मल्टीमीडिया अनुभाग के संग्रह में संरक्षित की गयी। यह अनुभाग संदर्भ और रिकॉर्ड के लिए संस्थान में होने वाली प्रत्येक घटना की फोटोग्राफी का भी प्रलेखीकरण करता है।

2. आडिओ कैसेट्स का डिजिटलीकरण

आलोच्य वर्ष में अनुभाग द्वारा 507 घंटों की अवधि के 390 शीर्षकों वाले 108 आडीओ कैसेटों का एमपी-3 फार्मेट में रूपान्तरण किया गया।

3. दुर्लभ ग्रन्थों एवं प्रलेखों का डिजिटलीकरण

1. "जेडुब सी की सेलजे नीमई वोज़ेर मैनथोस दोर्जे सुंगबूम" के 4 संस्करणों का स्कैनिंग।
2. "द कॉर्पस ऑफ हिज होलीनेस कुंडोल डाकपा" का 1 संस्करणों का स्कैनिंग।
3. "जापे रिनछेन डोनसेल लेस जोरडु ठुलगी देमिग" का 1 संस्करणों का स्कैनिंग।
4. संस्थान की 26 पीएच.डी. थीसिस की स्कैनिंग।
5. माइक्रोफिच में संरक्षित "भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा बौद्ध क्षेत्र पर रिपोर्ट" के 8162 फोलियो को स्कैन किया गया।
6. 14 मई से 25 जून 2022 तक अरुणाचल प्रदेश के तवांग मठ में संरक्षित गोल्डन काग्यूर के 97 खंड, 58369 पृष्ठों का डिजिटल फोटोग्राफी किया गया।
7. 14 मई से 25 जून 2022 तक अरुणाचल प्रदेश के तवांग मठ में संरक्षित हस्तलिखित काग्यूर के 113 खंडों और 15 अन्य दुर्लभ पांडुलिपियों का कुल 85889 पृष्ठों का डिजिटल फोटोग्राफी किया गया।

4. ऑडियो- वीडियो संग्रह का ऑनलाइन प्रसार

1. अनुभाग द्वारा वीडियोग्राफी तथा संपादित की गई 2 वीडिओ फाइलें 2022-2023 के दौरान सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म यूट्यूब (Youtube) पर अपलोड कर उपयोगकर्तों के लिए उपलब्ध हैं। www.youtube.com/centraluniversityoftibetanstudies
2. अनुभाग द्वारा संपादित 33 वीडिओ फाइलें 2022-2023 के दौरान सोशल मीडिया के फेसबुक पेज पर अपलोड कर उपयोगकर्तों के लिए उपलब्ध हैं। www.facebook.com/CIHTS.
3. अनुभाग द्वारा 2022-2023 के दौरान संस्थान के विभिन्न गतिविधियों के 58 फोटो एलबम सोशल मीडिया फेसबुक पेज पर अपलोड कर प्रचारित किया गया हैं। www.facebook.com/CIHTS
4. अनुभाग द्वारा 2022-2023 के दौरान संस्थान की विभिन्न गतिविधियों के 37 पोस्ट सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम www.instagram.com/cihts_sarnath पर अपलोड किए गए।
5. अनुभाग द्वारा 2022-2023 के दौरान सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर https://twitter.com/CIHTS_SARNATH पर संस्थान की विभिन्न गतिविधियों के 30 ट्वीट और अन्य 294 रीट्वीट किए गए।

5. पाठक सेवाएँ

आलोच्य वर्ष में अनुभाग द्वारा कार्यालयी एवं शैक्षणिक उद्देश्यों से निम्नलिखित विभिन्न सेवाएं प्रदान की गई।

1. शैक्षणिक एवं आधिकारिक उद्देश्य हेतु 31747 पृष्ठों की फोटोकॉपी, मुद्रित और 944 पृष्ठों का स्कैन किया गया।
2. संस्थान के नए पहचान पत्र के लिए लगभग 523 छात्रों और 197 कर्मचारियों की तस्वीरें ली गई।
3. लगभग 12 समितियों एवं विभागों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप स्टिल फोटो की प्रतियां उपलब्ध करायी गयी।
4. आधिकारिक उद्देश्य हेतु 94 सेट स्पाइरल बाइंडिग किया गया।

5. यह अनुभाग न्यूनतम भुगतान पर उपयोगकर्ताओं/पाठकों को भौतिक (हार्ड कॉपी) और डिजिटल (सॉफ्ट कॉपी) की रिप्रोग्राफिक संबंधित सेवाओं प्रदान करता है। आलोच्य वर्ष में अनुभाग द्वारा शान्तरक्षित ग्रंथालय के संग्रह में उपलब्ध ऑडियो-विजुअल डुप्लिकेट, दस्तावेजों की स्कैनिंग, प्रिंटिंग और फोटोकॉपी जैसी रिप्रोग्राफिक सेवाओं से कुल ₹ 63246.00 प्राप्त हुए।
6. अनुभाग द्वारा वर्तमान जागरूकता सेवाएं, परामर्श, संदर्भ तथा पाठक सेवाएं प्रदान की गयी।
7. अनुभाग के संग्रह तथा आईसीटी उपकरणों का रखरखाव।

6. अन्य गतिविधियाँ

1. मल्टीमीडिया अनुभाग द्वारा एक नया प्रदर्शनी कक्ष स्थापित किया गया जो अनुभागों द्वारा पहले उपयोग किए गए पुराने मल्टीमीडिया उपकरणों तथा ऑफसाइट डिजिटलीकरण कार्य की गतिविधियाँ को प्रदर्शित करता है।
2. सभी प्रदर्शित पुराने उपकरणों की संक्षिप्त जानकारी के साथ टैगिंग किया गया।
3. श्री तेनज़िन दोन्यो और श्री कलदेन गुरुङ को अरुणाचल प्रदेश के तवांग मठ में संरक्षित स्वर्ण काग्यूर और हस्तलिखित काग्यूर को डिजिटाइज़ेशन के लिए नियुक्त किया गया था। उन्होंने 14 मई से 25 जून 2022 के दौरान कुल 225 वॉल्यूम, 144258 पेज स्कैन किए।
4. श्री तेनज़िन दोन्यो ने NAAC पीयर टीम का निरीक्षण दौरे से पूर्व IQAC द्वारा नियुक्त "प्रेजेंटेशन, पोस्टर और बैनर डिजाइनिंग के लिए उपयोग की जाने वाली तस्वीरों के चयन समिति" के लिए सहायता की।
5. संस्थान के नए पहचान पत्र का डिजाइन लेआउट तैयार किया।
6. संस्थान की लगभग 720 छात्रों और कर्मचारियों के लिए नई पहचान पत्र तैयार कर मुद्रित किया गया।
7. "सतर्क भारत, समृद्ध भारत" कार्यक्रम के लिए कई पोस्टर डिज़ाइन और तैयार किए गए।
8. बुद्ध जयंती-2022 के लिए बैनर डिज़ाइन और तैयार किया गया।
9. NAAC पीयर टीम का निरीक्षण दौरे से पूर्व कई बैनर और पोस्टर डिजाइन और तैयार किए गए।
10. "मल्टीमीडिया अनुभाग में माइक्रोफिच एवं माइक्रोफिल्म बॉक्स की सूची" की एक्सेसन रजिस्टर 2-5 का इनपुट एवं संपादन किया गया।
11. शांतरक्षित ग्रन्थालय में माइक्रोफॉर्म संग्रह में संस्कृत बौद्ध पांडुलिपियों की सूची का संपादन और मुद्रण किया गया।
12. कुलपति कार्यालय के आदेश के संदर्भ में, श्री दोर्जे बूम ने 3 इच्छुक छात्रों को वीडियोग्राफी, संपादन और प्री और पोस्ट-प्रोडक्शन प्रक्रिया में अनौपचारिक प्रशिक्षण दिया गया।
13. श्री दोर्जे बूम ने वाराणसी दूरदर्शन केंद्र टीम द्वारा वीडियो डॉक्यूमेंट्री परियोजना के संबंध में संस्थान की यात्रा के दौरान उनकी सहायता किया गया।
14. श्री स्तानजीन तोनयोद को 11 नवंबर से 22 नवंबर 2023 तक 51वें GSWC के वार्षिक ऑडिट कार्य को पूरा करने के लिए ऑडिट टीम के सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया।
15. श्री स्तानजीन तोनयोद को 13 दिसंबर 2022 से 7 जनवरी 2023 तक बोधगया, बिहार में परम पावन दलाई लामा जी के उपदेशों के दौरान संस्थान के छात्रों और कर्मचारियों के लिए भोजनालय और आवास की व्यवस्थापक सदस्य के रूप में प्रतिनियुक्त किया गया।

16. श्री कलदेन गुरुङ को 3 फरवरी 2023 से 14 फरवरी 2023 तक भोजन प्रबंधन समिति के वार्षिक ऑडिट कार्य करने के लिए ऑडिट टीम के सदस्य के रूप में प्रतिनियुक्त किया गया।

7. अनुभाग में कार्यरत कर्मचारियों की सूची

1. श्री तेनजिन दोन्यो, अनुभाग प्रभारी, संविदा
2. श्री पाल्देन छेरिंग, संविदा
3. श्री दोर्जे बूम, कनिष्ठ लिपिक
4. श्री कलदेन गुरुङ, संविदा
5. सुश्री तेनजिन छोमो, संविदा
6. श्री टाशी दोनडूप, संविदा
7. श्री स्तानजीन तोनयोद, संविदा
8. श्री राकेश गुप्ता, दैनिक वेतनभोगी

7. कम्प्यूटर अनुभाग

ग्रंथालय के संगणक अनुभाग द्वारा सूचना तकनीक से सम्बन्धित समस्त उपकरणों एवं सेवाओं के क्रय एवं अवाप्ति हेतु अनुशंसा एवं उनका संरक्षण तथा प्रबंधन किया जाता है तथा संस्थान के छात्रों के लिए कम्प्यूटर अनुप्रयोग में प्रमाणपत्र व डिप्लोमा पाठ्यक्रमों (सी.सी.ए. व डी.सी.ए) का संचालन किया जाता है। साथ ही अनुभाग द्वारा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, कर्मचारियों एवं अस्थायी सदस्यों को इण्टरनेट, टेक्स्ट कम्पोजिंग एवं प्रिन्टिंग तथा अन्य कम्प्यूटर आधारित सेवाएँ प्रदान की जाती हैं। अनुभाग द्वारा विश्वविद्यालय के नेटवर्क, साफ्टवेयर, यूपीएस तथा सर्वर आदि का संचालन और अनुरक्षण भी किया जाता है।

संस्थान को शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के राष्ट्रीय ज्ञान आयोग (NKN) की नेशनल मिशन फॉर एजुकेशन थ्रू इन्फॉर्मेशन एण्ड कम्यूनिकेशन टेक्नॉलाजी (NME-ICT) योजना के अन्तर्गत भारत संचार निगम लिमिटेड द्वारा फाइबर आप्टिक आधारित जी.बी.पी.एस. इण्टरनेट कनेक्सन प्राप्त है जिसका प्रबन्धन व रखरखाव भी संगणक अनुभाग द्वारा किया जाता है। कंप्यूटर अनुभाग नेटवर्क सर्वर और इण्टरनेट सेवाओं सहित संस्थान के विभिन्न विभागों में संस्थापित 319 से अधिक कंप्यूटर, 50 प्रिंटर, 12 स्कैनर और 12 लैपटॉप, 17 स्मार्ट क्लास कक्ष, प्रोजेक्टर, डिजिटल पोडियम और संस्थान के अन्य आईटी उपकरणों और सेवाओं का संरक्षण व प्रबंधन करता है।

आलोच्य वर्ष 2022-23 में अनुभाग द्वारा सम्पादित प्रमुख कार्य निम्नवत हैं-

7.1 विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों हेतु सी.सी.ए./डी.सी.ए. पाठ्यक्रम का विधिवत संचालन तथा शैक्षणिक सत्र 2022-2023 के लिए सीसीए/डीसीए कोर्स से संबंधित अन्य कार्य की व्यवस्था की गयी।

7.2 विश्वविद्यालय परिसर नेटवर्क एवं इन्टरनेट तथा ग्रंथालय साफ्टवेयर तथा अन्य सम्बन्धित सेवाओं का समुचित प्रबन्धन किया गया।

7.3 छात्रों एवं विश्वविद्यालय कर्मचारियों की मांग पर कम्प्यूटर सेवाएं उपलब्ध करायी गयीं।

7.4 स्लिम ग्रंथालय साफ्टवेयर द्वारा संचालित डेटाबेस की समय-समय पर वर्ड इन्डेक्सिंग, बैक अप आदि का कार्य किया गया। स्लिम ग्रंथालय साफ्टवेयर से सम्बन्धित क्लाइंट इंस्टालेसन किया गया।

7.5 विश्वविद्यालय के विभिन्न अनुभागों के लिए आवश्यक हार्डवेयर, साफ्टवेयर की क्रय अनुशंसा एवं अनुरक्षण का कार्य सम्पादित किया गया।

7.6 अनुभाग वेबिनार/ऑनलाइन बैठक आयोजित करने और इसे प्रभावी ढंग से संचालन में सक्रिय रूप से भाग लेकर तकनीकी सेवाएं प्रदान की गयीं।

7.7 संस्थान परिसर में लगे सीसीटीवी का रखरखाव/प्रबंधन किया गया।

7.8 PFMS, URKUND, GLIS, PROBITY एवं SAP पोर्टलों के संचालन में सहयोग प्रदान किया एवं LIMBS पोर्टल पर आकड़ों के प्रबन्धन का कार्य किया।

7.9 अनुभाग संस्थान के लिए गूगल वर्कस्पेस को संचालन कर रहा है और संस्थान की ई-मेल नीति के अनुसार कर्मचारियों और छात्रों को ई-मेल आईडी प्रदान करता है।

7.10 कंप्यूटर अनुभाग द्वारा इस वर्ष संस्थान के विभिन्न विभागों में 05 स्मार्ट क्लास (मल्टीमीडिया नियंत्रक के साथ इंटरैक्टिव डिस्प्ले बोर्ड) की खरीदारी और स्थापना में शामिल है।

7.11 **अनुभाग में कार्यरत कर्मचारियों की सूची**

1. श्री निरंकार पाण्डेय, संविदा
2. श्री ओजस सांडिल्य, संविदा
3. श्री अन्वेष जैन, संविदा
4. श्री नन्दलाल, विविध कार्य कर्मचारी

ग्रंथालय कर्मियों के अन्य दायित्व

1. प्रलेखन अधिकारी, श्री राजेश कुमार मिश्र:-

I. प्रोफेसर, ग्रंथालय प्रभारी के अधीन ग्रंथालय के सभी अनुभागों के कार्यो का पर्यवेक्षण एवं रिपोर्टिंग करना।

II. ग्रंथ चयन समिति के सदस्य सचिव और इनफ्लिबनेट सेवाओं के लिए नोडल अधिकारी के रूप में कार्य करना।

III. गूगल वर्कस्पेस फॉर एजुकेशन फन्डामेंटल (निःशुल्क संस्करण) संस्थान हेतु प्राप्त कर स्थापित कर प्रबंधित किया। संस्थान के सभी सदस्यों के डोमेन नाम-आधारित ई-मेल आईडी की योजना का सफल क्रियान्वयन किया।

IV. शिक्षा मंत्रालय भारत के प्रोजेक्ट के रुप में दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालयों के कम्प्यूटरीकरण हेतु विकसित **समर्थ** नामक ई-गवर्नमेण्ट सूट (निःशुल्क) का परीक्षण प्रदर्शन कर संस्थान में प्रयोग हेतु स्थापित किया।

V. 9.9.2022 से प्रभारी अधिकारी (नियुक्ति) के रूप में कार्य कर रहे हैं। समर्थ भर्ती पोर्टल को स्थापित कर पोर्टल के माध्यम से 37 शैक्षणिक पदों का विज्ञापन किया।

VI. एक्सचेंज प्रोग्राम (06.01.2023) और लाइब्रेरी ओरिएंटेशन पाठ्यक्रमों के प्रतिभागियों को संबोधित किया। दिनांक 12.8.2022 को सीएसआईआर-आईआईटीआर लखनऊ में आमंत्रित व्याख्यान दिया।

VII. क्यूसीआई अध्ययन के लिए नोडल अधिकारी के रूप में क्यूसीआई टीम के दौरे (15-16.11.2022) का समन्वय किया तथा दिनांक 30.08.2022 को नई दिल्ली में आयोजित क्यूसीआई बैठक में भाग लिया।

VIII. 17-19.11.2022 - बीएचयू, वाराणसी में कैलिबर 2022 के सह-प्रतिवेदक के रूप में भाग लिया।

IX. 10-11.12.2022 - डॉ. हरि सिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (मध्य प्रदेश) में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लिया और एक सत्र की अध्यक्षता की व आमंत्रित व्याख्यान दिया।

X. 4-5.02.2023 - पार्श्वनाथ विद्यापीठ, वाराणसी में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लिया और एक सत्र की अध्यक्षता की व आमंत्रित व्याख्यान दिया।

XI. ऑनलाइन आर.टी.आई. वेब पोर्टल, सुओ-मोटो प्रकटीकरण आर.टी.आई., आदि के नोडल अधिकारी रूप में कार्य सम्पादित किया।

XII. नैक समिति, राजभाषा कार्यान्वयन समिति, वेबसाइट विकास समिति, एमएसीपी समितियों के अध्यक्ष/सदस्य सहित संस्थान की कुछ अन्य तदर्थ समितियों में अध्यक्ष/सदस्य के रुप में कार्य सम्पादित किया।

2. प्रोफेसनल असिस्टेण्ट **श्री रवि कान्त पाल** ने क्रय एवं आवप्ति समिति के सदस्य-सचिव का कार्य, पोर्टल पर खरीद, ई-निविदा, प्रबन्धन एवं ग्रन्थालय भण्डार प्रभारी का कार्य सम्पादित किया।

3. कार्यालय सहायक, संविदा, **श्री सुधृति विश्वास** ने जनसूचना अधिकार अनुभाग के अन्तर्गत कार्यालय सहायक का कार्य तथा इसके साथ ऑनलाइन आर.टी.आई. पोर्टल (आर.टी.आई.एम.आई.एस.) और सी.आई.सी. पोर्टल व केन्द्रीय जनसूचना अधिकार, ई-मेल का भी कार्य सम्पादित किया।

5. प्रशासन

संस्थान प्रशासन के मुख्यतः पाँच प्रमुख अंग हैं– सामान्य प्रशासन, कार्मिक प्रशासन, शैक्षणिक प्रशासन, वित्तीय प्रशासन एवं प्रकाशन विभाग। संस्थान की प्रमुख प्रशासनिक गतिविधियों को निम्नलिखित संगठन चार्ट के अनुसार संचालित किया जाता है–

कुलपति

कुलसचिव

प्रशासन-1	प्रशासन-2	परीक्षा अनुभाग	अनुरक्षण अनुभाग	वित्त अनुभाग	प्रकाशन विभाग
